CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 09-02-2026 Zone: Faridabad Edition: 1 Page: NBTFRFP User: cci Time: 02-08-2026 22:57 Color:



WATCH GOD WATCHDOG

वर्ष 80, संख्या 34 > पेज 14* > फरीदाबाद > मूल्य ₹3.50 या ₹8.50* द टाइम्स ऑफ इंडिया सहित www.nbt.in
*मासिक खरीद पर ही लागू



वैलंटाइंस वीक
Chocolate Day आज

# NBT नवभारत टाइम्स

एनबीटी में विज्ञापन देने के लिए 18001205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का अंक प्राप्त करने के लिए 18001200004 पर कॉल करें या subscribe.timesofindia.com पर जाएं।

जापान के चुनाव में ताकाइची भारी जीत की ओर
▸p10





आज के मैच

इटली vs स्कॉटलैंड
कोलकाता, सुबह 11 बजे से

ओमान vs जिम्बाब्वे
अहमदाबाद, दोपहर 3 बजे से

कनाडा vs साउथ अफ्रीका
अहमदाबाद, शाम 7 बजे से

टेलिकास्ट स्टार स्पोर्ट्स और जियो हॉटस्टार पर

## पप्पू यादव को मिला समर्थन


■ आईएएनएस, पटना : केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी पूर्णिया के सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव के समर्थन में आ गए हैं। रविवार को केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पप्पू यादव को कथित तौर पर पटना में NEET की तैयारी कर रही लड़की की संदिग्ध मौत का मामला सक्रिय रूप से उठाने पर गिरफ्तार किया गया है।



# सूरजकुंड हादसे में दो गिरफ्तार, SIT को जांच

■ NBT रिपोर्ट, फरीदाबाद

सूरजकुंड मेले में झूला गिरने के मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उनमें झूला संचालित करने वाली हिमालय फन फेयर कंपनी के मालिक मोहम्मद शाकिर और झूला प्रोवाइडर नितेश शामिल हैं। शाकिर पर गैर-इरादतन हत्या का केस दर्ज किया गया है। मामले की जांच के लिए स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (SIT) बनाई गई है। शनिवार को हुए हादसे में हरियाणा पुलिस के इंस्पेक्टर की मौत हो गई थी।



शाकिर

पुलिस ने बताया कि डीसीपी (क्राइम) मुकेश मल्होत्रा की अगुआई में SIT बनाई गई है। टीम वैज्ञानिक पहलुओं के आधार पर मामले की जांच कर रही है। हरियाणा के DGP अजय सिंघल ने कहा कि हादसे में जान गंवाने वाले इंस्पेक्टर जगदीश प्रसाद को शहीद का दर्जा दिया गया है। उनके परिवार को एक करोड़ रुपये की सहायता विभाग की ओर से दी जाएगी। परिवार के सदस्य को नौकरी दिलाई जाएगी। ▸▸ फरीदाबाद टाइम्स



रोज झूले का सर्टिफिकेशन होता है। हादसे वाले दिन भी हुआ था। परमात्मा की मर्जी से यह हादसा हुआ।
-अरविंद शर्मा, हरियाणा के पर्यटन मंत्री

### शटरिंग टूटी, 2 मौतें

नोएडा सेक्टर-142 में निर्माणाधीन इमारत में नौवीं मंजिल पर शटरिंग टूटने से दो मजदूरों की जमीन पर गिरने से मौत हो गई, जबकि एक घायल है। घायल मिथुन हादसे के दौरान नौवीं मंजिल से सातवें फ्लोर पर गिरा था। मिथुन के भाई मटू और एक अन्य मजदूर शिवू की जान चली गई। आरोप है कि घायलों को समय पर इलाज नहीं मिला। एक घायल को ई-रिक्शा से अस्पताल ले जाया गया।

## दिल्ली में बाइकर की मौत केस में दूसरी गिरफ्तारी उत्तर प्रदेश से

आरोपी बोला, सब-कॉन्ट्रैक्टर ने चुप रहने को कहा था

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: जनकपुरी में सड़क पर गड्ढे में गिरकर बाइकर कमल की मौत के मामले में फरार आरोपी योगेश को गिरफ्तार कर लिया गया है। पूछताछ में उसने बताया कि सब-कॉन्ट्रैक्टर राजेश प्रजापति ने उसे चुप रहने की सलाह दी थी। यही वजह है कि उसने पुलिस को हादसे की जानकारी नहीं दी। वह दिल्ली से घर के लिए निकल गया था। पुलिस ने उसे फिरोजाबाद से दबोचा।

हत्या या आत्महत्या

## पीरागढ़ी के पास खड़ी कार में तीन लोगों के शव मिले



लूटपाट के संकेत नहीं मिले हैं

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : आउटर डिस्ट्रिक्ट के पश्चिम विहार ईस्ट में रविवार दोपहर पीरागढ़ी फ्लाईओवर के पास खड़ी कार में 3 लोगों के शव मिले। मृतकों की पहचान रणधीर (70), शिव नरेश (35) और लक्ष्मी (35) के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक, रणधीर और शिव नरेश दिल्ली के बापरोला इलाके के रहने वाले थे। सूचना पर पहुंचे नरेश ने बताया कि रणधीर मेरे ताऊ हैं और शिव नरेश भी परिचित हैं। लक्ष्मी के बारे में पुलिस पता लगा रही है कि रणधीर और शिव नरेश के साथ वह कार में कैसे पहुंची। पुलिस ने बताया कि लूटपाट या जबरदस्ती के संकेत नहीं मिले हैं। कार से दो मोबाइल फोन, 3-4 हजार रुपये, महिला की ज्वेलरी और अस्पताल के कुछ पेपर मिले हैं। तीनों के परिवार वालों से भी पूछताछ चल रही है।

तीन शवों में एक बुजुर्ग, युवक और तीसरा महिला का

# मलयेशिया में मोदी ने कहा, आतंकवाद पर कोई समझौता नहीं होगा



भारतीय समुदाय के कार्यक्रम में मोदी और मलयेशिया के पीएम इब्राहिम

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि भारत और मलयेशिया के संबंध आने वाले समय में और अधिक मजबूत होंगे। मलयेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम से बातचीत के बाद मोदी ने कहा, 'आतंकवाद के मुद्दे पर भारत का रुख बिल्कुल साफ है। आतंकवाद पर न कोई समझौता होगा और न ही दोहरे मापदंड अपनाए जाएंगे।' मोदी ने कहा कि दोनों पक्ष इंडो-पैसिफिक में शांति और स्थिरता के लिए प्रतिबद्ध हैं। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय व्यापार में स्थानीय मुद्राओं को बढ़ावा देने के प्रयासों की सराहना की।

मोदी ने कहा, दोनों देशों के संबंध और अधिक मजबूत होंगे

### दोनों देशों के बीच हुए 11 समझौते

दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों की बातचीत के बाद 11 समझौते और दस्तावेजों पर साइन किए गए। इनमें व्यापार और निवेश, रक्षा, ऊर्जा, विनिर्माण, सेमीकंडक्टर, डिजिटल तकनीक, स्वास्थ्य और खाद्य सुरक्षा जैसे अहम क्षेत्र शामिल हैं। रक्षा सहयोग को भी आगे बढ़ाने पर दोनों पक्ष सहमत हुए। संयुक्त बयान में दोनों पीएम ने आतंकवाद के सभी रूपों, विशेषकर सीमा पार आतंकवाद की कड़े शब्दों में निंदा की।



NBT इरा

भीड़ का हिस्सा बनना उसकी फितरत नहीं। वह आज की नारी है, वह 'Gen She' है।

IRA 2026
बिना दिखावे के। बिना किसी बनावट के।
अपनी शर्तों पर जीने वाली निडर लड़कियां।

सुंदरता अब किसी की मोहताज नहीं।

हुनर और सौंदर्य की मिसाल बनें। आज ही रजिस्टर करें।

वॉट्सऐप नंबर - 7003890071

## ई-बसों में दिल्ली टॉप पर, बेड़े में नई 500 बसें

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

दिल्ली देश की सबसे बड़ी ई-बस सिटी बन गई है। दिल्ली ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन (DTC) के बेड़े में रविवार को 500 इलेक्ट्रिक बसें शामिल की गईं। इनमें 9 और 12 मीटर की 250-250 बसें हैं। इसके साथ ही उसके बेड़े में ऐसी 4,286 बसें हो गईं। दिल्ली ने ई-बसों के मामले में महाराष्ट्र को पीछे छोड़ा।

सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली में ई-बस का सबसे बड़ा बेड़ा बनना एक शुरुआत है। 2028 तक 14,000 ई-बसें DTC के बेड़े में शामिल करने का लक्ष्य है। DTC के अधिकारियों ने बताया कि रामलीला मैदान में 500 नई ई-बसों के जोड़ने के साथ ही, दिल्ली में अब कुल 4,286 इलेक्ट्रिक बसें संचालित हो रही हैं। ई-बसों के बढ़ने से दिल्ली न सिर्फ सबसे बड़ी ई-बस फ्लीट वाला राज्य बनती है, बल्कि ग्रीन मोबिलिटी और क्लीन ट्रांसपोर्ट का राष्ट्रीय मॉडल भी स्थापित करती है। इससे पहले देश में महाराष्ट्र के पास सबसे अधिक 4,001 ई-बसें थीं। अब दिल्ली और महाराष्ट्र के अलावा ई-बसों की संख्या के मामले में कर्नाटक तीसरे नंबर पर है।



ई-बसों की संख्या महाराष्ट्र से ज्यादा

## KMP के पास 'पंचग्राम' बसाएगा प्राधिकरण

■ NBT न्यूज, चंडीगढ़ : 135 किलोमीटर लंबा कुंडली-मानेसर-पलवल (केएमपी) एक्सप्रेसवे के दोनों और पांच शहर बसाने के लिए पंचग्राम विकास प्राधिकरण का गठन किया गया है। ये शहर दिल्ली में बढ़ते जनसंख्या दबाव को कम करने में अहम भूमिका निभाएंगे। उद्योग मंत्री राव नरबीर सिंह ने बताया कि 'विकसित भारत-2047' के विजन के तहत हरियाणा सरकार ने अपनी औद्योगिक नीति में कुछ संशोधन किए हैं, ताकि निवेश, रोजगार और आधारभूत ढांचे को नई गति मिल सके।

एक्सप्रेसवे किनारे पांच शहर बसाने की है योजना

## गड्ढे में छोड़ा कंपनी का गंदा पानी, डूबकर 6 साल की बच्ची की मौत

■ NBT न्यूज, बल्लभगढ़

छायंसा में एक कंपनी निर्माण के लिए खोदे गए गड्ढे में भरे पानी में डूबकर छह साल की बच्ची की मौत हो गई। हादसा शनिवार दोपहर हुआ। इस गड्ढे में पास स्थित कंपनी का वेस्ट वॉटर छोड़ा जा रहा था।

खेलने के दौरान बच्ची का पैर फिसला

पुलिस के मुताबिक, बुलंदशहर के केसरी गांव के रहने वाले मैनपाल छायंसा की एक रक्षा कंपनी में मजदूरी करते हैं। उनकी छह साल की बेटी दोपहर में घर के पास खेल रही थी। खेलते-खेलते वह कंपनी के लिए खोदे गए गड्ढे के पास पहुंच गई। इस गड्ढे में रक्षा कंपनी का गंदा पानी छोड़ा जा रहा था। पैर फिसलने से वह सीधे गड्ढे में जा गिरी। शोर सुनकर आसपास काम कर रहे लोगों ने बच्ची को बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। थाना प्रभारी कृष्ण कुमार ने बताया कि बच्ची के शव का पोस्टमॉर्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है।



छायंसा गांव में कंपनी के निर्माण के लिए यहां की गई थी खुदाई

## ट्रिपल स्यूसाइड केस में बच्चियों का फोन बरामद

■ NBT रिपोर्ट, टीएचए : गाजियाबाद की सोसायटी में 3 बच्चियों की आत्महत्या के मामले पुलिस ने रविवार को एक मोबाइल फोन जब्त कर लिया। इसी फोन में बच्चियां 6 महीने से कोरियन कंटेंट देख रही थीं। बताया जा रहा है कि बच्चियों के पिता ने फोन 15 दिन पहले पास की ही एक मोबाइल की दुकान पर बेचा था। पुलिस फॉरेंसिक लैब भेजकर फोन की जांच कराएगी। यह भी देखा जाएगा कि बच्चियां टास्क बेस्ड गेम तो नहीं खेल रही थीं, जिसकी वजह से उन्होंने जान दी। ▸▸ फरीदाबाद टाइम्स

पिता ने 15 दिन पहले बेच दिया था बेटी का मोबाइल फोन

NBT नवभारत टाइम्स Wealth

क्या आपने NBT Wealth लिया?
पर्सनल फाइनेंस की खबरें आपकी भाषा हिंदी में।

हर सोमवार पढ़ें NBT Wealth
सिर्फ 6 रुपये में
अपने वेंडर से संपर्क करें या 18001205474 पर भी कॉल कर सकते हैं।

NBT Wealth आपको कैसा लगता है, इसमें क्या पसंद आता है और क्या नहीं? क्या और चाहते हैं आप? ऐसे विषयों पर आप कॉल करके अपनी बात नोट करा सकते हैं। आपका संदेश संपादक तक पहुंच जाएगा।

कॉल करें 011-4978 0064 पर आज दिन में 11 से 12 बजे तक

### हैपी मॉर्निंग

कस्टमर: कब से खाने का ऑर्डर दिया हुआ है, क्या खाना बनाने में इतनी देर लगती है?
वेटर: सर, खाना तो तीन-चार दिन से बना पड़ा है। बस गर्म करने में ही थोड़ी देरी हो रही है।

### मौसम

अधिकतम तापमान 24.4°
10.2° न्यूनतम तापमान

सूर्यास्त 6:07 सोमवार | सूर्योदय 7:04 मंगलवार

कुछ जगह हल्की धुंध के आसार, प्रदूषण भी बढ़ सकता है।

# अमेरिका से ट्रेड डील में भारत के लिए पर्याप्त सुरक्षा उपाय: गोयल

■ पीटीआई, नई दिल्ली

वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने रविवार को कहा कि अमेरिका के साथ व्यापार समझौते में किसानों और घरेलू उद्योग के हितों की रक्षा के लिए पर्याप्त सुरक्षा उपाय किए गए हैं। गोयल ने कहा, 'भारत और अमेरिका दोनों ही कुछ विशिष्ट उत्पादों को लेकर संवेदनशील हैं और उन उत्पादों के लिए दोनों पक्षों ने सुरक्षा उपाय रखे हैं।'

केंद्रीय मंत्री ने कहा, दोनों देश कुछ उत्पादों पर संवेदनशील

गोयल ने कहा कि टैरिफ 18% होने के बाद, भारतीय सामान को अमेरिकी बाजारों में चीन व दूसरे प्रतिस्पर्धी देशों के उत्पादों की तुलना में फायदा मिलेगा। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा, 'इस समझौते में ऐसा कोई उत्पाद शामिल नहीं, जिससे किसानों को नुकसान हो। संवेदनशील वस्तुओं को समझौते से पूरी तरह बाहर रखा गया है।'



PTI

'भारत को दूसरे देशों से ज्यादा फायदा'

भारत ने डेयरी, GM प्रोडक्ट, मांस, मुर्गी पालन, सोया मील और मक्का पर किसी भी प्रकार के टैरिफ की छूट नहीं दी है।
-पीयूष गोयल, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री

US के साथ ट्रेड डील के बाद तैयारी

### रूसी तेल में कटौती होगी?

अमेरिका से ट्रेड डील के तहत भारत की ओर से रूस से कच्चे तेल की खरीद धीरे-धीरे कम करने की संभावना है। सूत्रों ने बताया कि हालांकि, नायरा एनर्जी जैसी तेल रिफाइनरी के पास सीमित विकल्प होने के कारण ये आयात अभी पूरी तरह बंद नहीं होंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को 25% के एक्स्ट्रा टैरिफ को रद्द करने के कार्यकारी आदेश पर साइन किए।

कहा- खबरें भ्रामक

## दलाई लामा के एपस्टीन से मिलने की बात खारिज

■ एएफपी, नई दिल्ली: दलाई लामा के ऑफिस ने रविवार को स्पष्ट किया कि तिब्बती बौद्ध धर्मगुरु का दोषी यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन से कभी कोई संबंध नहीं रहा और वह उनसे कभी मिले भी नहीं। चीन के सरकारी मीडिया ने दावा किया था कि अमेरिकी सरकार की ओर से जारी किए गए एपस्टीन फाइल्स में दलाई लामा का नाम सामने आया है। AFP ने फाइलों की जांच में पाया कि दलाई लामा का नाम 150 बार आया है, कहीं भी किसी मुलाकात का उल्लेख नहीं है। दलाई लामा के ऑफिस ने X पर लिखा कि रिपोर्ट भ्रामक है।



चीनी मीडिया ने किया था मिलने का दावा

RSS शताब्दी समारोह | भागवत ने कहा, संघ का नेतृत्व करने वाला हमेशा हिंदू ही होगा, चाहे जाति कुछ भी हो

# भागवत बोले, 75 साल का हो गया हूं, अगर संघ कहेगा तो पद छोड़ने को भी तैयार हूं



SC, ST से होना अयोग्यता नहीं है और न ही ब्राह्मण होना संघ प्रमुख बनने की योग्यता है।
-मोहन भागवत

मुंबई में शताब्दी वर्ष समारोह में बोले संघ प्रमुख

Brijesh.Tripathi@timesofindia.com

■ मुंबई: राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) प्रमुख मोहन भागवत ने रविवार को कहा, 'मैंने 75 साल पूरे कर लिए और RSS को इसकी सूचना भी दे दी, लेकिन संगठन ने मुझसे काम जारी रखने को कहा। जब भी संघ मुझसे पद छोड़ने को कहेगा, मैं पद छोड़ दूंगा लेकिन काम से कभी रिटायर नहीं होऊंगा।' भागवत ने कहा कि संघ का नेतृत्व करने वाला हमेशा हिंदू ही होगा, चाहे उसकी जाति कुछ भी हो।

भागवत RSS शताब्दी वर्ष समारोह के उपलक्ष्य में हुए एक कार्यक्रम में लोगों के सवालों के जवाब दे रहे थे। भागवत ने हल्के-फुल्के अंदाज में कहा कि संगठन अपने स्वयंसेवकों से खून के आखिरी कतरे तक काम निकलवाता है। संघ के इतिहास में अब तक ऐसी कोई स्थिति नहीं आई है जब किसी को रिटायर करना पड़ा हो। संघ का काम संस्कारों को बढ़ावा देना है, न कि चुनाव प्रचार करना। भागवत ने कहा, 'हम भारतीयों के साथ काम करना चाहते हैं। जहां भी अंग्रेजी जरूरी होगी, हम उसका उपयोग करेंगे। इससे आपत्ति नहीं है। लेकिन कोशिश यह रहती है कि हिंदी का इस्तेमाल ज्यादा हो।' ▸▸ पेज 5

अंग्रेजी में महारत हो, पर मातृभाषा भूलना ठीक नहीं: भागवत



CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 09-02-2026 Zone: Gurgaon Edition: 2 Page: NBTGRBP User: cci Time: 02-08-2026 22:55 Color:




NBT AI टाइम मशीन

## आज जारी हुआ था फोटो वाला स्टैंप

आज ही के दिन भारत में पहली बार किसी व्यक्ति के सम्मान में फोटो वाला डाक टिकट जारी किया गया था। उस दिन ब्रिटिश भारत सरकार ने नई दिल्ली को राजधानी बनाने के उपलक्ष्य में 6 डाक टिकटों का एक सेट जारी किया था जिसमें एक रुपये के टिकट पर शासक जॉर्ज पंचम का चित्र भी शामिल था, और बाकी टिकटों पर राजधानी के प्रमुख सरकारी भवनों की तस्वीरें थीं।



## भविष्य में QR कोड वाले होंगे टिकट

ChatGPT के मुताबिक, भविष्य में पारंपरिक पत्राचार लगभग खत्म हो जाएगा और अधिकतर संचार सुरक्षित डिजिटल माध्यमों से होगा। कागजी टिकटों की जगह डिजिटल टिकट, QR कोड आधारित ई-स्टैम्प या ब्लॉकचेन से प्रमाणित डाक शुल्क सिस्टम विकसित हो सकती है। इनका उपयोग केवल स्कैन या डिजिटल सत्यापन के माध्यम से होगा। संभव है कि टिकट इंटरैक्टिव हों, जिन्हें गैजेट्स से देखने पर लाइव जानकारी मिले।



AI Images

वर्षा जल संरक्षण से बदलेगी गाँव की तस्वीर
अब बनेंगे रूफटॉप रेनवॉटर हार्वेस्टिंग युक्त भवन और पौधरोपण से हरित ग्राम
CBC 33101/11/0011/2526



Viksit Bharat - Guarantee for Rozgar and Ajeevika Mission (Gramin) : VB - G RAM G
(विकसित भारत - जी राम जी) Act, 2025
125 दिन की रोज़गार गारंटी



विज्ञान का कमाल | यूनिवर्सल किडनी के रिसर्च की दिशा में बड़ी छलांग

# ब्लड ग्रुप बाधा टूटेगी, किडनी ट्रांसप्लांट होगा आसान


■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**किडनी ट्रांसप्लांट** को लेकर वैज्ञानिकों ने एक बड़ी और उम्मीद जगाने वाली सफलता हासिल की है। सालों की मेहनत के बाद शोधकर्ता अब उस मुकाम के करीब पहुंच गए हैं, जहां किसी भी ब्लड ग्रुप के डोनर की किडनी किसी भी मरीज को लगाई जा सकेगी। इससे किडनी के लिए लंबी वेटिंग लिस्ट कम होगी और हजारों जानें बच सकती हैं।

किडनी के लिए लंबी वेटिंग लिस्ट कम होगी, जानें बचेंगी

**ब्रेन डेड मरीज के शरीर में किया टेस्ट :** कनाडा और चीन के वैज्ञानिकों की एक संयुक्त टीम ने रिसर्च में एक ऐसी यूनिवर्सल किडनी तैयार की है, जिसे सैद्धांतिक तौर पर किसी भी मरीज के शरीर में लगाया जा सकता है। इस किडनी को एक ब्रेन-डेड व्यक्ति के शरीर में टेस्ट किया गया, जहां यह कई दिनों तक जिंदा रही और सामान्य रूप से काम भी करती रही। परिवार की सहमति से यह रिसर्च की गई थी।

AI Image



कनाडा, चीन के वैज्ञानिकों की टीम ने यूनिवर्सल किडनी तैयार की। | इस किडनी को एक ब्रेन-डेड व्यक्ति के शरीर में टेस्ट किया गया था।

### 'इलाज बेहतर बनाने का रास्ता खुला'

यूनिवर्सिटी ऑफ ब्रिटिश कोलंबिया के वैज्ञानिक स्टीफन विदर्स के मुताबिक यह पहली बार है जब इंसान के मॉडल में यह तकनीक काम करते हुए देखी है। इससे भविष्य में इलाज को बेहतर बनाने का रास्ता खुलेगा।

### अभी बहुत लंबा हो जाता है इंतज़ार

आज की स्थिति यह है कि जिन लोगों का ब्लड ग्रुप O होता है, उन्हें अधिकतर सिर्फ O ग्रुप की किडनी का ही इंतजार करना पड़ता है। ऐसे मरीज वेटिंग लिस्ट में सबसे ज्यादा होते हैं लेकिन O ग्रुप की किडनी की संख्या कम होती है। इसी वजह से इंतजार बहुत लंबा हो जाता है।

### अभी भी प्रक्रिया मौजूद लेकिन...

अभी अलग ब्लड ग्रुप में ट्रांसप्लांट करना संभव है, लेकिन मरीज के शरीर को पहले तैयार करना पड़ता है ताकि वह किडनी को रिजेक्ट न करे। यह प्रक्रिया महंगी, जोखिम भरी होती है और ज्यादातर मामलों में लिविंग डोनर की जरूरत पड़ती है। इसलिए यह तरीका सभी लोगों के लिए व्यावहारिक नहीं है।

### नई रिसर्च में आखिर क्या?

नई रिसर्च में वैज्ञानिकों ने खास एंजाइम का इस्तेमाल करके टाइप A किडनी को टाइप O जैसा बना दिया। ये एंजाइम किडनी पर मौजूद उन एंटीजन को हटा देते हैं, जिनसे ब्लड ग्रुप की पहचान होती है। हालांकि अभी पूरी तरह इंसानों पर ट्रायल शुरू होने में समय लगेगा। यह रिसर्च प्रतिष्ठित वैज्ञानिक जर्नल नेचर बायो मेडिकल इंजिनियरिंग में प्रकाशित हुई है।

### '10 लाख लोग किडनी की बीमारी से पीड़ित'

यशोदा मेडिसिटी सुपरस्पेशलिटी अस्पताल में किडनी ट्रांसप्लांट के प्रिंसिपल डायरेक्टर डॉ. एल के झा बताते हैं कि भारत में 10 लाख लोग एंड स्टेज किडनी की बीमारी से पीड़ित हैं और हर साल ऐसे ढाई लाख नए मरीज जुड़ते हैं। सिर्फ 15 से 20 हजार मरीजों को ही ट्रांसप्लांट की सुविधा मिल पाती है। ऐसे में भारत में किडनी ट्रांसप्लांट का बड़ा गैप है। यह तकनीक पारंपरिक ब्लड ग्रुप ट्रांसप्लांट से बिल्कुल अलग है। रिसर्च में सामने आया नया कॉन्सेप्ट मेडिकल साइंस के लिए बड़ा बदलाव है लेकिन अभी इसे आम इलाज बनने में समय लगेगा।



डॉ. एल के झा

घर का असली स्वाद सबके मन को भाए।
वर्ल्ड पल्सेस डे की हार्दिक शुभकामनाएं।




fortune
pulses

## संसदीय चुनावों में जापान की PM का गठबंधन बड़ी जीत की ओर

■ **एपी, टोक्यो:** जापान की पीएम साने ताकाइची का सत्तारूढ़ गठबंधन रविवार के अहम संसदीय चुनाव में अकेले बहुमत हासिल करने की लगभग पूरी संभावना में है। एनएचके पब्लिक टेलीविजन और अन्य बड़े नेटवर्क ने अपने एग्जिट पोल के हवाले से यह जानकारी दी। एनएचके के अनुसार, ताकाइची का गठबंधन, 465 सीटों वाले निचले सदन में दो-तिहाई से ज्यादा सीटें जीत सकता है।



साने ताकाइची

## 'चीन ने किया था गुप्त परमाणु टेस्ट'

■ **NBT रिपोर्ट:** अमेरिका ने चीन पर जून 2020 में गुप्त परमाणु विस्फोटक परीक्षण करने का आरोप लगाया है। TOI की रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी विदेश विभाग ने कहा कि यह कथित परीक्षण 22 जून 2020 को हुआ। वहीं, चीन ने अमेरिका के आरोपों का खंडन किया है।

चीन ने अमेरिका के आरोपों का खंडन किया है

### अब फोटो छपवाने का मौका भी

**खबरों का ज्ञान**

रोज की खबरों पर कितनी पैनी नजर है, आजमाएं

1. अमेरिका के अनुसार चीन द्वारा कथित गुप्त परमाणु परीक्षण किस तारीख को किया गया था?
A. 15 जून 2020 B. 22 जून 2020 C. 1 जुलाई 2020
2. भारत ने US संग डील में किस सेक्टर में कोई ड्यूटी छूट नहीं दी है?
A. डेयरी और जीएम उत्पाद B. इलेक्ट्रॉनिक्स C. ऑटोमोबाइल
3. श्राइन बोर्ड ने किस विषय पर म्यूजियम बनाने को मंजूरी दी है?
A. जम्मू-कश्मीर का इतिहास B. मां शक्ति की आध्यात्मिक विरासत C. भारतीय स्वतंत्रता संग्राम
4. भारत- मलयेशिया के बीच कितने सहयोग समझौतों पर सहमति बनी?
A. 5 B. 8 C. 11
5. NEET-UG 2026 परीक्षा कब आयोजित होगी?
A. 8 मार्च B. 3 मई C. 12 जुलाई

**कल के जवाब**

A1 B. अमेरिकी न्याय मंत्रालय A2 C. नुक A3 B. मलयेशिया A4 B. 35 A5 C. 25%

**लकी विनर्स**



1. राजेश जुनेजा, नई दिल्ली
2. अंशु अग्रवाल, नोएडा एक्सटेंशन
3. मुकुल गुप्ता, नई दिल्ली

**ऐसे भेजें अपने जवाब**

अपने नाम, शहर के साथ जवाब भेजें nbtreader@timesofindia.com पर, साथ में फोटो भी भेजें। सब्जेक्ट में KKG लिखें। हर दिन सभी सही जवाब देने वाले तीन चुनिंदा रीडर्स में से एक का फोटो और दो के नाम छापे जाएंगे। जवाब आज के पेपर की खबरों में ही छिपे हैं।

# भारत-मलयेशिया ने खोले निवेश, टेक सहयोग के द्वार

## सेमीकंडक्टर समेत 11 करार, हिंद-प्रशांत पर रखा साझा रुख

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र** मोदी के मलयेशिया दौरे में दोनों देशों ने संबंधों को आर्थिक, तकनीकी और लोगों के बीच जुड़ाव के नए आयाम देने पर जोर दिया। मलयेशिया के पीएम अनवर इब्राहिम के साथ द्विपक्षीय वार्ता के बाद व्यापार, निवेश, ऊर्जा, बुनियादी ढांचा, मैन्युफैक्चरिंग, डिजिटल इकोनॉमी, आईटी, सेमीकंडक्टर, एआई, स्वास्थ्य और खाद्य सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में साझेदारी बढ़ाने पर सहमति बनी। इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में शांति और स्थिरता के प्रति प्रतिबद्धता भी दोहराई गई।

पीएम मोदी ने सीईओ फोरम की चर्चाओं का जिक्र करते हुए कहा कि इससे व्यापार और निवेश के नए मौके खुलेंगे। दोनों देशों ने व्यापार में लोकल करंसी के इस्तेमाल को अहम कदम बताया और आसियान-भारत व्यापार समझौते की समीक्षा जल्द पूरी करने की जरूरत दोहराई। हाल के वर्षों में ऊर्जा, इंफ्रास्ट्रक्चर और मैन्युफैक्चरिंग में सहयोग गहरा हुआ है, जबकि डिजिटल इकोनॉमी और आईटी में निवेश बढ़ा है। दौरे के दौरान भारत ने मलयेशिया में नया वाणिज्य दूतावास खोलने के फैसले की घोषणा की। साथ ही, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार के बाद स्थायी सदस्यता के लिए मलयेशिया के समर्थन की सराहना की गई।

PTI



भारत दोहरा मापदंड बर्दाश्त नहीं करेगा और आतंकवाद को लेकर कोई समझौता नहीं होगा। -नरेन्द्र मोदी, पीएम, भारत

उम्मीद है कि द्विपक्षीय व्यापार पिछले साल के 18.6 बिलियन के आंकड़े को पार कर जाएगा। -अनवर इब्राहिम, पीएम, मलयेशिया

### सहयोग की नई दिशा पर सहमति

दोनों देशों के बीच ऑडियो विडियो प्रोडक्शन से लेकर सेमीकंडक्टर के सेक्टर में सहयोग पर सहमति बनी है। द्विपक्षीय वार्ता के दौरान 11 सहयोग करारों पर सहमति बनी। मलयेशियाई पीएम ने कहा कि दोनों देश लोकल करंसी की दिशा में काम करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि द्विपक्षीय व्यापार पिछले साल के 18.6 बिलियन के आंकड़े को पार कर जाएगा।

### इन करारों पर बनी बात

- ऑडियो विडियो प्रोडक्शन को लेकर एक करार पर सहमति बनी है।
- डिजास्टर मैनेजमेंट, भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई में सहयोग को लेकर दोनों देश साथ आए।
- सेमीकंडक्टर के सेक्टर, बिग कैट अलायंस को लेकर फ्रेमवर्क अग्रीमेंट पर हस्ताक्षर हुए।
- सीईओ फोरम की 10वीं फोरम पर रिपोर्ट और एजुकेशन और सुरक्षा के क्षेत्र में सहमति बनी।

### भारत-मलयेशिया रिश्तों में नया मोड़

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

भारत और मलयेशिया के साझा बयान से स्पष्ट है कि आतंकवाद के खिलाफ सख्त रुख और सहयोग के नए फ्रेमवर्क ने द्विपक्षीय संबंधों में बदलाव का संकेत दिया है। खासकर कश्मीर मुद्दे पर पहले पाक की ओर झुकाव दिखाने वाले मलयेशिया की भाषा में नरमी आई है, जो दोनों देशों के रिश्तों में सकारात्मक और रणनीतिक शिफ्ट को दर्शाती है।

# भारत ने रूस से तेल खरीद के मुद्दे पर रखा कूटनीतिक संतुलन

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**अमेरिका के** साथ व्यापार करार के सामने आने के बाद से ही एक सवाल बार-बार उठ रहा है कि क्या भारत रूस से तेल खरीद पर पूरी तरह विराम लगा देगा? हालांकि राष्ट्रपति ट्रंप भी इसे लेकर एक अर्से से बयान देते रहे हैं कि पीएम मोदी ने उन्हें आश्वासन दिया है कि रूस से तेल खरीद बंद हो जाएगी। ये अलग बात है कि भारत सरकार ने इस संबंध में अपनी पोजिशन हमेशा यही रखी है कि भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों के मुताबिक ही फैसले लेता रहेगा।

ऊर्जा जरूरतों के मुताबिक ही फैसले लेने की बात

■ **क्या है मौजूदा तेल खरीद:** भारत अपनी 85% से ज्यादा तेल जरूरतों के लिए आयात पर निर्भर है। रूस 2025-26 में भारत का सबसे बड़ा कच्चा तेल सप्लायर रहा। आंकड़ों के मुताबिक, दिसंबर में भारत ने रूस से 2.7 अरब डॉलर का कच्चा तेल खरीदा। हालांकि ये उससे पहले वाले महीने यानी नवंबर के मुकाबले 27% की कमी थी। उस महीने भारत ने रूस से 3.7 अरब डॉलर का तेल आयात किया था। वहीं दिसंबर 2024 में रूस से 3.4 अरब डॉलर तेल खरीदा गया। मासिक आयात के मुताबिक दिसंबर 2025 की रूसी तेल खरीद उससे पहले वाले साल से 15 % कम थी। रूस-यूक्रेन वॉर शुरू होने के बाद पश्चिमी देशों ने रूस पर कई तरह के प्रतिबंध लगाए थे।

File



### भारत ने विविधता की नीति अपनाई

पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी ने कहा था कि भारत ने तेल सप्लाई में विविधता की नीति अपनाई है और अब 39 देशों से आयात कर रहा है। आंकड़ों के मुताबिक 2025-26 के पहले नौ महीनों में 34 देशों से 106.1 अरब डॉलर का कच्चा तेल खरीदा गया। इसमें रूस की 24% हिस्सेदारी रही, जबकि इराक, सऊदी अरब, यूएई और अमेरिका से भी उल्लेखनीय आयात दर्ज हुआ।

### यूक्रेन संकट से पहले नहीं थी ज्यादा निर्भरता

2014 के बाद से भारत के तेल आयात के अध्ययन को देखकर पता चलता है कि यूक्रेन संकट यानी साल 2021 से पहले भारत की तेल जरूरतें सऊदी अरब और इराक जैसे देशों पूरी हो रही थी। जबकि यूएई, कुवैत और नाइजीरिया का भी योगदान था। वाणिज्य मंत्रालय के अनुसार 2018 में रूस का हिस्सा 1.3% था, जो 2024-25 में बढ़कर लगभग 35% हो गया।

### क्या रहेगी कूटनीतिक रणनीति

भारत सरकार ने हमेशा कहा है कि ऊर्जा जरूरतों के अनुसार ही निर्णय लिया जाएगा। विशेषज्ञों का मानना है कि भारत पूरी तरह रूसी तेल खरीद बंद नहीं करेगा। तीन साल पहले भारत रूस पर तेल में खास निर्भर नहीं था, लेकिन दोनों देशों के गहरे व्यापार, सुरक्षा और ऐतिहासिक संबंध रहे हैं। ऐसे में भारत के लिए US और रूस के प्रति विदेश नीति में संतुलन बनाए रखना चुनौतीपूर्ण नहीं होगा।

# US से 500 अरब डॉलर का सामान खरीदने में कोई समस्या नहीं: गोयल

■ पीटीआई, नई दिल्ली

**वाणिज्य एवं** उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि अमेरिका द्वारा पारस्परिक टैरिफ घटाकर 18 प्रतिशत करने के बाद भारतीय सामान को अमेरिकी बाजार में चीन और अन्य प्रतिस्पर्धी देशों के मुकाबले बेहतर बढ़त मिलेगी। उनके मुताबिक, चीन पर 35%, ब्राजील पर 50%, म्यांमार पर 40%, जबकि थाइलैंड, कंबोडिया और इंडोनेशिया पर 19% और बांग्लादेश और वियतनाम पर 20% टैरिफ है।

बोले, यह समझौता निर्यातकों के लिए बड़ा अवसर है

इंटरव्यू के दौरान गोयल ने कहा कि भारत अगले पांच वर्षों में अमेरिका से 500 अरब डॉलर तक के सामान खरीद सकता है, जिसे उन्होंने बहुत ही सावधानीपूर्ण अनुमान बताया। भारत की बढ़ती इकोनॉमी में लगभग 2 ट्रिलियन डॉलर की नई मांग पैदा होगी।

PTI



भारत ने अपने क्षेत्रों को संतुलित तरीके से खोला है। भारत ने डेयरी, जीएम उत्पाद, मांस, पोल्ट्री, सोया मील और मक्का पर कोई ड्यूटी छूट नहीं दी है। हालांकि कुछ दालों को सीमित बाजार पहुंच दी गई है। -पीयूष गोयल, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री

### 'किसानों की सुरक्षा के लिए पर्याप्त प्रावधान रखे'

भारत और अमेरिका ने द्विपक्षीय व्यापार समझौते के पहले चरण के लिए एक ढांचा तय किया है, जिस पर मध्य मार्च तक हस्ताक्षर होने की उम्मीद है। गोयल ने कहा कि भारत के टैरिफ अब प्रतिस्पर्धी देशों की तुलना में सबसे कम में हैं, जिससे टेक्सटाइल, लेदर-फुटवियर, हस्तशिल्प, केमिकल्स, रत्न और आभूषण जैसे श्रम-प्रधान क्षेत्रों को खास फायदा होगा। उन्होंने यह भी कहा कि समझौते में किसानों और घरेलू उद्योगों की सुरक्षा के लिए पर्याप्त प्रावधान रखे गए हैं।

# सस्ती होंगी हार्ले बाइक्स

## ड्यूटी हटेगी

फैसले का असर हाई-एंड, सीमित बाजार वाली मोटरसाइकिलों पर

जानकारों ने कहा कि भारत के घरेलू दोपहिया निर्माण पर बड़ा असर नहीं

**क्या बदलेगा?**

**800cc-1600cc** इंजन वाली अमेरिकी बाइक्स पर इंपोर्ट ड्यूटी खत्म

पहले कुल 44% ड्यूटी लगती थी



**शर्मिष्ठा मुखर्जी/कीर्तिका सुनेजा, नई दिल्ली:** भारत-US अंतरिम व्यापार समझौते के तहत 800cc से 1600cc इंजन क्षमता वाली पूरी तरह आयातित (CBU) प्रीमियम बाइकों पर लगने वाली आयात ड्यूटी हटाई जाएगी। ET के अनुसार, अभी इन पर कुल 44% ड्यूटी लगती है (40% बेसिक कस्टम ड्यूटी + 4% सोशल वेलफेयर सरचार्ज)। इस फैसले से US में बनी हाई-एंड हार्ले-डेविडसन बाइक भारत में सस्ती हो सकती हैं। जानकारों का कहना है कि इससे भारत के घरेलू दोपहिया निर्माण या बाजार हिस्सेदारी पर बड़ा असर नहीं पड़ेगा, क्योंकि देश का बाजार मुख्य रूप से कम क्षमता (110-250cc) बाइक्स पर आधारित है।

**भारतीय बाजार की तस्वीर...**

**2 करोड़ यूनिट**

करीब सालाना दोपहिया बाजार

चालू वर्ष के 9 महीनों में हार्ले ने 187 CBU बाइक्स (800-1600cc) बेचीं

कीमत रेंज **₹14.54-₹45.75 लाख**

मास मार्केट **110-250cc बाइक्स**

प्रीमियम ब्रैंड (हार्ले, डुकाटी, ट्रायम्फ, कावासाकी) की सीमित हिस्सेदारी

**हीरो-हार्ले साझेदारी पर असर?**

ये 800cc से कम हैं, इसलिए नई छूट के दायरे में नहीं

कीमत **₹2.35-₹2.79 लाख**

हीरो मोटोकॉर्प, हार्ले 440cc बाइक्स का ग्लोबल निर्माता

HD X440 और X440 T भारत में बनती हैं

**कार सेक्टर में भी राहत**

**2,500cc** से ज्यादा डीजल और 3,000cc से ज्यादा पेट्रोल कारों पर ड्यूटी 60% से घटकर 50%

10 साल में 30% तक आ सकती है

इलेक्ट्रिक कारें समझौते में शामिल नहीं

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 09-02-2026 Zone: Gurgaon Edition: 1 Page: NBTGRP2 User: cci Time: 02-08-2026 22:08 Color:



## रामलीला मैदान में CM रेखा गुप्ता और BJP राष्ट्रीय अध्यक्ष ने दिखाई हरी झंडी

# 500 नई ई-बसें दिल्ली की सड़कों पर उतरीं





■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

दिल्ली में बीजेपी सरकार के एक साल पूरे होने पर 500 नई इलेक्ट्रिक बसें सड़कों पर उतारी गईं। रामलीला मैदान में आयोजित कार्यक्रम में सीएम रेखा गुप्ता, बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, कैबिनेट मंत्रियों और दिल्ली बीजेपी अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने हरी झंडी दिखाकर इन बसों को रवाना किया। सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि आज का दिन और जगह खास है। आज ही के दिन 8 फरवरी 2025 को दिल्ली की जनता ने बीजेपी को निर्णायक जनादेश देकर विश्वास जताया था। सीएम ने कहा, 8 फरवरी 2025 को दिल्लीवालों ने 48 बीजेपी विधायकों को जिताकर विकास की नींव रखी थी। आज दिल्ली के बेड़े में 4000 से अधिक इलेक्ट्रिक बसें हैं। उन्होंने कहा कि प्रभावी ईवी पॉलिसी जल्द लाएंगे। पिंक स्मार्ट कार्ड, एनसीएमसी कार्ड के अलावा यमुना की सफाई, सुरक्षित सड़कों पर भी काम चल रहा है। उन्होंने कहा, पिछली सरकार डीटीसी को 65 हजार करोड़ रुपये के घाटे में छोड़कर गई थी, उसे हम घाटे से बाहर लेकर आ रहे हैं। हमें पानी, सीवर, गंदी यमुना और प्रदूषण जैसी कुछ समस्याएं विरासत में मिली हैं। उनमें समय लगेगा, लेकिन भरोसा दिलाते हैं कि हम उसे ठीक करेंगे। वहीं, दिल्ली के परिवहन मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने कहा कि ये 500 ई-बसें सार्वजनिक परिवहन को मजबूत करेंगी। यह स्वच्छ और प्रदूषण-मुक्त दिशा में दिल्ली को आगे ले जाएंगी।

बीजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने कहा कि दिल्ली में बीजेपी की सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर दिल्ली की जनता को 500 नई इलेक्ट्रिक बसें समर्पित करने का सराहनीय और दूरदर्शी कदम है। उन्होंने पिछली सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि पिछली सरकार ने सिर्फ बड़े-बड़े वादे किए।

> **8 फरवरी** 2025 को दिल्लीवालों ने 48 BJP विधायकों को जिताकर विकास की नींव रखी थी: सीएम

### दिल्ली-पानीपत इंटरस्टेट बस सर्विस शुरू

डीटीसी ने रविवार को दिल्ली पानीपत इंटरस्टेट बस सेवा की भी शुरुआत की है। इसके लिए 12 मीटर इलेक्ट्रिक बसें चलाई जाएंगी। वह बसें सुबह दिल्ली से 7 से 8:30 बजे के बीच आधे-आधे घंटे के अंतराल पर जाएंगी। फिर शाम को 3 से 5 बजे के बीच एक-एक घंटे के अंतराल पर दिल्ली से पानीपत के लिए चलेंगी। इसी तरह पानीपत से सुबह 7 से 8:30 बजे के बीच आधे-आधे घंटे पर फिर शाम को 3 से 5 के बीच में पानीपत से दिल्ली के लिए चलेंगी। परिवहन मंत्री ने कहा, दिल्ली-पानीपत के बीच अब आरामदायक सफर की सुविधा मिलेगी।

### वेतन, पेंशन के लिए 1200 करोड़ मंजूर

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने डीटीसी के लिए 1200 करोड़ रुपये के अनुदान को मंजूरी दी है। इसका उपयोग कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के वेतन-पेंशन के बकाया भुगतान के साथ-साथ परिवहन व्यवस्था के आधुनिकीकरण के लिए किया जाएगा। सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि यह केवल एक सरकारी अनुदान नहीं, बल्कि उन कर्मचारियों के प्रति सम्मान और आभार है, जो दिन-रात मेहनत कर दिल्ली को थमने नहीं देते हैं। सरकार यह सुनिश्चित करना चाहती है कि बुजुर्ग पेंशन भोगियों को अपनी मेहनत की कमाई के लिए इंतजार न करना पड़े। वित्त विभाग द्वारा जारी किए गए 1200 करोड़ रुपये में से 1100 करोड़ रुपये कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के वेतन, पेंशन और अन्य देनदारियों के भुगतान के लिए आवंटित किए गए हैं। इससे समय पर भुगतान सुनिश्चित होगा और हजारों परिवारों की वित्तीय सुरक्षा मजबूत होगी। सीएम ने कहा कि हमारे चालक, परिचालक और कर्मचारी दिल्ली की जीवनरेखा हैं, और उनकी मेहनत का सम्मान करना सरकार की जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री ने बताया कि शेष 100 करोड़ रुपये परिवहन व्यवस्था के आधुनिकीकरण पर खर्च किए जाएंगे।



> कर्मचारियों और पेंशन भोगियों का सम्मान हमारी प्राथमिकता, परिवहन व्यवस्था में भी होगा सुधार: CM

### एक साल पूरा होना संघर्ष और विश्वास का पल: CM

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सरकार के एक साल पूरे होने पर रविवार को शालीमार बाग विधानसभा के पीतमपुरा डिस्ट्रिक्ट पार्क में जनता से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने सरकार का एक साल का रिपोर्ट कार्ड प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि दिल्ली में बीजेपी सरकार का एक साल पूरा होना केवल एक राजनीतिक उपलब्धि नहीं, बल्कि भावनाओं, संघर्ष और जनता के विश्वास से जुड़ा एक विशेष क्षण है। इस दौरान विकास कार्यों की शुरुआत करते हुए जनता से संवाद के समय वह भावुक भी नजर आईं।

> सीएम रेखा ने पेश किया सरकार का रिपोर्ट कार्ड

मुख्यमंत्री ने अपने बचपन की यादें साझा करते हुए कहा कि त्रिनगर से पीतमपुरा तक की गलियों में पली-बढ़ी एक साधारण बच्ची ने कभी नहीं सोचा था कि उसे दिल्ली की सेवा का अवसर मिलेगा। रिपोर्ट कार्ड प्रस्तुत करते हुए कहा कि शालीमार बाग में लगभग 250 करोड़ रुपये के स्थानीय विकास कार्य शुरू किए गए हैं। कुछ पूरे हो चुके हैं। इनमें डिस्ट्रिक्ट पार्क का पुनर्विकास, नए एंट्री गेट, फाउंटेन, टॉयलेट, फुटपाथ, स्ट्रीट लाइटिंग और अन्य जन सुविधाएं शामिल हैं। इसके अलावा दिल्ली सरकार की हजारों करोड़ रुपये की बड़ी परियोजनाओं पर भी कार्य प्रगति पर है।



NBT Lens खबरों के अंदर की बात

### क्या है सरकार का आगे का प्लान?

दिल्ली में पिछले कुछ वर्षों के दौरान मेट्रो लाइनों का बहुत विस्तार हुआ, लेकिन डीटीसी की बसें घटती चली गईं। पुरानी बसों की आयु पूरी होने और नई बसें लाने में हुई देरी के चलते अभी तक लोगों को बसों की भारी कमी का सामना करना पड़ रहा है। फिलहाल इलेक्ट्रिक बसों की तादाद 4286 हो गई है। दिल्ली की बढ़ती अबादी के मद्देनजर यहां करीब 14 हजार बसों की जरूरत है। इसे ध्यान में रखते हुए सरकार ने एक विस्तृत प्लान बनाया है। उसी हिसाब से नई बसें खरीदने के लिए टेंडर जारी किए जा रहे हैं। इस साल दिसंबर तक डीटीसी के बाड़े में 7 हजार इलेक्ट्रिक बसें हो जाएंगी। दावा है कि 2028 के अंत तक दिल्ली में 14 हजार इलेक्ट्रिक बसें होंगी।

## परीक्षा के दौरान कैसे रहें तनाव से दूर, यहां जानिए

परीक्षा के दौरान बच्चे ही नहीं पैरेंट्स भी कई बार तनाव में आ जाते हैं। ऐसे में एनबीटी रंगमंच क्लब लेकर आया है एक खास वर्कशॉप, जहां पैरेंटिंग एक्सपर्ट और साइकोलॉजिस्ट डॉ. गीतिका कपूर एग्जाम के दिनों में बच्चे और पैरेंट्स को एंग्जायटी से बचने के तरीके बताएंगी। तो ये मौका हाथ से ना जाने दें, आज ही रजिस्टर करें।

NBT रंगमंच Club



गीतिका कपूर (साइकोलॉजिस्ट)

तारीख: 11 फरवरी (बुधवार)
समय: दोपहर 3 से 4 बजे तक

रजिस्ट्रेशन के लिए 7003890071 पर कॉल/वट्सऐप करें।

NBT नवभारत टाइम्स | NBT रंगमंच Club

## स्पीकिंग ट्री रिट्रीट

**योग गुरु सुरक्षित गोस्वामी के सान्निध्य में**

गंगा किनारे, हिमालय की गोद में आत्म अनुभव के योग, ध्यान, मौन और आध्यात्मिक जागरूकता का दिव्य संगम। चार दिवसीय इस रिट्रीट में होगा ऊर्जा, संतुलन और आंतरिक शांति का संचार। **योग गुरु सुरक्षित गोस्वामी** के मार्गदर्शन में यह यात्रा आपके जीवन को नया आयाम दे सकती है। स्वस्थ एकत्र रहना और तीन वक्त का भोजन शामिल है।



■ स्थान: परमार्थ निकेतन, ऋषिकेश
■ तिथि: 27 से 30 मार्च 2026

सीटें सीमित हैं, आज ही पंजीकरण करें।
*(शर्तें लागू)

रजिस्ट्रेशन कराने के लिए 9910475909 पर सुबह 10 बजे से शाम 7 बजे के बीच कॉल करें या अपनी डिटेल वट्सऐप पर भेजें।

शुल्क मात्र ₹13,000 प्रति व्यक्ति

## 1008 कलशों से आदिनाथ भगवान का जन्माभिषेक

■ रमेश जैन, नई दिल्ली



AI Image

श्री दिगंबर जैन मंदिर निर्माण विहार में उपाध्याय श्री गुप्तिसागरजी मुनिराज के सान्निध्य में पंचकल्याणक प्रतिष्ठा में रविवार को भगवान आदिनाथ का जन्मकल्याणक धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर अखिल भारतीय आतंकवाद विरोधी मोर्चा के अध्यक्ष मनिंदरजीत सिंह बिट्टा ने विनयांजलि अर्पित करते हुए सभी जैन तीर्थंकरों, संतों, महामंत्र णमोकार व तीर्थों को नमन करते हुए गुरुगोविंद सिंह जी के पुत्रों की शहादत के बाद उनके अंतिम संस्कार में दीवान टोडरमल जैन के अमूल्य योगदान को नमन किया। मंदिर से भव्य शोभायात्रा निकाली गई और यूनिवर्सल स्कूल प्रीत विहार में निर्मित विशाल पांडुशिला पर 1008 स्वर्ण कलशों से जिनेंद्र भगवान का अभिषेक किया गया। यहां विधानसभाध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने उपाध्याय श्री को विनयांजलि अर्पित करते हुए कहा कि प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ ने समाज और राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

स्पीकिंग ट्री धर्म कर्म

**सनातन चेतना का महाकुंभ भव्य हिंदू महोत्सव का आयोजन :** भारतीय संस्कृति एवं राष्ट्र चेतना के संरक्षण हेतु विश्व हिंदू महासंघ का विशाल और भव्य सम्मेलन तालकटोरा स्टेडियम में आयोजित किया गया। महासंघ के अध्यक्ष कालिका पीठाधीश्वर महंत सुरेंद्रनाथ अवधूत के साथ-साथ अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रविंद्रपुरीजी, आनंदपीठाधीश्वर बालकानंदगिरिजी, कुमारस्वामीजी, नारायणगिरिजी, नवलकिशोरदासजी, कंचनगिरिजी, जलेश्वरानंदजी, योगीतेजनाथजी आदि संतों ने धर्म, संस्कृति और सनातन परंपराओं को सुदृढ़ करने का आह्वान किया और राष्ट्रबोध जागरण की अपील की। सम्मेलन में देश भर से सैकड़ों संतों-महात्माओं के अलावा हजारों कार्यकर्ताओं ने उत्साह से भाग लिया।

## 20 दिन में दो दर्जन पशुओं की मौत

■ NBT न्यूज, झज्जर



> झज्जर जिले के गांव नोगावां पशुपालक परेशान

जिले के गांव नोगावां में करीब बीस दिनों में दो दर्जन से ज्यादा पशुओं की मौत हो चुकी है। पशुपालकों का कहना है कि अज्ञात वायरस दुधारू पशुओं की जान ले रहा है। इससे ग्रामीण परेशान हैं। झज्जर विधायक गीता भुक्कल ने गांव का दौरा किया। ग्रामीणों ने जान गंवाने वाले पशुओं की लिस्ट विधायक को सौंपी और समाधान की मांग की। विधायक ने मौके पर ही संबंधित विभाग की टीम को गांव में बुलाकर हालात की जानकारी ली। उन्होंने पशुपालन विभाग के अधिकारियों को तुरंत पशुओं की स्वास्थ्य जांच करने और वैक्सीनेशन अभियान चलाने के निर्देश दिए। साथ ही बीमार पशुओं के इलाज और दवाओं की पर्याप्त व्यवस्था के लिए भी कहा। विधायक ने कहा कि जिन पशुओं की मौत हुई है, उनमें से अधिकांश का पशुधन बीमा नहीं था, इससे पशुपालकों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। सरकार के पशुधन सुरक्षा और बीमा संबंधी दावों पर सवाल उठाया। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि गांव में पशु चिकित्सकों की नियमित तैनाती की जाए।

## कश्मीरी गेट से रूट बदलने की योजना

■ NBT रिपोर्ट नई दिल्ली: दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने कश्मीरी गेट बस अड्डे से नॉर्थ इंडिया यानी हरियाणा, पंजाब, जम्मू और कश्मीर, हिमाचल प्रदेश सहित अन्य राज्यों के लिए जाने वाली बसों का रूट डायवर्ट करने की योजना बनाई है। इस योजना को लागू करने के लिए ट्रैफिक पुलिस के सीनियर अधिकारियों की ट्रांसपोर्ट डिपार्टमेंट और पीडब्ल्यूडी डिपार्टमेंट के टॉप अधिकारियों के साथ कई चरणों में बैठक हो चुकी है। रूट बदलने से भारी ट्रैफिक जाम से राहत मिलेगी।

## नाबालिग से रेप, 4 पर केस

■ NBT न्यूज, नूंह



**आकेड़ा थाना** एरिया में नाबालिग लड़की से सामूहिक दुष्कर्म का मामला आया है। पीड़िता की मां ने महिला थाना पुलिस को शिकायत दी है। बताया कि 6 फरवरी की रात उनकी बेटी टॉयलेट जाने के लिए घर से बाहर निकली, तभी गांव के चार युवक वहां पहुंचे। आरोप है लड़की का मुंह बंद कर बाइक पर बैठाकर उसे गांव के बाहर ले गए। चारों ने वहां उससे दुष्कर्म किया। वारदात के बाद आरोपी पीड़िता को वहीं छोड़ फरार हो गए। पीड़िता किसी तरह घर पहुंची और मां को वारदात की जानकारी दी। इस पर महिला थाना पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। पीड़िता का मेडिकल करा आगे की जांच की जा रही है। महिला थाना प्रभारी मंजू ने बताया कि पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है।

## 12 राशियां और आपका दिन

**ARIES** 21 Mar - 19 Apr
राशि का स्वामी उच्च प्रमुख कर्म-केंद्र भाव में वृष्टि भी मकर राशि में है। कड़वाहट को मिठास में बदलने की कला आपको सीखनी पड़ेगी। जीवन साथी का सहयोग और सानिध्य प्राप्त होगा। तृतीय भाव में बृहस्पति होने के कारण संतान पक्ष से आज उत्तम समाचार मिल सकता है।

**TAURUS** 20 Apr - 19 May
आज का दिन संतोष और शांति का है। राजनीतिक क्षेत्र में किए गए प्रयासों में सफलता मिलेगी। शासन और सत्ता से गठजोड़ का लाभ मिल सकता है। नए अनुबंधों के द्वारा पद और प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। रात में कुछ अप्रिय व्यक्तियों से मिलने से अनावश्यक कष्ट का सामना करना पड़ेगा।

**GEMINI** 21 May - 21 Jun
राशि स्वामी के आठवें भाव में होने के कारण किसी मूल्यवान वस्तु के खोने या चोरी होने का भय बन रहेगा। संतान की शिक्षा या किसी प्रतियोगिता में आशातीत सफलता का समाचार मिलने से मन में हर्ष होगा। शाम में कोई रुका काम पूरा होगा। रात में उत्साहवर्धक मांगलिक कार्यों में सम्मिलित होंगे।

**CANCER** 22 Jun - 22 July
चंद्रमा चतुर्थ भाव में उत्तम संपत्ति का संकेत कर रहा है। आजीविका के क्षेत्र में प्रगति होगी। राज्य-मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। संतान के दायित्व की पूर्ति हो सकती है। यात्रा की स्थिति सुखद और लाभदायक रहेगी। शाम से लेकर रात तक प्रिय व्यक्तियों का दर्शन और शुभ समाचार मिलेगा।


**LEO** 23 July - 22 Aug
राशि का स्वामी सूर्य चार ग्रहों के बीच में आ गया है। आमदनी के नए स्रोत बनेंगे। वाणी की सौम्यता आपको सम्मान दिलाएगी। शिक्षा और प्रतियोगिता में विशेष सफलता मिलेगा। सूर्य के कारण अधिक भागदौड़ और नेत्र विकार होने की संभावना है। शत्रु आपस में लड़कर ही नष्ट हो जाएंगे।

**VIRGO** 23 Aug - 22 Sep
राशि स्वामी बुध पराक्रम वृद्धि कर रहा है। इससे रोजगार व्यापार के क्षेत्र में जारी प्रयासों में आशातीत सफलता प्राप्त होगी। संतान पक्ष से भी संतोषजनक और सुखद समाचार मिलेगा। दोपहर बाद किसी कानूनी विवाद या मुकदमे में जीत आपके लिए खुशी का कारण बन सकती है।

**LIBRA** 23 Sep - 22 Oct
आज आपके चारों ओर सुखद वातावरण रहेगा। घर-परिवार के सभी सदस्यों की खुशियां बढ़ेंगी। कई दिनों से चली आ रही लेन-देन की कोई बड़ी समस्या हल हो सकती है। पर्याप्त मात्रा में धन हाथ में आ जाने का सुख मिलेगा। विरोधियों का पराभव होगा। पास और दूर की यात्रा का प्रसंग प्रबल होकर स्थगित होगा। प्रणय संबंध और गहरे होते चले जाएंगे। ससुराल पक्ष की ओर से लाभ मिलेगा।

**SCORPIO** 23 Oct - 21 Nov
आपकी राशि में मंगल शनि योग अभी कुछ दिन और चलेगा। फलस्वरूप कुछ शारीरिक विकार जड़ें जमा रहे हैं। आज का दिन अपनी जांच कराने और किसी अच्छे डॉक्टर से इस विषय में सलाह मशविरा करने में व्यतीत करें। रोग की अवस्था में भी आप बाहर घूमना-फिरना कम रखें।

**SAGITTARIUS** 22 Nov - 21 Dec
आज आपके विरोधी भी आपकी प्रशंसा करेंगे। शासन सत्ता पक्ष से निकटता व गठजोड़ का लाभ भी मिलेगा। ससुराल पक्ष से पर्याप्त मात्रा में धन हाथ लग सकता है। शाम से लेकर रात तक सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने के अवसर प्राप्त होंगे। आज के दिन मित्रों का सहयोग मिलेगा।



**CAPRICORN** 22 Dec - 19 Jan
आज पारिवारिक और आर्थिक मामलों में सफलता मिलेगी। आजीविका के क्षेत्र में चल रहे नए प्रयास फलीभूत होंगे। अधीनस्थ कर्मचारियों का आदर व सहयोग भी पर्याप्त मिलेगा। शाम के समय किसी झगड़े विवाद में न पड़ें। रात में प्रिय अतिथियों के स्वागत का योग बना रहेगा।

**AQUARIUS** 20 Jan - 18 Feb
आज आपके स्वास्थ्य सुख में व्यवधान आ सकता है। आपकी राशि का स्वामी शनि क्योंकि उदय चल रहा है। इसलिए निर्मूल विवाद, अकारण शत्रु से परेशानी, अपनी बुद्धि द्वारा किए कार्यों में ही हानि और निराशा का भाव हो सकता है। कोई विपरीत समाचार सुनकर यात्रा पर जाना पड़ सकता है।

**PISCES** 19 Feb - 20 Mar
आज का दिन पुत्र, पुत्री की चिंता तथा उनके कामों में व्यतीत होगा। दांपत्य जीवन में कई दिन से चला आ रहा मतिरोध समाप्त हो जाएगा। बहनोई और सालों से आज लेन-देन न करें संबंध खराब होने का खतरा है। धार्मिक क्षेत्रों की यात्रा और पुण्य कामों पर खर्च हो सकता है। उन स्थानों पर जाने की योजना बनाएं, जहां का पहले संकल्प लिया है। इससे आपको लाभ होगा। यात्रा में सावधान अवश्य रहें।

## क्या कहते हैं आपके नंबर
(9 फरवरी - 15 फरवरी 2026)



[आचार्य नंदिता पांडे]

● **मूलांक 1**
(जन्म तिथि 1, 10, 19, 28)
कार्यक्षेत्र में उन्नति होगी एवं आप अपनी मेहनत के बलबूते काफी कुछ हासिल करने में सक्षम रहेंगे। इस सप्ताह आपके प्रोजेक्ट भी समय पर पूर्ण होते जाएंगे। प्रेम संबंध में स्ट्रेस बढ़ सकता है या फिर नींद ठीक से नहीं आएगी। आर्थिक मामले में भी कष्ट रहेंगे एवं व्यय अधिक हो सकते हैं। कोर्ट कचहरी के मामले आपके लिए प्रतिकूल असर लेकर आ सकते हैं। इस वर्ष हानि हो सकती है, उससे बचें।

● **मूलांक 2**
(जन्म तिथि 2, 11, 20, 29)
प्रेम संबंध में पुरानी यादें ताजा हो सकती हैं एवं मन प्रसन्न रहेगा। आपको लव लाइफ में खुशियां दस्तक देंगी एवं लव लाइफ रोमांटिक रहेगी। कार्यक्षेत्र में वैसे तो स्थितियां ठीक हैं, लेकिन फिर भी किसी प्रोजेक्ट को लेकर मन अशांत रहेगा। आर्थिक मामलों में सोच समझ कर निवेश करें अन्यथा खर्चे बढ़ सकते हैं। इस सप्ताह के अंत में मन बेचैन रहेगा एवं जीवन में दुखी हो सकते हैं, इसलिए ध्यान रखें।

● **मूलांक 3**
(जन्म तिथि 3, 12, 21, 30)
कार्यक्षेत्र में उन्नति होगी एवं बिजनेस ट्रिप्स आपके लिए शुभ समाचार लेकर आ सकती है। इस सप्ताह प्रोजेक्ट समय पर पूर्ण होंगे एवं उन्नति के मार्ग में आगे बढ़ते जाएंगे। आर्थिक मामलों में दो निवेशों द्वारा धन लाभ की प्रबल स्थितियां बनती जाएंगी एवं सुख समृद्धि के शुभ संयोग बनते जाएंगे। प्रेम संबंध में आपसी प्रेम सुदृढ़ होगा, लेकिन आपकी अपेक्षाओं से कमतर परिणाम सामने आएंगे। अंत में स्थितियां सामान्य हो जाएंगी।

● **मूलांक 4**
(जन्म तिथि 4, 13, 22, 31)
इस सप्ताह धन लाभ की स्थितियां बन रही हैं एवं आर्थिक लाभ रहेगा। इस सप्ताह से आपके निवेश करने के पैटर्न में भी काफी बदलाव नजर आएंगे। प्रेम संबंध में समय अनुकूल रहेगा एवं आपसी प्रेम सुदृढ़ होता जाएगा। इस सप्ताह आपको अपने जीवन में कहीं से मदद भी मिल सकती है। कार्यक्षेत्र में अहंकार के टकराव से बचें तो बेहतर होगा। इस सप्ताह के अंत में स्थितियां सुधरेंगी एवं मन प्रफुल्लित रहेगा।



● **मूलांक 5**
(जन्म तिथि 5, 14, 23)
इस सप्ताह धन लाभ प्रबल रहेगा एवं निवेशों द्वारा फायदे होते जाएंगे। बड़े-बुजुर्गों के आशीर्वाद से धन वृद्धि के संयोग बनते जाएंगे। प्रेम संबंध में आपसी प्रेम सुदृढ़ होता जाएगा एवं आप अपने साथी के साथ कहीं घूमने-फिरने का मन बना सकते हैं। कार्यक्षेत्र में भविष्योन्मुखी होकर निर्णय लेंगे तो जीवन में सुखी रहेंगे। सप्ताह के अंत में किसी समाचार से मन दुखी हो सकता है।

● **मूलांक 6**
(जन्म तिथि 6, 15, 24)
धन वृद्धि के शुभ संयोग बनते जाएंगे एवं निवेशों द्वारा फायदे होते जाएंगे। इस सप्ताह बातचीत द्वारा कार्यक्षेत्र में मामलों को सुलझाएंगे तो जीवन में सुखी रहेंगे अन्यथा प्रोजेक्ट में कष्ट बढ़ सकते हैं। प्रेम संबंध में आलस से घिरे रहेंगे और इस वजह से कष्ट बढ़ सकते हैं।

● **मूलांक 7**
(जन्म तिथि 7, 16, 25)
कार्यक्षेत्र में उन्नति होगी और आप जितना अधिक सोच समझ कर निर्णय लेंगे उतना अधिक जीवन में सुखी रहेंगे। इस सप्ताह ईश्वर की कृपा से जीवन में सुख-समृद्धि के शुभ संयोग बनते जाएंगे। प्रेम संबंध में आपसी प्रेम सुदृढ़ होता जाएगा एवं लव लाइफ में सुखद अनुभव रहेंगे।

● **मूलांक 8**
(जन्म तिथि 8, 17, 26)
प्रेम संबंध में आपसी प्रेम सुदृढ़ होता जाएगा एवं जीवन में सुख समृद्धि के संयोग बनेंगे। इस सप्ताह आप जो भी मेहनत अपने कार्य क्षेत्र से संबंधित करेंगे उसका सकारात्मक परिणाम आपको भविष्य में मिलेगा। इस सप्ताह सोच समझ कर किए गए निवेश आने वाले समय में बेहतर परिणाम लेकर आएंगे।

● **मूलांक 9**
(जन्म तिथि 9, 18, 27)
कार्यक्षेत्र में उन्नति होगी और जीवन में मान सम्मान में वृद्धि होगी। इस सप्ताह सुख समृद्धि के संयोग बनते जाएंगे। कुछ नया सीख कर अपने प्रोजेक्ट में अमल करेंगे तो जीवन में सफल अवश्य रहेंगे। आर्थिक दृष्टिकोण से समय अनुकूल है एवं धन लाभ की प्रबल स्थितियां बनेंगी। इस सप्ताह लव लाइफ में आपसी मतभेद उत्पन्न हो सकते हैं एवं मन अशांत रहेगा।

### जन्मदिन की शुभकामनाएं

यह वर्ष मंगल, बुध और चंद्र के प्रभाव क्षेत्र में रहेगा। फरवरी के शेष दिनों में आयात-निर्यात के व्यापार से जुड़े लोगों को कई प्रकार की व्यावसायिक समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। 24 मार्च से 28 अप्रैल के बीच नए और लाभकारी अवसर प्राप्त होंगे। मई माह में आर्थिक कष्ट कुछ चिंता बढ़ा सकते हैं, इसलिए खर्चों पर नियंत्रण जरूरी होगा। जून और जुलाई में किसी भाग्यवर्धक कार्यक्षेत्र से जुड़ने के योग बनेंगे। अगस्त तक आपकी कार्यकुशलता, धैर्य और एकाग्रता से जोखिम भरे काम भी सरलता से पूरे होंगे। सितंबर से अक्टूबर तक जीवन स्तर में स्पष्ट सुधार आएगा। नवंबर से दिसंबर के बीच यदि मानसिक कष्ट या चिंता हो, तो शनिवार सुबह स्टील की कटोरी में सरसों का तेल भरकर उसमें अपना मुख देखकर, कटोरी सहित तेल को जरूरतमंद को दान करें। -आचार्य कृष्ण दत्त शर्मा

### कल का पंचांग (मंगलवार, 10 फरवरी 2026)

राष्ट्रीय मिति माघ 21, शक संवत 1947, फाल्गुन कृष्ण अष्टमी, मंगलवार, विक्रम संवत 2082। सौर माघ मास प्रविष्टे 28, शाबान 21, हिजरी 1447 (मुस्लिम) तद अनुसार अंग्रेजी तारीख 10 फरवरी 2026 ई.। सूर्य उत्तरायण, दक्षिण गोल, शिशिर ऋतु। राहु काल अपराह्न 3 बजे से 4 बजकर 30 मिनट तक। अष्टमी सुबह 7 बजकर 28 मिनट तक के बाद नवमी का आरंभ। विशाखा नक्षत्र सुबह 7 बजकर 55 मिनट तक के बाद अनुराधा नक्षत्र का आरंभ। कौलव करण सुबह 7 बजकर 28 मिनट तक के बाद गर करण का आरंभ। आज के व्रत त्योहार जानकी व्रत।

### सुडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 7 | 2 | | |
| | 9 | 5 | | | | 4 | 8 | |
| | 2 | | 5 | | 6 | | 3 | |
| 6 | | 3 | | 1 | | 8 | | 4 |
| | 1 | | 8 | | 2 | | 5 | |
| | 8 | 9 | | | | 1 | 6 | |
| | | 2 | 1 | | 4 | 3 | | |
| | | | | | | | | |

### TELEVISION



big magic

09:00 खाटू श्याम
10:00 बड़्डा बुलबुल
11:00 रुद्र के रक्षक
11:30 अकबर
12:00 चक्रधारी अजेय कृष्णा
13:30 भ से भड़े
14:30 हम पांच
15:00 अजब देश की गजब कहानी
16:30 प्यार मोहब्बत ऐसी तैसी
19:30 रुद्र के रक्षक
21:00 वीरा

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 09-02-2026 Zone: Gurgaon Edition: 1 Page: NBTGRP3 User: vivek.kumar4@timesofindia.com Time: 02-07-2026 23:48 Color:

# Strengthening India's Global Trade Strategy



The Confederation of Indian Industry (CII) congratulates the Government of India and Hon'ble Prime Minister Shri Narendra Modi on the recent Free Trade Agreements that reflect a focused and strategic approach to bolstering India's economic partnerships with major global economies.

These agreements will create unprecedented opportunities for businesses, especially MSMEs, and India's young workforce. By providing preferential access to developed markets, these agreements will enhance the competitiveness of the Indian industry, deepen integration with global value chains, and position India as a reliable and trusted economic partner.

CII supports the Government's emphasis on integrating with the developed world while safeguarding national interests. It remains committed to working with stakeholders to build Aatmanirbhar Bharat and advance the vision of a Viksit Bharat @2047.

Together, let's accelerate India's economic growth.

CII
Confederation of Indian Industry

airtel · Arvind · Bajaj Finserv · Bharat Biotech · Blue Star · Continental · Dixon · EY · Florence Shoe Company Pvt Ltd · ITC · JK Tyre · JSW Steel · Jubilant Bhartia · LT Foods · Oswal · Reliance · RP-Sanjiv Goenka Group · Safexpress · Sanmar · shahi · TAFE · Tata Chemicals · The Hi-Tech Group · Toyota · TVS · TVS Supply Chain Solutions · Vardhman

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 09-02-2026 Zone: Faridabad Edition: 1 Page: NBTFRP4 User: kshitish.misra@timesofindia.co Time: 02-08-2026 22:04 Color:



# मॉल में फायरिंग के तीन आरोपी गिरफ्तार



यमुनानगर में मुठभेड़ के बाद घटनास्थल की तहकीकात करती टीम

■ NBT न्यूज, यमुनानगर

यमुनानगर में शनिवार देर रात सिटी मॉल और प्राइवेट अस्पताल में फायरिंग करने वाले दो बदमाशों की पुलिस से मुठभेड़ हो गई। पुलिस टीम को देख बदमाशों ने फायरिंग कर दी। जवाब में पुलिस ने भी क्रॉस फायरिंग की। दोनों तरफ से करीब 25 से 30 राउंड गोलियां चलीं। काफी देर चली मुठभेड़ में दो बदमाशों के पैर में गोली लग गई, जबकि तीसरा बदमाश बाइक से गिरकर घायल हो गया। इसके बाद पुलिस ने तीनों को अरेस्ट कर लिया। सीआईए टू इंचार्ज राकेश को दो और सीआईए वन के इंचार्ज राजकुमार को एक गोली लगी है। मगर, बुलेट प्रूफ जैकेट होने की वजह से उनकी जान बच गई। पुलिस ने रविवार को बताया कि शनिवार रात दो बदमाशों पहले वरयाम अस्पताल में 13 से 14 राउंड फायरिंग कर दी। फिर मॉल में गोलीबारी की।

# KMP एक्सप्रेसवे के किनारे पांच नए स्मार्ट शहर बसाएगी सरकार

■ NBT न्यूज, चंडीगढ़



AI Image

**हरियाणा सरकार** राज्य के सुनियोजित शहरी और औद्योगिक विकास के लिए एक बड़ी योजना पर काम कर रही है। कुंडली–मानेसर–पलवल (KMP) एक्सप्रेसवे के दोनों ओर पांच नए आधुनिक शहर बसाए जाएंगे। इन शहरों का विकास 'पंचग्राम विकास प्राधिकरण' के तहत किया जाएगा। सरकारी योजना के अनुसार ये पांच शहर सोनीपत, झज्जर, गुरुग्राम, नूंह और पलवल जिलों में विकसित होंगे।

2031 की संभावित जनसंख्या को ध्यान में रखते हुए सरकार ने नए शहर विकसित करने के उद्देश्य से पंचग्राम विकास प्राधिकरण का गठन किया है। इस पूरी परियोजना में लगभग 760 गांवों की जमीन को शामिल किया जाएगा। सभी नए शहर KMP एक्सप्रेसवे के दोनों ओर दो किलोमीटर के दायरे में विकसित किए जाएंगे। सरकार का मानना है कि औद्योगिक गतिविधियां तेज होंगी और रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। बेहतर कनेक्टिविटी के कारण निवेशकों को भी आकर्षित किया जा सकेगा।

**परियोजना में 760 गांवों की जमीन शामिल होगी**

उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने रविवार को कहा कि लगभग 135 किलोमीटर लंबा कुंडली–मानेसर–पलवल (केएमपी) एक्सप्रेस वे अत्यंत महत्वपूर्ण संपत्ति है। 2031 की जनसंख्या को ध्यान में रखते हुए नए शहर विकसित करने के लिए पंचग्राम विकास प्राधिकरण बनाया है।

## 1000 एकड़ में बनेगी ग्लोबल सिटी

हरियाणा सरकार सोहना के पास 1000 एकड़ में 'ग्लोबल सिटी' विकसित कर रही है। इसके अलावा राज्य में 10 नई इंडस्ट्रियल मॉडल टाउनशिप (IMT) भी प्रस्तावित है। इसका उद्देश्य हरियाणा को एक मजबूत औद्योगिक गलियारे के रूप में विकसित करना है। इससे न केवल औद्योगिक निवेश बढ़ेगा, बल्कि आसपास के क्षेत्रों में रोजगार के अवसर, बेहतर आवासीय सुविधाएं मिलेंगी। ट्रैफिक दबाव में कमी आएगी। शहरीकरण का विकास भी सुनिश्चित होगा।

# किसान बोले, आईएमटी के लिए नहीं देंगे सस्ती ज़मीन

AI Image



■ NBT न्यूज, चंडीगढ़: प्रदेश के छह जिलों में आईएमटी (इंडस्ट्रियल मॉडल सिटी) स्थापित करने की तैयारी कर रही है। आईएमटी के लिए सस्ती जमीन देने से किसानों ने इनकार कर दिया है। जमीन की उपलब्धता न होने से योजना पर ब्रेक लगा दिया है। आईएमटी के लिए किसानों ने अपनी जमीन के छह गुना दाम मांगे हैं। इससे परियोजनाएं अभी तक पूरी नहीं हो पाई हैं। अब सरकार आईएमटी के लिए तय जमीन का दायरा कम करने पर मंथन कर रही है। विचार-विमर्श चल रहा है।

सरकारी परियोजनाओं के लिए जमीन मालिकों से बाजार भाव पर जमीन खरीदने की योजना पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने शुरू की थी। मुख्यमंत्री ने बजट में 10 आईएमटी बनाने की घोषणा की थी। इनमें से अंबाला, यमुनानगर, रेवाड़ी, पलवल, फरीदाबाद और जींद में आईएमटी बनाने की प्रक्रिया आरंभ की जा चुकी है। अंबाला और यमुनानगर की आईएमटी बनाने की प्रक्रियाएं लगभग पूरी हो चुकी हैं, जबकि बाकी आईएमटी के लिए अभी बड़ी बाधा बनी हुई है

# हादसे में ऑटो ड्राइवर की मौत

■ NBT न्यूज, कुरुक्षेत्र : कुरुक्षेत्र जिले के लाडवा में पीपली रोड पर शनिवार की रात ऑटो और पिकअप की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। इस हादसे में ऑटो चला रहे व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि पिकअप वाहन के ड्राइवर समेत दो लोग जख्मी हो गए। टक्कर के बाद ऑटो का ड्राइवर केबिन के बीच में फंस गया, जिसे मुश्किल से बाहर निकाला गया। पुलिस ने रविवार को बताया कि मारे गए व्यक्ति की पहचान राजेश कुमार के रूप में हुई है।

# SYL विवाद में ट्रिब्यूनल ने हरियाणा के दावों को परखा

■ NBT न्यूज, कुरुक्षेत्र

**रावी–ब्यास** नदियों के जल बंटवारे को लेकर पंजाब, हरियाणा और राजस्थान के बीच दशकों से चले आ रहे विवाद में अब समाधान की दिशा में ठोस पहल हुई। केंद्र सरकार की ओर से गठित रावी–ब्यास जल ट्रिब्यूनल ने शनिवार को हरियाणा के कुरुक्षेत्र स्थित बुहेड़ा हेड पहुंचकर नहर प्रणाली और जल उपयोग के दावों की



जमीनी जांच की।

चेयरमैन जस्टिस विनीत सरन के नेतृत्व में ट्रिब्यूनल के सात सदस्यीय दल ने करीब दो घंटे तक बुहेड़ा हेड का निरीक्षण किया। हरियाणा ने ट्रिब्यूनल के सामने दावा किया कि राजीव-लोंगोवाल समझौते के तहत हरियाणा को पंजाब से 3.5 मिलियन एकड़ फीट (एमएएफ) पानी मिलना चाहिए, जबकि वर्तमान में केवल 1.88 एमएएफ पानी ही उपलब्ध कराया जा रहा है। पानी की कमी के कारण दक्षिण हरियाणा की नहरें 30 दिन से अधिक समय तक सूखी रहती हैं। ट्रिब्यूनल ने यह भी परखा कि जिस मात्रा में हरियाणा पानी की मांग कर रहा है, क्या उसकी नहरें उपयोग क्षमता उसके अनुरूप है।

# कार के शीशे तोड़े, मारपीट, 18 पर केस दर्ज



■ NBT न्यूज, जींद : गांव झांज खुर्द व झांज खुर्द के निकट बारात से लौट रहे कार सवारों पर शनिवार की रात कुछ युवकों ने हमला कर दिया और गाड़ी के शीशे तोड़ डाले। हमले में कार सवार चार युवक भी घायल हो गए। पुलिस ने घायलों की शिकायत पर तीन युवकों को नामजद कर 15 अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया है। लोकेश ने रविवार को पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने चचेरे भाई की बारात से कार में सवार होकर शनिवार की रात घर वापस लौट रहे थे। बाइक सवार दो युवकों ने उनकी गाड़ी का रास्ता रोक लिया। जब तक वे कुछ समझते तब तक कुछ युवक लाठियों तथा डंडों से उन टूट पड़े।


**हमले में कार सवार चार युवक भी घायल हो गए**

# पशु मेले में ऊंट पर बैठे सीएम कहा–पंजाब में खिलेगा कमल

■ NBT न्यूज, कुरुक्षेत्र

मुख्यमंत्री नायब सैनी रविवार को कुरुक्षेत्र में चल रहे 4 वें राज्य स्तरीय पशुधन मेले के समापन कार्यक्रम में पहुंचे। यहां मुख्यमंत्री ने ऊंट पर सवारी की और पूरा मेला देखा। उनके साथ कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा और सांसद नवीन जिंदल भी मौजूद रहे। मेले में मुख्यमंत्री ने गाय को गुड़ खिलाया। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के अलग-अलग हिस्से से आए पशुपालकों के साथ बातचीत की। मुख्यमंत्री के सामने ऊंट, गाय, भैंस, घोड़े और बकरियों ने रैंप पर कैटवॉक करके दिखाया। मुख्यमंत्री ने मुस्कुराते हुए पशुपालकों का हाथ हिलाकर अभिवादन किया। मुख्यमंत्री ने इस मेले को ग्रामीण संस्कृति, पशुधन परंपरा और आत्मनिर्भर भारत का जीवंत प्रमाण बताया।

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने दावा किया कि पंजाब में बीजेपी की सरकार बनेगी क्योंकि आम आदमी पार्टी ने वहां लोगों को बड़े-बड़े सपने दिखाए। लेकिन उन्हें पूरा नहीं किया। पंजाब की जनता अब कह रही है कि आम आदमी पार्टी से कब पीछा छूटेगा। आरोप लगाया कि पंजाब में भ्रष्टाचार बढ़ गया है और बिना सेवा के



मुख्यमंत्री ने पशुपालकों से बातचीत की, रैंप पर पशुओं का वॉक देखा।

हरियाणा पब्लिक सर्विस कमीशन (HPSC) को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के बयान पर मुख्यमंत्री नायब सैनी ने पलटवार किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के कार्यकाल को प्रदेश की जनता अच्छे से जानती है। हाईकोर्ट ने उस समय क्या टिप्पणियां की थी, यह सबके सामने है। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि कांग्रेस के राज में नौकरियां बिकती थी। लोगों को अपने बच्चों की नौकरी के लिए जमीन तक बेचनी पड़ती थी। मां-बाप को गहने गिरवी रखने पड़ते थे और कर्ज लेना पड़ता था। इसके बावजूद नौकरी नहीं मिलती

## मेले में आया सांड, हलवा पूरी पसंद

हरियाणा के कुरुक्षेत्र में केडीबी मेला ग्राउंड में चल रहे राज्य स्तरीय पशु मेले में रविवार को थारपारकर नस्ल का बुल (सांड) पहुंचा। इस बुल का नाम चांद है, जिसे फतेहाबाद जिले के मोहम्मदपुर रोही गांव के रहने वाले लोकेश गुर्जर लेकर आए। 4 साल के चांद का वजन 800 किलोग्राम है। पशुपालक लोकेश गुर्जर ने बताया कि चांद ने कभी निराश नहीं किया। चांद जिस भी मेले में गया, कभी खाली नहीं लौटा। चांद 5 बार का चैंपियन रह चुका है। महेंद्रगढ़ में हुई चैंपियनशिप में चांद फर्स्ट पोजीशन पर रहा था। मैंने इसे देसी खुराक देकर पाला है। अब थारपारकर ब्रीड बहुत कम देखने को मिल रही है। लोकेश ने बताया कि उनको चांद गुजरात से गिफ्ट में मिला था। तब उसकी उम्र सिर्फ 8 महीने की थी। उन्होंने कहा कि मैंने चांद को कमाई के लिए नहीं पाला है।

## भारतीय रिज़र्व बैंक
मुख्य कार्यालय भवन, सिविल लाइंस, नागपुर – 440001

**ई – निविदा सूचना**

भारतीय रिज़र्व बैंक, नागपुर ई-निविदा के माध्यम से नागपुर / रायपुर / जगदलपुर और छत्तीसगढ़ राज्य के विभिन्न जिलों के बीच मूल्यवान कार्गो की आवाजाही के लिए एक साल की अवधि के लिए योग्य, भरोसेमंद और संसाधनपूर्ण **हवाई माल सेवा प्रदाताओं से** निविदाएं आमंत्रित करता है।

ई- निविदा सं: (RBI/Nagpur Regional Office/Issue/5/25-26/ET 946)

2. निविदाएं 09 फरवरी 2026 (सुबह 12:00 बजे) से बैंक की वेबसाइट (www.rbi.org.in) और एमएसटीसी पोर्टल (https://www.mstcecommerce.com/eprochome/rbi) पर देखने और डाउनलोड करने के लिए उपलब्ध होंगी। ई-निविदा प्रक्रिया में भाग लेने के लिए सभी इच्छुक बोलीदाताओं को एमएसटीसी पोर्टल पर अपना पंजीकरण कराना अनिवार्य है। बोलियां 27 फरवरी 2026 (सुबह 12:00 बजे) से 09 मार्च 2026 (सुबह 12:00 बजे) तक एमएसटीसी पोर्टल पर प्रस्तुत की जा सकती है।

टिप्पणी: यदि भविष्य में इस निविदा में कोई संशोधन / शुद्धिपत्र जारी किया जाता है, तो वह ऊपर दी गई आरबीआई की वेबसाइट और एमएसटीसी पोर्टल पर अधिसूचना जारी की जाएगी तथा उसे समाचारपत्र में प्रकाशित नहीं किया जाएगा।

क्षेत्रीय निदेशक
भारतीय रिज़र्व बैंक, नागपुर

## संसद पुस्तकालय
**वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिए पुस्तक आपूर्तिकर्ताओं का पैनलबद्धीकरण**

संसद पुस्तकालय वित्तीय वर्ष 2026–27 के दौरान अनुमोदन के आधार पर संसद पुस्तकालय को पुस्तकों की आपूर्ति हेतु प्रतिष्ठित पुस्तक आपूर्तिकर्ताओं/प्रकाशकों/वितरकों आदि से आवेदन आमंत्रित करता है। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 20 फरवरी 2026 है। विवरण के लिए, कृपया http://sansad.in/ls/tenders पर जाएं।

CBC 31201/11/0005/2526

TIMES interact — Connecting People, Connecting Needs
To book your ad | Logon to: ads.timesofindia.com or Call: 18001205474 (Toll Free) | Scan QR Code

टेंडर और नोटिस

सार्वजनिक सूचना (नोटिस)

पंजाब नैशनल बैंक punjab national bank
मण्डल कार्यालय पूर्वी दिल्ली ...
सार्वजनिक सूचना
... स्थानांतरित की जाने वाली शाखा का वर्तमान स्थान B-3 ... स्थानांतरित की जाने वाली शाखा का नया स्थान – B-3 ... दिल्ली, 110094 ...
दिनांक: 09.02.2026 मण्डल प्रमुख

निविदाएं (टेंडर्स)

INDIAN KAYAKING & CANOEING ASSOCIATION
Registered under the Societies Registration Act XXI 1860 Recognized by Ministry of Youth Affairs & Sports Department, Govt. of India, New Delhi
E-mail: ikcasports@gmail.com
Tel: +91 7982515082
TENDER NOTICE
IKCA invites tender for Consultancy Specifically for International ICF Approved Artificial Canoe Slalom Course Date of Sale & Submission of Tender 09.02.2026 to 21.02.2026 upto 06:00 pm
Download it from: https://www.ikca.in/ and http://sportsauthorityofindia.nic.in
(Prashant Kushwaha) President

बिजनेस

बिक्री के लिए

USED commercial kitchen equipment's available in Ranchi. Brand - ElanPro Refrigerators. Call 9999619666 for details.

व्यक्तिगत

नाम परिवर्तन

I, Suryansh Jain S/o, Shri Vijay Sharma R/o 126 Lane C-8/1 Central Avenue Sainik Farms New Delhi-110062. have changed my name and hereafter be known as Suryansh Rana Sharma.

I, Ruby, D/o ZULFIQUAR ALI, R/o F-B/4, Flat-123, 4th Floor Shaheen Bagh Jamia Nagar Okhla, New Delhi 110025, have changed my name to Ruby Naushad for DL, Passport, Bank & other records.

भर्ती

रिक्त पद

REQ Technical Sales Executives/Engineers for HVAC Projects. Applicant must hv in line exp of 3yrs+, good communication skills & own conveyance. Apply: rahul.pujnik@gmail.com /Whatsapp 9650794700

REQ Accounts / Commercial Assistants for an Engineering Company in Vasant Kunj. M/F Applicants must hv 2 Yrs Exp. Apply rahul.pujnik@gmail.com / Whatsapp 9650794700

HEALTH & WELLNESS

बचपन की गलतियों से बने गुप्त रोगों के लिए
चेतन आयुर्वेदा
बदरपुर · दरियागंज · भजनपुरा · छतरपुर
E-2, Opp Petrol Pump Bhajanpura
9817469817

TIMES interact SPECIAL

WAREHOUSE ON RENT
With all modern amenities & compliances.
A'bad-Baroda Highway
Nr. Kheda, NH 48.
44000 sq.ft.
Highway Touch
Call: 9825015939

Readers are recommended to make appropriate enquires and seek appropriate advice before sending money, incurring any expenses, acting on medical recommendations or entering into any commitment in relation to any advertisement published in this publication. All creatives marked as Advertorial, Spotlight and Promotional Features are to be treated as Advertisements. The Times of India Group doesn't vouch for any claims made by the Advertisers of the products and services. The Printer, Publisher, Editor, and the owners of The Times of India Group publications shall not be held liable for any consequences, in the event such claims are not honoured by the Advertisers.

TIMES interact
TO ADVERTISE IN THE CLASSIFIEDS SECTION, FOR ANY OF THE BELOW MENTIONED CATEGORIES
MATRIMONIAL · BUSINESS · PROPERTY
RECRUITMENT, EDUCATION · SHOPPING · SERVICES, VEHICLES, TRAVEL
TENDER, PUBLIC NOTICE · CHANGE OF NAME, LOST & FOUND · BIRTHDAY/ ANNIVERSARY ADS
Please call us at the below mentioned nos.

| Area / Zone | Contact Person | Mobile No. |
|---|---|---|
| North Delhi | Amit Ghosh | 98117 90649 |
| South Delhi + Faridabad | Raghav Arora | 99999 95460 |
| Ghaziabad | Sunil Srivastava | 99994 99496 |

| Area / Zone | Contact Person | Mobile No. |
|---|---|---|
| West Delhi + Dwarka + Gurgaon | Aman Pasricha | 93126 33518 |
| Central Delhi | Amit Ghosh | 98117 90649 |
| | Sunil Srivastava | 99994 99496 |
| Noida + East Delhi | Sumit Negi | 98992 68321 |

BOOK YOUR EDUCATION ADS
PLEASE CONTACT AMIT : 9811790649
TO BOOK ONLINE LOG ON TO ads.timesofindia.com

## कार्यालय मुख्य अभियंता; इंदिरा सागर परियोजना (नहरें) सनावद, जिला - खरगोन (म.प्र.)

निविदा सूचना क्र. /सामान्य. / 2025-26/ 14 | सनावद, दिनांक : 03.02.2026

:: निविदा आमंत्रण सूचना ::
( प्रथम आमंत्रण )

ई-टेण्डरिंग पद्धति द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिये आवश्यक निविदाएँ नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण की वेबसाइट https://mptenders.gov.in के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। निविदा की संक्षिप्त जानकारी निम्नानुसार है :-

| क्र. | नि. आ. सू. क्र. | कार्य का नाम | कार्य की लागत यू.एस.आर. 18.07.2024 के आधार पर (रू.लाख में) | धरोहर की राशि (रूपये में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रूपये में) | ठेकेदारी की श्रेणी | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | | [illegible] (एक मुश्त निविदा) | Rs. 4834.93 लाख | Rs. 50.00 लाख | Rs. 50,000.00 | [illegible] कोई भी श्रेणी। | दिनांक 30/09/2026 (वर्षाकाल सहित) |

1. निविदा कार्य के प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि : दिनांक 18.02.2026, 17:30 तक
2. धरोहर राशि एवं पूर्व अर्हता दस्तावेज वेब साईट पर खोलने की अनुमानित तिथि : दिनांक 20.02.2026, 10:30 से
3. मूल्य निविदा खोलने की अनुमानित तिथि : दिनांक 25.02.2026, 10:30 से

निविदा की विस्तृत जानकारी एवं संशोधन के लिये वेबसाईट www.mptenders.gov.in का अवलोकन करें।


''पॉक्सो है सुरक्षा का हथियार, बच्चों पर न करें अत्याचार''

G-25532/25

Sd/-
मुख्य अभियंता,
इंदिरा सागर परियोजना (नहरें), सनावद, जिला-खरगोन (म.प्र.)

# लाखों की पराली फूंकने का आरोप, FIR

■ NBT न्यूज, सोनीपत : जिले के गोहाना क्षेत्र के गांव बुटाना में एक युवक पर अपने चाचा की मेहनत की कमाई को आग के हवाले करने का मामला सामने आया है। आरोपी ने पुरानी कहासुनी का बदला लेने के लिए करीब लाखों की पराली को जलाकर राख कर दिया। मुंडलाना पुलिस चौकी ने पीड़ित की शिकायत पर आरोपी भतीजे के खिलाफ संगीन धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। गांव बुटाना निवासी मंगतू ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह पराली खरीदने और बेचने का काम करते हैं। उन्होंने अपने और आसपास के गांवों से करीब 150 से 200 किले की पराली खरीदकर गांव के कब्रिस्तान के पास इकट्ठा की हुई थी।



TIMES TRIBUTE — PAYING HOMAGE TO THE DEPARTED SOUL
To book your ad | Logon to: ads.timesofindia.com or Call: 18001205474 (Toll Free) | Scan QR Code

REMEMBRANCE SHARING MEMORIES



श्री इन्द्र चन्द जैन
(22.12.1932 – 09.02.2007)
आपके सिद्धांत सदैव हमारा मार्गदर्शन करते रहेंगे एवं आपकी स्मृतियाँ सदैव हमारे साथ रहेंगी
समस्त परिजन एवं स्वजन
अतुल ज्वैलर्स, अल्मास ज्वेल्स प्राइवेट लिमिटेड, डीजीएसएल, डीएमआई, सिलगोल्ड लग्जरी।

"HONOUR. COURAGE. BRAVERY. Three words that you taught us. Three words that help us cope with your loss".

The silent joy of remembering a loved one. The moments you shared together. Little moments that make life beautiful.

Share them. With Friends. Relatives. Neighbours. Colleagues. With all those whose lives the departed Soul has touched. Because while life goes on, when you share memories, they stay on forever.

| Publications | Total Outlay |
|---|---|
| The Times of India Delhi/NCR | 5,600 |
| TOI+NBT (Delhi/NCR) | 8,800 |
| TOI+ET (Delhi/NCR) | 6,600 |

REMEMBRANCE SHARING MEMORIES
For any information call
Vinod : 9958992088
Pankaj : 8130604727

TIMES TRIBUTES
RATE CARD

| Publications | Rates per sq. cms |
|---|---|
| TOID Capital + NBT (Delhi+NCR) | 1295 |
| TOID Full Run ## + NBT (Delhi+NCR) | 1360 |
| THE TIMES OF INDIA (Delhi+NCR) | 780 |
| THE TIMES OF INDIA (Delhi) Full Run## | 900 |
| NAVBHARAT TIMES (Delhi+NCR) | 595 |
| THE ECONOMIC TIMES (Delhi+NCR) | 715 |
| SANDHYA TIMES (Delhi) | 100 |

Rates effective 5th June 2019

▸ *Placement on specified obit pages only ▸ This rate benefit is extended up till the size of 320 sq. cm only. ▸ ## Full run includes Delhi City + NCR (Including Gurgaon + Noida) + Chandigarh + Western U.P. + Uttarakhand ▸ TOI Capital (Delhi & NCR) includes TOI Gurgaon & TOI Noida.

To place an Obituary announcement or Remembrance message please call
Vinod: 9958992088
Pankaj : 8130604727

TO BOOK AN OBITUARY AD PLEASE CONTACT
VINOD : 99589 92088 &
PANKAJ : 81306 04727

# धर्मांतरण, घुसपैठ से बिगड़ रही आबादी: भागवत


## RSS प्रमुख ने कहा, संघ के कार्यकर्ता भाषा के आधार पर संदिग्ध घुसपैठियों की पहचान करते हैं

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: RSS प्रमुख मोहन भागवत ने रविवार को कहा कि देश में आबादी का संतुलन बिगड़ने के पीछे तीन मुख्य कारण हैं। यह है धर्म परिवर्तन, घुसपैठ और जन्म दर में कमी। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक रिसर्च के हिसाब से एक परिवार में तीन बच्चे होने चाहिए। हालांकि उन्होंने यह भी साफ किया कि यह हर किसी की अपनी पसंद का मामला है। उन्होंने जबरदस्ती, लालच या धोखे से धर्म बदलवाने और किसी खास संप्रदाय की संख्या बढ़ाने की निंदा की। उन्होंने कहा कि जो लोग वापस अपने मूल धर्म में आना चाहते हैं, उनके लिए घर वापसी ही सबसे सही रास्ता है।

घुसपैठ पर पूछे गए एक सवाल के जवाब में भागवत ने कहा कि संघ के कार्यकर्ता भाषा के आधार पर संदिग्ध घुसपैठियों की पहचान करते हैं और इसकी जानकारी प्रशासन को देते हैं। भागवत मुंबई में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) के शताब्दी वर्ष (100 साल) के मौके पर आयोजित एक चर्चा में सवालों के जवाब दे रहे थे।

उन्होंने कहा, घुसपैठ पर सरकार को बड़े स्तर पर काम करने की जरूरत है। उन्होंने बताया कि घुसपैठियों की पहचान कर उन्हें बाहर निकालने का काम धीरे-धीरे शुरू हो गया है और अब इसमें तेजी आएगी। उन्होंने कहा कि नौकरी में भारतीय नागरिकों (मुस्लिमों सहित) को ही काम मिलना चाहिए, विदेशियों को नहीं। उन्होंने गौर किया कि हिंदू समाज ज्यादा सैलरी वाली नौकरियों के चक्कर में छोटे या रोजमर्रा के कामों से दूर हो गया है। इससे घुसपैठियों को ऐसी जगहों पर काम करने का मौका मिल गया है। भागवत ने कहा, हम किसी की नौकरी नहीं छीनना चाहते, लेकिन पहले हमारे लोगों को काम मिलना चाहिए।

PTI



संघ का सरसंघचालक कोई ब्राह्मण नहीं बन सकता, कोई क्षत्रिय नहीं बन सकता, कोई अन्य जाति का नहीं बन सकता, हां जो कोई भी बनेगा वह हिंदू ही होगा। –मोहन भागवत

### बांग्लादेश में हिंदू एकजुट रहेंगे तो...


बांग्लादेश के हिंदुओं पर कहा कि अगर वे एकजुट रहेंगे, तो वहां की राजनीति पर असर डाल पाएंगे। उन्होंने कहा, बांग्लादेश के हिंदुओं ने भागने के बजाय एकजुट होकर मुकाबला करने का फैसला किया है। संघ अपनी सीमित क्षमता के भीतर उनकी भलाई के लिए जो बन पड़ेगा, वह करेगा। उन्होंने यह भी कहा कि देश को तोड़ने वाली ताकतें खुद बिखर जाएंगी और भारत इन चालों में नहीं फंसेगा। 2047 तक देश के बंटवारे की आशंका पर पूछे गए सवाल के जवाब में भागवत ने कहा, लोगों को तब तक 'अखंड भारत' का सपना देखना चाहिए।

### संघ प्रमुख बोले

- **UCC पर राय:** सबको भरोसे में लेकर बनाई जाए, ताकि समाज में फूट न पड़े।
- **सावरकर का सम्मान:** सावरकर को भारत रत्न मिलने से इस सम्मान की गरिमा बढ़ेगी।
- **बीजेपी और संघ:** संघ के 'अच्छे दिन' बीजेपी की वजह से नहीं आए।
- **धार्मिक सद्भाव:** मुस्लिम और ईसाई समुदाय के साथ संवाद और दोस्ती जरूरी है।
- **ट्रेड डील:** अंतरराष्ट्रीय व्यापार में भारत का फायदा सुरक्षित रहना चाहिए।
- **युवा संघ:** RSS के स्वयंसेवकों की औसत उम्र 28 साल है, 25 करने का लक्ष्य है।

### 'सिर्फ वोट के लिए रह गई है जाति'

RSS प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि जाति अब ज्यादातर निजी स्वार्थ और राजनीतिक फायदों के लिए ही बची है। जाति का जो पुराना आधार (काम-धंधा) था, वह अब खत्म हो चुका है। भागवत ने कहा कि जाति के नाम पर होने वाले झगड़ों को खत्म करने के लिए संवेदनशीलता और एक नरम सोच की जरूरत है। कहा कि नेता जाति के नाम पर वोट इसलिए मांगते हैं क्योंकि समाज में जाति की पहचान आज भी बहुत गहरी है। उन्होंने कहा कि नेताओं के लिए चुनाव जीतना उनकी विचारधारा से ज्यादा जरूरी हो गया है।



# पप्पू यादव पर कांग्रेस का बदला रुख, क्या हैं मायने?

PTI



सांसद पप्पू यादव की गिरफ्तारी के विरोध में कांग्रेस का पटना में प्रदर्शन।

Hemwati.Rajura1
@timesofindia.com

■ नई दिल्ली : बिहार में निर्दलीय सांसद पप्पू यादव के पुराने मामले में गिरफ्तारी के बाद जिस तरह कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व उनके समर्थन में आया है। यह विधानसभा चुनाव के बाद पार्टी के बदले स्टैंड का संकेत है। ऐसे में जब कांग्रेस राज्य में एकला चलो रे की संभावना तलाश रही है, पार्टी का यह रुख आरजेडी के साथ गठबंधन को असहज कर सकता है। पप्पू यादव से आरजेडी नेतृत्व कभी सहज नहीं रहा है।

आरजेडी के विरोध के चलते कांग्रेस लंबे समय तक पप्पू यादव को लेकर खुलकर समर्थन में नहीं आती रही। रणनीतिक कारण साफ थे कि गठबंधन की राजनीति में आरजेडी की नाराजगी कांग्रेस के लिए राजनीतिक नुकसान बन सकती थी। इसलिए कांग्रेस ने दूरी और संतुलन की नीति अपनाई। लेकिन पप्पू यादव की गिरफ्तारी के बाद राहुल गांधी और प्रियंका गांधी का खुला समर्थन इस पूरी रणनीति में बड़ा बदलाव दिखाता है। यह केवल एक नेता के समर्थन का मामला नहीं है, बल्कि यह राजनीतिक दिशा-संकेत है।

बिहार चुनाव में महागठबंधन की हार के बाद कांग्रेस और आरजेडी के रिश्ते में तल्खी और गहरी हो गई थी। दोनों दलों के नेता एक-दूसरे पर हार की जिम्मेदारी डालते रहे। कांग्रेस के भीतर से यह आवाज तेज हुई कि गठबंधन में रहकर पार्टी का विस्तार संभव नहीं है। सूत्रों के मुताबिक बिहार कांग्रेस नेताओं की बैठक में अधिकांश नेताओं ने केंद्रीय नेतृत्व से साफ कहा कि अब आगे बिहार में अकेले चुनाव लड़ने की रणनीति अपनाई जानी चाहिए। इसके बाद कांग्रेस की तरफ से एकला चलो के संकेत भी दिखने लगे। ऐसे माहौल में पप्पू यादव की गिरफ्तारी पर राहुल गांधी और प्रियंका गांधी का खुला समर्थन केवल नैतिक समर्थन नहीं है यह राजनीतिक लाइन खींचने जैसा कदम है। यह संकेत देता है कि कांग्रेस अब अपने फैसले आरजेडी की राजनीतिक असहजता देखकर नहीं, बल्कि अपनी स्वतंत्र रणनीति के आधार पर लेना चाहती है।

# गौरव गोगोई, पत्नी का पाक लिंक: हिमंता
## आरोप C-ग्रेड सिनेमा से भी घटिया है: गोगोई

■ पीटीआई, गुवाहाटी: असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने रविवार को कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई पर बेहद गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने दावा किया कि गौरव गोगोई, उनकी ब्रिटिश पत्नी एलिजाबेथ कोलबर्न और पाकिस्तानी नागरिक अली तौकीर शेख के बीच 'गहरा संबंध' है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि इंटेलिजेंस ब्यूरो (IB) की गोपनीय जानकारी चोरी-छिपे पाकिस्तान को भेजी गई। दूसरी तरफ, असम कांग्रेस के अध्यक्ष गौरव गोगोई ने मुख्यमंत्री की इस प्रेस कॉन्फ्रेंस को 'सी-ग्रेड सिनेमा से भी बदतर' और 'सुपर फ्लॉप' बताया।

आने वाले विधानसभा चुनावों से पहले एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए सरमा ने आरोप लगाया कि कोलबर्न जब भारत में काम कर रही थीं, तब पाकिस्तानी नागरिक शेख ने उन्हें सैलरी दी, जो विदेशी चंदा नियमन कानून (FCRA) का सीधा उल्लंघन है। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि गोगोई ने साल 2013 में पाकिस्तान का एक 'अत्यधिक गोपनीय' दौरा किया था। सरमा ने कहा कि वहां गौरव गोगोई ने 'किसी तरह की ट्रेनिंग' ली थी। उन्होंने कांग्रेस नेता को चुनौती दी कि वे इस यात्रा के बारे में सब सच बताएं, वरना उन पर 'राष्ट्रद्रोह' का मामला चलना चाहिए। बीजेपी नेता ने कहा कि शेख 2010 से 2013 के बीच 13 बार भारत आया और उसने वैश्विक स्तर पर 'भारत विरोधी नैरेटिव' तैयार करने पर ध्यान दिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा मानना है कि गोगोई, कोलबर्न और शेख के बीच कोई बड़ा कनेक्शन है। ये लोग एक अंतरराष्ट्रीय साजिश का हिस्सा थे। सरमा ने दावा किया कि इन लोगों ने भारत सरकार को दरकिनार कर स्थानीय नगर निकायों के साथ काम किया। उन्होंने कहा कि असम पुलिस इसकी जांच नहीं कर सकती, इसलिए हमने गृह मंत्रालय से राष्ट्रीय स्तर पर जांच की सिफारिश की है। सरमा ने दावा किया कि कोलबर्न पाकिस्तान की संस्था लीड (LEAD) के लिए काम करती थीं, जिसे शेख चलाता था। उन्हें इसी ग्रुप के साथ काम करने के लिए भारत भेज दिया गया, उनकी सैलरी शेख ही देता रहा। उन्होंने आरोप लगाया कि 'लीड पाकिस्तान' ने 'लीड इंडिया' को पैसा भेजा और नियमों को ताक पर रखकर कोलबर्न को पेमेंट की गई।

### '12,000 बीघा जमीन का हिसाब दें मुख्यमंत्री'



गौरव गोगोई

असम कांग्रेस के अध्यक्ष गौरव गोगोई ने सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म 'X' पर एक पोस्ट में कहा, मुझे दिल्ली और असम के उन पत्रकारों पर तरस आता है, जिन्हें इस सदी की सबसे फ्लॉप प्रेस कॉन्फ्रेंस झेलनी पड़ी। यह सी-ग्रेड सिनेमा से भी घटिया था। खुद को राजनीतिक रूप से चतुर कहने वाले मुख्यमंत्री ने बहुत ही बेतुकी और बकवास बातें पेश की हैं। गोगोई ने दावा किया, हमारी परिवर्तन यात्रा ने मुख्यमंत्री और उनके परिवार के कब्जे वाली 12,000 बीघा जमीन का पर्दाफाश करके बड़ी कामयाबी हासिल की है। उन्होंने कहा, सीएम को यह बताना चाहिए कि उन्होंने और उनके परिवार ने पूरे असम में 12,000 बीघा की इतनी महंगी जमीनें कैसे हासिल कीं। जब हम सत्ता में आएंगे, तो हम ये जमीनें वापस लेंगे और गरीबों में बांट देंगे।



असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा

### क्या है SIT रिपोर्ट?

- एलिजाबेथ (गोगोई की पत्नी) ऐसी अंतरराष्ट्रीय परियोजनाओं पर काम कर रही थीं जिनका संबंध भारत और पाकिस्तान दोनों देशों से था।
- इसमें 'क्लाइमेट एंड डिवेलपमेंट नॉलेज नेटवर्क' (CDKN) नाम का ग्लोबल नेटवर्क की गतिविधियां भी शामिल थीं।
- 'लीड पाकिस्तान' के संस्थापक अली तौकीर शेख के साथ गोगोई की पत्नी एलिजाबेथ के काम करने का दावा।
- दिल्ली में 'लीड इंडिया' नाम की एक यूनिट सिर्फ इसलिए बनाई गई ताकि विदेशी पैसे को भारत लाया जा सके।
- भारत में काम करने के दौरान उनकी सैलरी पाकिस्तान से आती थी, यह FCRA नियमों के खिलाफ है।
- रिपोर्ट केंद्रीय गृह मंत्रालय को भेजी गई।






## बंगाल में घोषणापत्र पर BJP की तैयारी

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : पश्चिम बंगाल में अगले कुछ महीनों में विधानसभा चुनाव हैं और बीजेपी ने घोषणापत्र पर काम करना शुरू कर दिया है। बीजेपी घोषणापत्र के लिए जनता की राय ले रही है। इसके लिए अभियान शुरू किया गया है। जिसके तहत सार्वजनिक जगहों पर सुझाव पेटी रखी जाएंगी जिसमें लोग अपने सुझाव या शिकायतें दे सकते हैं। छोटी छोटी मोहल्ला मीटिंग की जाएंगी जिसमें लोगों से उनकी आकांक्षाओं को लेकर बात की जाएगी। लोगों से मिले सुझाव के आधार पर बीजेपी चुनाव में जनता से वादा करेगी और उन मुद्दों को प्राथमिकता से उठाएगी जो लोगों को प्रभावित करते हैं।

## बेटे को ले गए बूथ, तीन सस्पेंड

■ पीटीआई, छत्रपति संभाजीनगर: महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर में जिला परिषद चुनाव के दौरान एक बड़ी लापरवाही सामने आई है। पैठण तालुका में शिवसेना विधायक विलास भुमरे अपने बेटे को साथ लेकर EVM रूम के अंदर चले गए। इस मामले में रविवार को तीन कर्मचारियों को सस्पेंड कर दिया गया। अधिकारियों ने जांच के आदेश दे दिए हैं। यह मामला शनिवार को पाचोड़ पोलिंग बूथ पर हुआ। वहां विधायक भुमरे और उनके बेटे, दोनों की उंगलियों पर स्याही लगाई गई। इस घटना का विडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

## अंकिता भंडारी केस में महापंचायत
# SC की निगरानी में CBI जांच की मांग

■ NBT रिपोर्ट, देहरादून: अंकिता भंडारी हत्याकांड की जांच सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में सीबीआई (CBI) से कराने की मांग को लेकर रविवार को देहरादून के परेड ग्राउंड में एक बड़ी 'महापंचायत' बुलाई गई। इसमें 'अंकिता भंडारी हत्याकांड न्याय यात्रा संयुक्त संघर्ष मंच' के सदस्यों के साथ कई संगठनों के लोग भारी तादाद में जुटे। इस महापंचायत में कांग्रेस और I.N.D.I.A. गठबंधन के दलों के अलावा उत्तराखंड आंदोलनकारी और समाज से जुड़े तमाम संगठनों ने हिस्सा लिया। अंकिता के माता-पिता और पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत भी इस मौके पर मौजूद रहे।

महापंचायत में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव डॉ. सत्यनारायण सचान ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी इस मामले की सीबीआई जांच एक पर्यावरणविद की रिपोर्ट के आधार पर करा रहे हैं। जबकि नियम के मुताबिक, यह जांच अंकिता के माता-पिता की शिकायत पर होनी चाहिए थी। उनकी मांग है कि पूरी जांच सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में हो। जिन लोगों ने सबूत मिटाए हैं, उन्हें भी सीबीआई जांच के दायरे में लाया जाए। एसपी नेता ने आरोप लगाया कि जिस व्यक्ति ने वसंत विहार थाने में शिकायत दी है, उसका अंकिता के परिवार से कोई लेना-देना नहीं है और न ही वह कभी किसी आंदोलन में दिखा। इसलिए उस व्यक्ति के मोबाइल और संपर्कों की भी जांच होनी चाहिए।



देहरादून में रविवार को महापंचायत, विपक्षी दलों के नेता पहुंचे।

महापंचायत में तय किया गया कि संघर्ष मंच जो भी फैसला लेगा, सभी राजनीतिक पार्टियां उसे मानेंगी। सामाजिक कार्यकर्ता शिवा ने कहा कि मर्डर के पीछे की असली वजह अब तक सामने नहीं आई है, जबकि इसमें 'VIP' का जिक्र साफ तौर पर है।

सीपीआई माले के राज्य सचिव इंद्रेश मैखुरी ने कहा कि सरकार ने भारी जन-दबाव के कारण अब जाकर सीबीआई जांच की घोषणा की है। उन्होंने सवाल उठाया कि अंकिता के माता-पिता और आंदोलनकारी पहले दिन से ही सीबीआई जांच मांग रहे थे, लेकिन सरकार टाल-मटोल करती रही। अब तीन साल बाद जांच हो रही है, वह भी सुप्रीम कोर्ट की निगरानी के बिना।

## धामी ने कांग्रेस पर बोला हमला

■ NBT रिपोर्ट, देहरादून : उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हाल ही में कोटद्वार मामले में चर्चित 'मोहम्मद दीपक' का समर्थन करने के लिए कांग्रेस की यह कहते हुए आलोचना की है कि ये पार्टी हमें हमारे धर्म से दूर करने के लिए एकजुट हो रही है। उन्होंने शनिवार को कहा, 'जिसे जो करना है करे, सब आजाद हैं। इसमें राजनीति करने की क्या बात है?'

सोशल मीडिया पर 'मोहम्मद दीपक' के नाम से मशहूर युवक जिम ट्रेनर दीपक कुमार ने बजरंग दल के कार्यकर्ताओं का विरोध किया था, जो एक खास समुदाय के दुकानदार पर अपनी दुकान का नाम 'बाबा' से बदलने का दबाव डाल रहे थे।

## नक्सलवाद का खत्मा करेंगे: शाह

■ पीटीआई, रायपुर: केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि सुरक्षा पर केंद्रित रणनीति, सड़कों और बिजली



जैसी सुविधाओं के विकास और नक्सलियों के आर्थिक नेटवर्क को तोड़ने से बड़ी सफलता मिली है। उन्होंने दावा किया कि 31 मार्च से पहले नक्सलवाद को पूरी तरह जड़ से मिटा दिया जाएगा। अमित शाह ने ये बातें छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में नक्सलवाद पर हुई एक हाई-लेवल मीटिंग के बाद कहीं। इस मीटिंग में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, केंद्रीय गृह सचिव और आईबी (IB) के डायरेक्टर शामिल हुए।

# वैष्णो देवी के श्रद्धालुओं का बीमा हुआ डबल

■ NBT रिपोर्ट : तीर्थयात्रियों की सुरक्षा को और पुख्ता करने की दिशा में कदम उठाते हुए श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड ने रविवार को श्रद्धालुओं के लिए बीमा कवर को 5 लाख रुपये से बढ़ाकर 10 लाख रुपये प्रति व्यक्ति करने की मंजूरी दे दी है। बोर्ड ने रविवार को कई अहम योजनाओं को मंजूरी दी है।

ये सभी फैसले जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा की अध्यक्षता में हुई श्राइन बोर्ड की बैठक में लिए गए। प्रवक्ता के मुताबिक, माता वैष्णो देवी धाम को भारत का सबसे अग्रणी और जीवंत आध्यात्मिक केंद्र बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण फैसले फाइनल किए गए हैं। उन्होंने बताया कि श्राइन बोर्ड ने तीन मुख्य प्रोजेक्ट्स को हरी झंडी दी है। इनमें 'मां शक्ति' की आध्यात्मिक विरासत को समर्पित एक अंतरराष्ट्रीय म्यूजियम, एक भव्य लाइट-एंड-साउंड शो और माता वैष्णो देवी मंदिर पर आधारित एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म शामिल है। श्राइन बोर्ड में खाली पड़े पदों को भरा जाएगा। इसके अलावा, NGT के निर्देशों का पालन करते हुए यात्रा मार्ग पर काम करने वाले घोड़े-खच्चर और पिट्ठू वालों के लिए एक पुनर्वास योजना तैयार कर उसे लागू किया जाएगा। स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए, खरीदारी में स्थानीय स्वयं सहायता समूहों, महिलाओं और युवा उद्यमियों को प्राथमिकता दी जाएगी। मंदिर में चढ़ने वाला प्रसाद और अन्य सामान भी स्थानीय स्तर पर ही खरीदा जाएगा, ताकि इसका फायदा वहां के समुदाय को मिले।

बोर्ड ने पास के इलाकों के युवाओं के लिए फ्री NEET कोचिंग सेंटर खोलने की भी मंजूरी दी है। प्रवक्ता ने कहा कि चूंकि माता के दरबार की वजह से कटरा शहर की पूरी दुनिया में पहचान है, इसलिए बोर्ड ने शहर के विकास में भी योगदान देने का फैसला किया है।



LG मनोज सिन्हा की अध्यक्षता में हुई श्राइन बोर्ड की बैठक में लगी मुहर

### अहम फैसले

- श्रद्धालुओं का एक्सीडेंटल इंश्योरेंस 5 लाख से बढ़ाकर 10 लाख रुपये किया गया।
- वैष्णो देवी और शिव खोड़ी धाम के लिए अब एक ही जगह से हेलिकॉप्टर मिलेंगे।
- भक्तों को अब सूखे मेवे, सिक्के और मौली वाला नया 'पाउच प्रसाद' मुफ्त मिलेगा।
- सांझीछत से भवन तक का रास्ता चौड़ा होगा और नया एग्जिट ट्रैक बनेगा।
- रियासी में 3 नए मंदिर बनेंगे और जम्मू के 2 पुराने मंदिरों की मरम्मत होगी।
- 2026-27 के लिए ग्रीन प्लान मंजूर, कटरा को हरा-भरा बनाने का लक्ष्य।


वृद्धि के लिए उत्साह, उत्कृष्टता की चाह।

GIC Re
भारतीय रीइंश्योरेंस




### 31 दिसंबर 2025 को समाप्त तिसरी तिमाही के लिए समीक्षित वित्तीय परिणाम

(₹ करोड़ में)

| अनु. क्र. | विवरण | एकल: समाप्त तिमाही (तीन महीने) (31/12/2025) समीक्षित | एकल: समाप्त वर्ष के आंकड़े (नौ महीने) (31/12/2025) समीक्षित | एकल: पिछले वर्ष में समाप्त हुए संबंधित तीन महीने (31/12/2024) समीक्षित | समेकित: समाप्त तिमाही (तीन महीने) (31/12/2025) समीक्षित | समेकित: समाप्त वर्ष के आंकड़े (नौ महीने) (31/12/2025) समीक्षित | समेकित: पिछले वर्ष में समाप्त हुए संबंधित तीन महीने (31/12/2024) समीक्षित |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | परिचालनों से कुल आय $ | 10,986.55 | 32,976.26 | 9,967.71 | 11,083.46 | 33,206.85 | 10,105.73 |
| 2. | अवधि के लिए निवल लाभ/(हानि) (कर, असाधारण और/या विशिष्ट मदों से पहले#) | 2,116.93 | 7,833.24 | 2,168.69 | 2,360.32 | 8,339.09 | 2,183.80 |
| 3. | कर से पूर्व की अवधि के लिए निवल लाभ/(हानि) (असाधारण और/ या विशिष्ट मदों के बाद#) | 2,116.93 | 7,833.24 | 2,168.69 | 2,360.32 | 8,339.09 | 2,183.80 |
| 4. | कर के पश्चात की अवधि के लिए निवल लाभ/(हानि) (असाधारण और/या विशिष्ट मदों के बाद#) | 1,518.92 | 6,137.94 | 1,621.35 | 1,725.66 | 7,129.79 | 1,676.62 |
| 5. | अवधि के लिए कुल व्यापक आय [अवधि के लिए लाभ/(हानि) (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद) शामिल] | 1,518.92 | 6,137.94 | 1,621.35 | 1,725.66 | 7,129.79 | 1,676.62 |
| 6. | इक्विटी शेयर पूंजी | 877.20 | 877.20 | 877.20 | 877.20 | 877.20 | 877.20 |
| 7. | पिछले वर्ष के लेखापरीक्षित बैलेंस शीट में दर्शाई गई आरक्षित निधियाँ (पुनर्मूल्यांकन आरक्षित निधि को छोड़कर) | 49,813.34 | 49,813.34 | 40,968.33 | 55,029.35 | 55,029.35 | 44,384.60 |
| 8. | प्रति शेयर आय (प्रत्येक ₹ 5/- का) (जारी एवं बंद परिचालनों के लिए) | | | | | | |
| | 1. बुनियादी | 8.66 | 34.99 | 9.24 | 9.84 | 40.64 | 9.56 |
| | 2. तनुकृत | 8.66 | 34.99 | 9.24 | 9.84 | 40.64 | 9.56 |

नोट:
क. उपरोक्त विवरण सेबी (लिस्टिंग एवं अन्य प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के विनियम 33 के अंतर्गत स्टॉक एक्सचेंजों के साथ फाइल किये गये तिमाही और वार्षिक वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक अंश है। तिमाही और वार्षिक वित्तीय परिणामों का विस्तृत प्रारूप, लेखा परीक्षक की रिपोर्ट के साथ, स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट्स (www.bseindia.com) तथा (www.nseindia.com) पर उपलब्ध है और निगम की वेबसाइट पर (https://www.gicre.in/en/investors-public-disclosures/investors-en/financial-performance/financial-results) पोस्ट किया गया है और इसे QR कोड को स्कैन करके एक्सेस किया जा सकता है।
ख. $ परिचालन से कुल आय सकल लिखित प्रीमियम, पुनर्बीमा का सकल तथा लागू करों का निवल योग है।
ग. # भारतीय लेखा मानक (आईएनडी एएस) वर्तमान में भारत में बीमा कंपनियों पर लागू नहीं है।

स्थान : मुंबई
दिनांक : 07.02.2026

भारतीय साधारण बीमा निगम की ओर से
हस्ता/-
हितेश जोशी
ईडी (सीएमडी का अतिरिक्त प्रभार)
DIN: 09322218

उपर्युक्त प्रदर्शित जीआईसी री ट्रेड लोगो जीआईसी री का है और इसका उपयोग जीआईसी री द्वारा लाइसेंस के तहत किया जाता है। "सुरक्षा", 170, जमशेदजी टाटा रोड, चर्चगेट, मुंबई 400 020, दूरभाष: +91 22 2286 7000, सीआईएन: L67200MH1972GOI016133 आईआरडीएआई पंजीकरण: 112, वेबसाइट www.gicre.in

भारतीय साधारण बीमा निगम
"सुरक्षा", 170, जमशेदजी टाटा रोड, चर्चगेट, मुंबई-400020, भारत। टेलिफोन (बोर्ड): +91 22 2286 7000 • ईमेल: investors.gic@gicre.in
आईआरडीएआई पंजीकरण संख्या: 112 सीआईएन: L67200MH1972GOI016133 www.gicre.in

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 09-02-2026 Zone: Gurgaon Edition: 1 Page: NBTGRP6 User: dilip.lal@timesofindia.com Time: 02-08-2026 21:42 Color:


# नवभारत टाइम्स • विचार

नवभारत टाइम्स | नई दिल्ली/एनसीआर | सोमवार, 9 फरवरी 2026


अंतरराष्ट्रीय व्यापार आर्थिक कल्याण बढ़ाने का माध्यम है, लेकिन इसे राष्ट्रीय हितों और स्थिरता के साथ संतुलित रखना आवश्यक है।
*- जॉन मेनार्ड कीन्स*

## बराबरी का सौदा

**अमेरिकी राष्ट्रपति** डॉनल्ड ट्रंप ने भारत पर लगाए गए 50% टैरिफ को घटाकर 18% करने के कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर कर दिए हैं। महीनों के गतिरोध के बाद अंतरिम ट्रेड डील यहां तक पहुंची है। मार्च तक इसके फाइनल हो जाने की उम्मीद है। एग्रो और डेयरी सेक्टर के मुद्दे पर डील इतने वक्त से अटकी हुई थी, अच्छी बात है कि भारत इसमें अपनी बात मनवाने में सफल रहा। फिर भी कुछ चिंताएं हैं।


भारत-US डील

**निर्यातक फायदे में** । पहले बात होनी चाहिए सकारात्मक चीजों की। कोई डील न होने और अपने प्रतिस्पर्धियों की तुलना में ज्यादा टैरिफ भरने से बेहतर है डील का होना। ट्रंप ने भारत को सबसे ज्यादा टैरिफ वाले देशों में डाला हुआ था और इसका असर पड़ रहा था निर्यात पर। बांग्लादेश, चीन, वियतनाम के मुकाबले भारतीय निर्यातक ज्यादा संघर्ष की स्थिति में थे। डील ने यह स्थिति उल्टी कर दी है। अहम है कि इस 18% को भी और कम कराने के लिए बातचीत की गुंजाइश बनी हुई है। सरकार को निश्चित तौर पर इस बिंदु पर दबाव डालने की कोशिश करनी चाहिए।

**किसानों की सुरक्षा** । डील को लेकर सबसे बड़ा सवाल था किसानों को लेकर। यह वो रेड लाइन है, जिसका सम्मान करने की बात भारत कई बार कह चुका है। किसी भी व्यापारिक साझेदार को इस क्षेत्र में रियायत नहीं दी गई। फिर, अमेरिका और भारत के किसानों के बीच तो जमीन, उपज, संसाधन, तकनीक और आय का विशाल अंतर मौजूद है। भारतीय किसान अभी इस हालत में नहीं कि अमेरिकी किसानों से प्रतिस्पर्धा कर सकें। इसलिए भारत ने अमेरिकी गेहूं, चावल, मक्का और डेयरी प्रॉडक्ट्स समेत कई चीजों पर रियायत नहीं दी।

**जीरो टैरिफ** । कोई भी समझौता बराबरी के स्तर पर होना चाहिए और इस डील के यहां तक पहुंचने के दौरान भारत ने बार-बार इस बात पर जोर दिया है। अगर अमेरिका के चुनिंदा कृषि उत्पादों को भारत में एंट्री मिल रही है, तो बदले में देश के कई प्रॉडक्ट्स पर भी जीरो टैरिफ हो जाएगा। फार्मा सेक्टर को इसका खास फायदा मिलने की उम्मीद है। भारत जेनरिक दवाओं का सबसे बड़ा उत्पादक है।

**तेल पर पेच** । समझौते को लेकर दोनों पक्ष सकारात्मक हैं। लेकिन, रूस से तेल खरीद ऐसा मुद्दा है, जिस पर बात अब भी फंसी लग रही है। ट्रंप के कार्यकारी आदेश में भारत के तेल आयात पर नजर रखने का प्रावधान भी है। यह भारत की रणनीतिक स्वायत्तता से जुड़ा मामला है, जिसे स्वीकार नहीं किया जा सकता। हालांकि उम्मीद है कि बातचीत से इसका भी हल निकल आएगा।

### नश्तर

## गब्बर उदास है


सौरभ श्रीवास्तव

**गब्बर सिंह** ऊब रहा था। उसने सांभा से पूछा, 'कितने आदमी थे?' 'दो थे, लेकिन फौजी नंबर-एक का नाम SIR में कट गया तो एक ही बचा है।' सांभा के चेहरे पर खुशी के भाव थे कि अब एक से ही निपटना पड़ेगा। 'फौजी नंबर-एक कहां चला गया?' गब्बर गुर्राया। 'वह गांव गया है, गब्बर। अपना नाम वोटर लिस्ट में जुड़वाने', सांभा ने जवाब दिया। गब्बर गुस्सा गया, 'ज्यादा ज्ञानेश न बनो सांभा, नाम तो ऑनलाइन भी जुड़ सकता है।' सरदार के तेवर देखकर सांभा ने आहिस्ते से कहा, 'यहां रामगढ़ में नेट बहुत कमजोर है। मैं इसीलिए तो दिन भर ऊंची पहाड़ी पर बैठा रहता हूं कि नेट मिलता रहे और रील्स चलती रहें।'

गब्बर को सांभा की काहिलियत पर क्रोध तो बहुत आया पर वह अपने गुस्से को दबाते हुए बोला, 'जरा ऑनलाइन देखकर बताओ कि सरकार ने हमारे सिर पर कितना इनाम रखा है।' सांभा ने मोबाइल ऊपर कर नेट कैच करवाया और बोला, '50 हजार से बढ़ाकर 5 लाख तो कर दिया है, पर...।' 'पर क्या?' '20% शॉर्ट टर्म गेन कट जाएगा..., पर सरदार यह नुकसान तो ठाकुर को होगा, अगर वह आपको पकड़ पाया तो।' 'आक... थू।' गब्बर ने खैनी थूकी और ठहाका लगाया, 'यही तो तुम समझे नहीं सांभा। हमारे और ठाकुर के बीच डील हो गई है। ठाकुर अपने दोनों फौजियों से हमें पकड़वाएगा। पुलिस को सौंपेगा और सरकार के इनाम का आधा पैसा हमें देगा।' 'लेकिन यह तो बेईमानी है सरदार। हम डाकू हैं, नेता या बिजनेसमैन नहीं।' गब्बर सोच में पड़ गया। 'फौजी नंबर दो आ रहा है सरदार', ऊपर बैठे सांभा की आवाज गूंजी। 'फौजी नंबर-दो, हमें पकड़ने आए हो या ठाकुर का संदेशा लाए हो?' गब्बर ने पूछा। वह बोला, 'ठाकुर ने डील कैंसल कर दी है, क्योंकि गांव वाले शहर जाकर गिग वर्कर बन गए हैं। कोई बचा ही नहीं जिस पर तुम जुल्म करो, इसलिए सरकार ने तुम्हारे सिर से इनाम भी हटा दिया है। इनाम ही नहीं, तो डील कैसी।' रामगढ़ में गब्बर आज भी उदास और बेकार बैठा है।



### एकदा

संकलन : हरिप्रसाद राय

## करुणा में शांति

**कलिंग युद्ध** के बाद सम्राट अशोक ने हिंसा का मार्ग त्याग तो दिया, पर युद्ध की भयावह स्मृतियां उनका पीछा नहीं छोड़ रही थीं। एक दिन वह उद्यान में टहल रहे थे कि उनकी दृष्टि एक युवा पर पड़ी। उसके चेहरे पर अद्भुत शांति थी। अशोक ने उसे बुलवाया और परिचय पूछा। युवक ने कहा, 'मैं बौद्ध भिक्षु निग्रोधकुमार हूं, सुसीम का पुत्र। पिता के वध के समय मैं मां के गर्भ में था। मेरी मां किसी तरह बच निकलीं और एक बौद्ध भिक्षु की शरण में मेरा जन्म हुआ।' सुसीम का नाम सुनते ही अशोक व्यथित हो उठे। हाथ जोड़कर बोले, 'मैं अपराधी हूं। मेरे कारण तुम्हारी मां को जंगलों में भटकना पड़ा। मुझे खुद से घृणा हो रही है। सुसीम मेरा भाई था।' भिक्षु शांत स्वर में बोला, 'मुझे घृणा का अर्थ नहीं पता। मैं केवल प्रेम जानता हूं और सभी प्राणियों से प्रेम करता हूं।' यह सुनकर अशोक का हृदय द्रवित हो उठा। उन्होंने पूछा, 'मैं भी शांति चाहता हूं, यह कैसे संभव है?' भिक्षु ने उत्तर दिया, 'बुद्धं शरणं गच्छामि - बुद्ध की शरण लेकर उनकी शिक्षाओं को जीवन में उतारिए।' बुद्ध की शिक्षाओं को अपनाकर उन्होंने न केवल स्वयं शांति पाई, बल्कि उसे संसार में फैलाया। इस कहानी से प्रेरणा मिलती है कि करुणा में शांति है।

AI image


### नई दिल्ली ने दिखाया कि बात मनवाने के लिए ट्रंप की खुशामद करने की ज़रूरत नहीं

# डील का हुनर भारत से सीखिए


माइकल कुगेलमैन




**भारत-अमेरिका** ट्रेड डील पर शंका करने की कई वजहें थीं। लग रहा था कि डील होगी नहीं या फिर कम से कम निकट भविष्य में तो कोई समझौता नहीं होने जा रहा। वजह कि दोनों देशों के रिश्तों में तनाव था और भरोसा काफी हद तक टूट चुका था। नई दिल्ली राजनीतिक रूप से संवेदनशील क्षेत्रों को डील से बाहर रखने पर अड़ी थी। वहीं, अमेरिका के वाणिज्य मंत्री हॉवर्ड लुटनिक ने यह कहकर तनाव बढ़ा दिया कि पीएम नरेंद्र मोदी ने डॉनल्ड ट्रंप को कॉल नहीं किया और इस वजह से भारत ने डील का बड़ा मौका गंवा दिया है।

**वक्त की अहमियत** । इस डील के लिए भारत ने हरसंभव कदम उठाए। उसने कई टैरिफ कम या खत्म कर दिए। रूस से तेल आयात भी कम कर दिया, पर बात नहीं बनी। तो फिर यह समझौता क्यों हुआ, और वह भी अभी? इसके पीछे तीन संभावित कारण दिखाई देते हैं और इनका संबंध रणनीतिक आकलन से ज्यादा राजनीतिक और आर्थिक है।

■ पहली वजह यह है कि ट्रंप नवंबर में होने वाले मिड टर्म चुनावों के बारे में अभी से सोच रहे होंगे। उन्हें यह भी पता होगा कि उनकी टैरिफ नीतियों की वजह से अमेरिका में खाने-पीने की चीजों के दाम बढ़ गए हैं।

■ दूसरी वजह यह हो सकती है कि भारत और EU के बीच हुए नए फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (FTA) ने वाइट हाउस को सतर्क कर दिया हो। उसे यह आशंका रही होगी कि भारत के साथ कारोबार करने वाले अमेरिकी उद्यमियों को नुकसान हो सकता है।

■ अगली वजह हैं सर्जियो गोर, भारत में अमेरिका के नए राजदूत। वह मानो इस मिशन के साथ नई दिल्ली पहुंचे हैं कि द्विपक्षीय रिश्तों को फिर से सुधारना है। उन्होंने साझेदारी को लेकर सकारात्मक माहौल बनाया, उच्च स्तर पर बातचीत की और सुलह के लिए कदम उठाए। भारत को पैक्स सिलिका का न्योता देना ऐसी ही पहल रही। वॉशिंगटन में गोर का खासा दखल है। संभव है कि उन्होंने ही ट्रंप को मोदी से बातचीत करने के लिए राजी किया हो।

**डील के सबक** । भारत ने भी धैर्य बनाए रखा, न ही कोई तीखी प्रतिक्रिया दी। इसी वजह से आखिरकार ट्रंप को समझौते पर आना पड़ा। भारत ने दिखा दिया कि अपनी बात मनवाने के लिए ट्रंप की खुशामद करने की जरूरत नहीं। इसके पांच अहम निहितार्थ हैं -

■ दोनों देशों के बीच डील अभी तक सुरक्षित मुकाम पर नहीं पहुंची है। वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने साफ किया है कि अभी केवल फ्रेमवर्क एग्रीमेंट हुआ है, डील नहीं। ट्रंप के अनिश्चित स्वभाव को देखते हुए कहना मुश्किल है कि आने वाले दिनों में क्या हो जाए।

■ यह समझौता भले अभी औपचारिक न हो, पर द्विपक्षीय रिश्तों को बड़ा बल देता है। यह भरोसा बढ़ाने वाला अहम कदम है। तनाव और भरोसे की कमी के बावजूद दोनों देश किसी नतीजे तक पहुंच पाए हैं। यह सच है कि रिश्तों को नए सिरे से मजबूत करने के लिए अभी लंबा रास्ता तय करना बाकी है, खासकर जब ट्रंप लगातार पाकिस्तान और मुनीर की तारीफों के पुल बांधते नजर आते हैं। अगला अहम संकेत QUAD होगा। अगर भारत को लगा कि अमेरिका के साथ रिश्तों में इतनी नरमी आ चुकी है कि लंबे समय से टल रही इसके नेताओं की बैठक की मेजबानी की जा सके तो द्विपक्षीय रिश्तों को बड़ा सहारा मिलेगा। ऐसा इसलिए भी क्योंकि तब ट्रंप भारत आ सकते हैं। ट्रंप तभी आएंगे, जब उनके पास दिखाने के लिए कुछ हो और ट्रेड डील बिल्कुल मुफीद है।


■ अगर यह ट्रेड डील रिश्तों को स्थिर करती है, तो अमेरिका के साथ भविष्य को लेकर भारत के मन में जो अनिश्चितता थी, उसमें कुछ राहत मिल सकती है। इसी अनिश्चितता की वजह से भारत संतुलन की नीति अपनाए हुए है। वह चीन के साथ व्यापारिक सहयोग बढ़ा रहा है। संतुलन की नीति में थोड़ी भी ढील वॉशिंगटन के लिए संकेत होगी कि पेइचिंग को काउंटर करने के अमेरिकी प्लान में भारत साथ है।

■ यह डील उन आलोचकों को जवाब होगी, जो कहते रहे हैं कि भारत FTA के लिए सही देश नहीं है और संरक्षणवाद को बढ़ावा देता है।

■ भारत का अपनी रणनीतिक स्वायत्तता पर जोर देना सही रहा। पिछले एक साल में तमाम झटकों के बावजूद रूस के साथ रिश्ते मजबूत बने रहे, चीन संग संबंधों में स्थिरता आई है और अमेरिका के साथ संबंध सुधर रहे हैं। यह उपलब्धि तारीफ के काबिल है।

*(लेखक दक्षिण एशिया मामलों के विशेषज्ञ हैं)*

# जब कोई हद याद दिलाए, तो कहिए थैंक यू

AI image


### जीवन आनंद
शैलेंद्र पांडेय

**'एक बार** जब हम अपनी हद स्वीकार कर लेते हैं, तो फिर उसके पार जा सकते हैं।' अल्बर्ट आइंस्टाइन ने जब यह कहा था, तब भी इन शब्दों की कद्र करने वाले कम थे और आज भी। सब चाहते हैं कि हद हो, लेकिन वे उसमें न हों। हर कोई अपनी सीमा लांघना चाहता है - डॉनल्ड ट्रंप को बुरा लग रहा है कि अमेरिका की सीमा में ग्रीनलैंड क्यों नहीं, रूस को अपनी सीमा के बाहर का यूक्रेन चाहिए और पाकिस्तान अपनी सीमाओं के परे जाकर ICC के नियम मानने से इनकार कर रहा है। इतिहास ने लेकिन यह बात बार-बार साबित की है कि लिमिट क्रॉस करने का रोमांच कुछ दिनों का होता है, पर उसकी सजा लंबी मिलती है। जो सीमा नहीं मानते, वे आखिर में अशांति, विरोध और अकेलेपन का सामना करते हैं। और यह सिर्फ देशों या संस्थाओं पर ही नहीं, हमारे-आपके जीवन पर भी लागू होता है। देश तो फिर भी नक्शे के लिए लड़ते हैं, पर इंसान की जंग शुरू हो जाती है अपनी ही जिंदगी से।

'अपनी हद में रहो' - यह चेतावनी सबसे कीमती सीख है दरअसल। अपनी हदों को पहचानना और उसमें ही रहना कमजोरी या हार नहीं। यह स्थिरता है, जिसके बिना खुशी नहीं मिलती। हद में रहने का आनंद बड़ा है क्योंकि यह अपने जीवन का नियंत्रण लौटाता है। अपनी सीमा में रहते हुए हम अपनी गति खुद तय करते हैं। तब हम दूसरों की दौड़ में शामिल नहीं होते, वह रेस हमारी होती है। हर चीज जीतने की कोशिश नहीं करते, बस सही को चुनते हैं।

अपने लिए कठिन टास्क रखना गलत नहीं है, लेकिन उस 'कठिन' पर भी लगाम होनी चाहिए। बैटर कितना भी बड़ा हो, खड़ा उसे एक लाइन के भीतर ही होना पड़ता है। वह गेंद को सीमा जरूर पार कराता है, लेकिन अपने लिए खींची गई सीमा का सम्मान करके। अपनी हद में लौटने के लिए जब वह जी-जान से दौड़ लगाता है, तब तो कोई उसका मजाक नहीं बनाता! उसकी हर दौड़ और हर रन आनंद से भर देता है फैंस को। यह खेल बताता है कि जीत केवल ताकत से नहीं, अनुशासन से भी मिलती है। और अनुशासन का एक नाम है हद को जानना।

सीमाओं से परिचय हो जाए, तो मुश्किल आसान हो जाती है। तब व्यर्थ की भागदौड़ नहीं रहती। असीमित शक्ति होते हुए भी नदी बहती अपने दोनों किनारों के भीतर ही है। इसी तरह रिश्ते-नाते हों या व्यापार - इंसान तभी ज्यादा आगे बढ़ता है, जब हद का ख्याल रखता है। जब वह किसी को कुछ साबित करने के लिए नहीं, हर सांस को महसूस करने के लिए जीता है। आज भड़कना और भड़काना, और अपनी सीमाओं के पार चले जाना आसान है बहुत - मुश्किल है तो खुद पर काबू बनाए रखना।


THE SPEAKING TREE
और पढ़ने के लिए देखें
www.speakingtree.nbt.in

## मछलियों की तरह जाल की सचाई नहीं देखता इंसान

जया रो

**कोई मछुआरा** जब नदी में जाल डालता है, तो उसे चार तरह की मछलियां मिलती हैं। कुछ खतरा भांपते ही फुर्ती से निकल जाती हैं। कुछ मछलियां संघर्ष करती हैं और किसी तरह बच निकलती हैं। कुछ छटपटाती हैं, पर जाल में ही फंसी रह जाती हैं। और ज्यादातर मछलियां जाल को ही चबाने लगती हैं, मानो वह उनका आहार हो। उन्हें खतरे का एहसास ही नहीं होता। फिर उनका अस्तित्व ही खत्म हो जाता है।

मनुष्य की स्थिति भी कुछ ऐसी ही है। ज्यादातर लोग माया के जाल में फंसे चौथी प्रकार की मछलियों की तरह बंधन में ही सुख तलाश लेते हैं- ये भोगी हैं। कुछ लोग जीवन की नश्वरता और उलझनों को समझने लगते हैं, जागते हैं और स्वयं को मुक्त करने का प्रयास करते हैं- ये योगी हैं। इनमें से कुछ ही वास्तव में बंधनों से मुक्त हो पाते हैं- वे संन्यासी हैं। सबसे दुर्लभ वह है, जो संसार में रहते हुए भी उससे अछूता रहता है- नित्य मुक्त। वही ज्ञानी है।

AI image


भगवद्गीता का पांचवां अध्याय इसी आंतरिक यात्रा का मार्गदर्शन करता है। गीता कहती है कि कर्मयोग ही आधार है। कर्म के बिना साधना संभव नहीं। योगी कर्म के मार्ग पर चलता है, इच्छाओं से जूझता है। संन्यासी अधिकांश इच्छाओं से मुक्त होकर ध्यान और विवेक में स्थित हो जाता है। वह न द्वेष करता है, न आसक्ति, और सहज ही मुक्ति के निकट पहुंच जाता है। ज्ञानी वह है जिसने मन को शुद्ध कर लिया, इंद्रियों पर संयम पा लिया। वह सभी प्राणियों में स्वयं को देखता है। कर्म करता हुआ भी भीतर से अकर्ता रहता है। गीता सिखाती है- कर्म का त्याग नहीं, कर्म में त्याग। पूरी निष्ठा से कर्म करो, पर फल क्या मिलेगा यह ईश्वर पर छोड़ दो। जो भी मिले, उसे प्रसाद समझो।

त्याग का संबंध वस्तुओं से नहीं, इच्छाओं से है। इच्छाएं कम हों तो वैराग्य है, बढ़ें तो बंधन। सुदामा निर्धन थे, जनक विलासी- दोनों वैरागी थे। जीवन के सुखों को नकारना आवश्यक नहीं। उन्हें प्राप्त करो, भोगो, अनुभव करो, पर उनसे बंधो मत। विडंबना यह है कि जब आसक्ति छूटती है, तभी आनंद बढ़ता है।

### कांटे की बात

मेरी उम्र 75 वर्ष हो गई है। मैं कार्यकर्ताओं के कहने पर पद पर बना हुआ हूं। जब संघ कहेगा, दायित्व से निवृत्ति होगी, लेकिन इसके बाद भी कार्य से निवृत्ति नहीं होगी। दायित्व से निवृत्त होने के बाद भी जीवनभर काम चलता रहता है।



मोहन भागवत, RSS प्रमुख

### डेटा Window

*छोटे खेत, कम कमाई, लेकिन पेट भरने के लिए ज्यादा लोगों की जिम्मेदारी - भारतीय किसानों का अर्थशास्त्र अमेरिका से बिल्कुल अलग है। इसी वजह से ट्रेड डील में उन पर ज्यादा फोकस रहा। आंकड़ों से समझते हैं अंतर।*

## कितने अलग भारत-अमेरिका के किसान

- **58%** आबादी भारत की कृषि पर निर्भर
- **2%** लोग खेती के भरोसे हैं अमेरिका में
- **1.2** लाख डॉलर कमाई US में सालाना
- **13,661** रु. औसतन है हमारे किसान की कमाई
- **1%** योगदान US की GDP में किसानी का
- **17.8%** हिस्सा भारत की GDP में खेती का

AI image







- **90 लाख+** अमेरिका में दुधारू गाय
- **4 करोड़+** भारत में गायों की संख्या
- **10.3 करोड़** टन दूध उत्पादन करता है US
- **23.93 करोड़** टन दूध का भारत में उत्पादन

- **178** हेक्टेयर के औसत खेत होते हैं US में
- **1.08** हेक्टेयर का औसत खेत हिंदुस्तान में
- **250** हेक्टेयर जमीन औसतन अमेरिकी के पास
- **2** हेक्टेयर से कम खेत 86% भारतीय किसानों के पास

### जनता जंक्शन
इरफान




# समृद्धि का नया रास्ता खोलेगा भारत-यूरोपीय संघ समझौता


राजेश अग्रवाल

**भारत का** यूरोप के साथ 250 ईसा पूर्व से समृद्ध व्यापारिक संबंध रहा है। तब भारतीय मसलिन, कपास, हस्तशिल्प, मसाले, पन्ना और रत्न अंतरराष्ट्रीय कारोबार के लिहाज से सबसे पसंदीदा वस्तु थे। इनमें से कई सामान यूरोप भी जाते थे। इनके बदले भारत को सोना-चांदी दिया जाता था। सुनहरे दिनों में भारत-यूरोप व्यापार ने मात्रा और पैमाने के लिहाज से अभूतपूर्व वृद्धि हासिल की।

**2007 से प्रयास** । मुक्त व्यापार समझौते (FTA) के जरिये इस संबंध को सुदृढ़ करने का प्रयास 2007 में शुरू किया गया था। हालांकि, गंभीर मतभेदों के कारण 2013 में बातचीत रुक गई। लेकिन, 2022 में दोबारा बातचीत शुरू हुई और चुनौतियों के बावजूद केवल दोनों देशों के राजनेताओं की मजबूत प्रतिबद्धता और दूरदर्शी नेतृत्व के कारण ही इसे अंतिम रूप दिया जा सका। खास बात है कि जिस व्यापार करार को दोनों पक्षों ने बातचीत से पूरा किया है वह अस्थिर वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में नियम-आधारित व्यापार संबंध दर्शाता है।

**सबसे महत्वपूर्ण समझौता** । भारत-यूरोपीय संघ (EU) मुक्त व्यापार समझौता शायद हालिया वक्त का सबसे महत्वपूर्ण समझौता है। यह दुनिया के सबसे बड़े मुक्त व्यापार क्षेत्रों में से एक का निर्माण कर सकता है, जिसमें लगभग 2 अरब लोग और 28 देश शामिल होंगे, जो वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद (GDP) का 25% है। इस समझौते में व्यापार संबंध को प्रगाढ़ करने के लिए अद्यतन और मूल विषयों के साथ-साथ प्रक्रिया-संबंधी प्रावधान भी हैं। इसके अलावा, यह समझौता बौद्धिक संपदा (IP) संरक्षण को पुनर्स्थापित करता है और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण व सूचना प्रवाह को बढ़ावा देने पर अतिरिक्त ध्यान केंद्रित करता है।

**खोलेगा बाजार के द्वार** । समझौते का मुख्य ध्यान दोनों देशों के बाजार के लिए द्वार खोलना है। करार भारत के निर्यात व्यापार मूल्य के 99% से अधिक के लिए बाजार पहुंच प्रदान करता है, जिसमें कम से कम 90% भारतीय निर्यात को समझौते के लागू होने पर तुरंत निःशुल्क प्रवेश की सुविधा मिलेगी। साथ ही रसायन, इलेक्ट्रॉनिक्स, कृषि-प्रसंस्करण और खनिज जैसे उद्योग भी EU के जीवंत बाजार में निर्यात विविधता देने में सक्षम होंगे। भारत ने यूरोप के वाहनों के लिए बाजार पहुंच की अनुमति दी है। इसी तरह, यूरोपीय संघ की शराब पर भारत की छूट घरेलू उद्योग के हितों की रक्षा करने के साथ-साथ उच्च मूल्य वर्ग में प्रतिस्पर्धा को प्रोत्साहित करती है।



**सेवाओं के लिए संभावनाएं** । सेवाओं के व्यापार के लिए भारत-EU व्यापार करार में काफी संभावनाएं हैं। इसके तहत भारत ने 144 सेवा क्षेत्रों में EU की प्रतिबद्धताएं हासिल की हैं। वित्तीय सेवाओं पर संलग्नक भारत और यूरोपीय संघ के बीच इलेक्ट्रॉनिक भुगतान प्रणालियों पर अधिक सहभागिता का प्रावधान करता है। जिसमें भारत की UPI जैसी डिजिटल भुगतान प्रणालियों का उपयोग शामिल है। यह समझौता AYUSH और पारंपरिक चिकित्सा कर्मियों को भी अधिक निश्चितता के साथ यूरोपीय देशों में अपनी सेवाएं देने का मौका देगा।

**न्यायसंगत व्यापार** । यह करार दो बड़े बाजारों के बीच मुक्त, न्यायसंगत और पारस्परिक रूप से लाभकारी संबंध को बढ़ावा देने का प्रयास करता है। साथ ही सतत विकास संबंधी चिंताओं के संदर्भ में सहयोग का एक नया मॉडल प्रस्तुत करता है। इस सहभागिता का मुख्य उद्देश्य नीति संवाद, तकनीकी सहायता और वित्तीय उपकरणों और संसाधनों को जुटाने पर है। दोनों पक्षों ने त्वरित प्रतिक्रिया तंत्र, गैर-उल्लंघन शिकायतें और स्वतंत्र परिशिष्ट जैसी व्यवस्थाओं पर भी बातचीत की है, जो कुछ नीति उपायों या उत्पाद-विशिष्ट उपायों के संबंध में उनकी विशिष्ट चिंताओं का समाधान कर सकते हैं। करार की असल चुनौती डेयरी एवं कृषि क्षेत्र जैसे कुछ महत्वपूर्ण हितधारकों की चिंताओं को नजरअंदाज किए बगैर बाजार खोलने की महत्वाकांक्षा को हासिल करना था।


**रणनीति का पूरक** । सप्लाई चेन व्यवधान के युग में भारत-EU मुक्त व्यापार समझौता; भारत-UK FTA, EFTA और अन्य व्यापक व्यापार समझौतों से हुए लाभ में पूरक की भूमिका निभाएगा। 2021 से भारत ने 9 व्यापक व्यापार करार किए हैं और अगले कुछ महीनों में कई प्रमुख आर्थिक साझेदारी समझौतों को अंतिम रूप देने के लिए वार्ता जारी है। भारत-EU व्यापार समझौते का निष्कर्ष भारत की नई आर्थिक और व्यापारिक पहलों को तेज करने के लिए उत्प्रेरक के रूप में कार्य करेगा।

*(लेखक वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के वाणिज्य विभाग सचिव हैं)*

## विचार

जो व्यक्ति विपरीत परिस्थितियों में भी मन की शांति और चेहरे की मुस्कान बनाए रखता है, वही क्रोध, भय और दुख पर सबसे बड़ी और स्थायी विजय प्राप्त करता है। – गौतम बुद्ध

## कविता


AI Image

### आज मैं खुद से मिलूं

जी करता है आज मैं खुद से मिलूं,
और भीड़ में खोकर एक सवाल बन जाऊं,
कुछ पलों के लिए ही सही, पर इस दुनिया के शोर से आजाद होकर एक किताब बन जाऊं।
ढूंढू उसे, जो कहीं खामोशी में रहता है,
मिट्टी जोड़कर वजूद की, किसी की मुस्कान बन जाऊं।
ना कोई आस हो, ना कोई शिकवा किसी से,
बस खुद को ही सुनने की एक प्यास बन जाऊं।
भूल जाऊं सब झूठे दिखावे को,
किसी दिल में दबी हुई एक आस बन जाऊं।
जिंदगी की इस धूप में ठहरकर ढूंढता फिरता हूं,
किसी थके हुए राही की ठंडी छांव बन जाऊं।

-अनूप सिंह, NBT रीडर

पॉजिटिव सोच के साथ आपने भी कोई कविता लिखी है, तो हमें ईमेल nbtreader@timesofindia.com पर भेजें। जिसे मिल सकता है अगले अंक में छपने का मौका।

## जवाई में सुकून और भरोसे की अनकही धुन

# पहाड़ियों पर तेंदुआ, पगडंडियों पर इंसान




Pritambhara.Prakash
@timesofindia.com

■ राजस्थान के जवाई में ग्रेनाइट पहाड़ियों पर जब सुबह धूप की सुनहरी उजास से भर जाती है, तो वह सिर्फ चट्टानों को नहीं सहलाती, बल्कि एक जीते जागते रिश्ते को रोशन कर देती है। इन चट्टानों पर तेंदुए आराम से पसरे होते हैं। आंखें मूंदे। शांत, स्थिर। उसी वक्त नीचे उन्हीं पहाड़ियों के रास्तों से रबारी चरवाहे अपनी भेड़ और गायों के साथ गुजरते हैं। नजरें रास्ते पर, कदम अपनी लय में। न कोई ठहरता है, न कोई चौंकता है। हवा में डर नहीं, अपनापन घुला होता है। यह नजारा देखने में जादू जैसा लगता है, लेकिन जवाई में यह एक आम सुबह है। रबारी ऊपर बैठे तेंदुए को किसी खतरे की तरह नहीं देखते। तेंदुओं को इंसानों की मौजूदगी विचलित नहीं करती, जैसे यह धरती दोनों की हो। तेंदुए जानते हैं कहां ठहरना है और इंसान जानते हैं कहां से गुजरना है। इंसान और तेंदुआ अपनी सीमाओं को समझते हैं और उसी समझ में सुकून ढूंढ लेते हैं।




रबारी में बसती है जवाई की आत्मा: इस सह अस्तित्व की की सबसे मजबूत कड़ी है रबारी कम्युनिटी। जवाई की आत्मा रबारी समुदाय में बसती है। सफेद पगड़ी, काले ऊनी घाघरे, रंगीन कढ़ाई वाले पहनावे और भारी चांदी के गहने उनकी पहचान हैं। कंधे पर लाठी, चेहरे पर घनी मूंछें और चाल में ठहराव। रबारी गाय और भेड़ें पालते हैं। पीढ़ियों से इस इलाके में रहने वाले रबारी के लिए जंगल कोई अलग जगह नहीं, घर का विस्तार है। और तेंदुए उसी घर का हिस्सा। यही वजह है कि उनके त्योहार, उनके गीत और उनके रीति रिवाज सब जंगल की लय में बंधे हैं। उनके घरों में दिवाली पर पटाखे नहीं फोड़े जाते और शादियों में तेज संगीत नहीं बजता, ताकि तेंदुए डिस्टर्ब न हों।





संरक्षण और टूरिज्म के बीच संतुलन बेहद जरूरी है। तरक्की और जंगल एक दूसरे के दुश्मन नहीं हैं। यहां आने वाले टूरिस्टों को भी हम बताते हैं कि यहां क्या करना चाहिए और क्या नहीं। – शत्रुंजय प्रताप सिंह

Photos: Shatrunjay Pratap Singh

### भरोसे की कहानी

वाइल्डलाइफ कंजर्वेशनिस्ट व नेचरलिस्ट शत्रुंजय का कहना है कि संरक्षण और टूरिज्म के बीच संतुलन बेहद जरूरी है। कभी-कभी तेंदुए मवेशियों का शिकार कर लेते हैं, लेकिन सही मुआवजा मिलने से टकराव की नौबत नहीं आती। वह बताते हैं कि टूरिज्म ने जवाई के लोगों की जिंदगी बदल दी है। कभी रोजगार के लिए बाहर जाने वाले लोग आज यहीं गाइड, सफारी ऑपरेटर, ड्राइवर, हाउसकीपिंग और छोटी दुकानों से जुड़ गए हैं। लोगों ने समझ लिया है कि तेंदुए सुरक्षित रहेंगे, तभी उनका भविष्य भी सुरक्षित रहेगा। Leopards & Shepherds of Jawai किताब लिखकर शत्रुंजय ने तेंदुओं और रबारी समुदाय के रिश्ते को दर्ज किया। Wild Cats of India, Living with Predators, Big Cat Kingdom और Masters of Disguise जैसी डॉक्यूमेंट्रीज के जरिए उन्होंने दुनिया को जवाई की तस्वीर दिखाई, जहां डर नहीं, संतुलन है।



### जिम्मेदार टूरिज़्म

अगर आप 'Leopard Country' गूगल पर खोजेंगे तो नक्शे पर कोई देश नहीं मिलेगा, बल्कि राजस्थान के पाली जिले का जवाई इलाका सामने आएगा। जवाई की कहानी में शत्रुंजय प्रताप सिंह वह धागा हैं, जिनका तेंदुए, रबारी और टूरिस्ट तीनों को एक ही भावना में बांधने में खास रोल है। करीब 12 साल पहले जब जवाई की ग्रेनाइट पहाड़ियों में माइनिंग तेज हो रहा था, धमाकों से गुफाएं टूट रही थीं और तेंदुओं के प्राकृतिक घर खतरे में पड़ गए थे, तब शत्रुंजय ने जहन बनाने की एक सेफ और फायदेमंद नौकरी छोड़ दी। उन्होंने सिर्फ विरोध नहीं किया, बल्कि संरक्षण को अपने जीवन का उद्देश्य बना लिया। रबारी समुदाय के साथ मिलकर काम किया। इसी सोच के साथ शत्रुंजय ने जवाई में अपने सपनों का होमस्टे भी शुरू किया।

## कीमोथेरेपी के अगले दिन भी स्टेज पर कथक

# जब घुंघरुओं ने दी कैंसर को चुनौती

Kushagra.Dixit@timesofindia.com

■ नई दिल्ली: आमतौर पर कीमोथेरेपी के अगले दिन इंसान बिस्तर से उठने की हिम्मत नहीं जुटा पाता। शरीर दर्द और कमजोरी से टूट रहा होता है। लेकिन प्रेमा के लिए वह दिन हार मानने का नहीं, बल्कि अपने घुंघरुओं को बांधने का था। पिछले साल की बात है, फरीदाबाद निवासी 34 साल की प्रेमा स्टेज के पीछे खड़ी अपनी विग (Wig) ठीक कर रही थीं। महज दो दिन पहले ही कैंसर के इलाज की वजह से उनके सिर के बाल गिर गए थे। किसी भी महिला के लिए यह पल दिल तोड़ देने वाला होता है, लेकिन प्रेमा के लिए उनका 'स्टेज' उनका मंदिर था। जैसे ही तबले की थाप गूंजी, कैंसर की वह 'मरीज' कहीं गायब हो गई और मंच पर उतरी एक 'कथक पावरहाउस'। उनकी तेज चक्करियां और पैरों की वो जादुई थिरकन देखकर कोई कह ही नहीं सकता था कि यह महिला एक जानलेवा बीमारी से लड़ रही है।




प्रेमा बताती है कि मैं बिल्कुल ठीक थी, मुझे कोई लक्षण नहीं थे। एक दिन मॉइस्चराइजर लगाते समय मुझे अपने ब्रेस्ट में एक गांठ (Lump) महसूस हुई। शुरुआत में मुझे यकीन ही नहीं हुआ कि यह कैंसर हो सकता है, लेकिन मैंने स्क्रीनिंग कराने का फैसला किया। 2025 की शुरुआत में प्रेमा को पता चला कि उन्हें 'स्टेज-2 ब्रेस्ट कैंसर' है। वह कहती है कि बायोप्सी की रिपोर्ट के बाद मेरी दुनिया उजड़ गई थी। मैं मानसिक रूप से टूट चुकी थी। लेकिन, इस मुश्किल वक्त में उनके पति, परिवार और डांस पार्टनर्स उनके साथ ढाल बनकर खड़े हो गए।

**डॉक्टर की वो एक सलाह:** प्रेमा ने जब अपने डॉक्टर से बात की, तो डॉक्टर ने उन्हें एक ऐसी सलाह दी जिसने उनकी जिंदगी बदल दी। डॉक्टर ने कहा कि अपनी रोजमर्रा की जिंदगी मत रोकना, और खासकर कथक तो बिल्कुल भी नहीं। प्रेमा के कीमोथेरेपी सेशंस को उनके खास परफॉर्मेंस के हिसाब से प्लान किया गया। प्रेमा खुद को हमेशा टिप-टॉप और 'प्रेजेंटेबल' रखती थीं। वह इतनी हिम्मत से रहती थीं कि उनके ऑफिस के कुछ सहकर्मी तो यहां तक अफवाह उड़ाने लगे कि वह कैंसर का नाटक कर रही है। लेकिन प्रेमा का इरादा साफ था कि उन्हें खुद को 'मरीज' की पहचान में नहीं बांधना था।



मैं मरीज नहीं, कलाकार हूं। कैंसर ने शरीर आजमाया, आत्मा नहीं। कथक मेरी ताकत है, मंच मेरी दवा। नाचे बिना हार मानना मुझे आता ही नहीं। मैं हर ताल में जिंदगी चुनती हूं, हर दिन। - प्रेमा, कथक डांसर

### 8 कीमो, सर्जरी और 20 रेडिएशन

इलाज के दौरान प्रेमा का शरीर काफी कमजोर हो गया था। मार्च से जून 2025 के बीच उनके 8 कीमो साइकल हुए। जुलाई में उनकी बड़ी सर्जरी हुई और फिर 20 राउंड रेडिएशन। अक्सर कीमो के अगले दिन लोग बिस्तर से नहीं उठ पाते, लेकिन प्रेमा उसी दिन प्रैक्टिस करती थी। उन्होंने इस पूरे सफर में 12 शो किए। अपने आखिरी रेडिएशन के बाद तो उन्होंने पूरे 50 मिनट की परफॉर्मेंस दी।

### जीत की वह सुबह

दो हफ्ते पहले, जनवरी 2026 की एक सुबह प्रेमा के लिए नई जिंदगी लेकर आई। उनके PET स्कैन की रिपोर्ट आई और डॉक्टरों ने उन्हें 'कैंसर फ्री' घोषित कर दिया। प्रेमा आज मुस्कुराते हुए कहती है कि डांस ने ही मुझे जिंदा रखा। मुझे पता था कि मैं नाचने के लिए ही पैदा हुई हूं और स्टेज ही मेरी सही जगह है।

## उम्मीद का फैक्ट

### महिला पायलट्स में भारत अव्वल!


AI Image

भारत आज महिला कमर्शियल पायलट्स के मामले में दुनिया के टॉप देशों में शामिल है।

- भारत में महिला पायलट्स की हिस्सेदारी करीब 15% है, जबकि दुनिया का औसत सिर्फ 5% के आसपास है।
- हर सात में से एक कमर्शियल पायलट महिला है, जो भारत को ग्लोबल लीडर बनाता है।
- अमेरिका, ब्रिटेन जैसे देशों में महिला पायलट्स की संख्या भारत से कम है।
- भारत में महिला कैप्टन और ट्रेनर पायलट्स की संख्या भी तेजी से बढ़ी है।
- हर साल सैकड़ों लड़कियां CPL (Commercial Pilot License) की ट्रेनिंग ले रही हैं। छोटे शहरों और गांवों से आई लड़कियां भी कॉकपिट तक पहुंच रही हैं।

सोर्स: DGCA, ICAO डेटा

## 10वीं के बेहतर रिज़ल्ट के लिए डिजिटल ब्रेक की पहल

# शाम 7 से 9 बजे तक इन गांवों में लग जाता है स्क्रीन कर्फ्यू

Basavaraj.Kattimani
@timesofindia.com

■ हुबली: शाम ढलते ही जैसे ही गांव की गलियों में ढोल की आवाज गूंजती है और मेगाफोन से ऐलान होता है, लोग समझ जाते हैं कि अब पढ़ाई का वक्त शुरू हो गया है। टीवी बंद, मोबाइल साइलेंट और पूरे गांव में दो घंटे के लिए पढ़ाई का सन्नाटा छा जाता है। नॉर्थ कर्नाटक के कई गांवों में बच्चों की पढ़ाई को पटरी पर लाने के लिए ऐसा ही अनोखा स्क्रीन कर्फ्यू लागू किया गया है।

दरअसल, टीवी और स्मार्टफोन बच्चों का ध्यान किताबों से ज्यादा खींच रहे थे। इसका असर सीधे बोर्ड परीक्षाओं पर दिखा। क्लास 10 यानी SSLC परीक्षा में कई जिलों का प्रदर्शन कमजोर रहा, जिसके बाद राज्य शिक्षा विभाग ने सख्त लेकिन व्यावहारिक कदम उठाया। योजना के तहत रोज शाम 7 बजे से 9 बजे तक गांवों में मोबाइल फोन और टीवी बंद रखने की पहल की गई है, ताकि बच्चे बिना किसी डिस्टर्बेंस के पढ़ाई पर फोकस कर सकें।

हर शाम ग्राम पंचायत का कर्मचारी गांव की गलियों में घूमता है। वह डंगुरा बजाकर या मेगाफोन से अनाउंसमेंट कर लोगों को स्क्रीन बंद करने की याद दिलाता है और बच्चों को पढ़ाई का माहौल देने की अपील करता है।


AI Image

हर शाम ग्राम पंचायत का कर्मचारी गलियों में घूमता है, डंगुरा बजाकर या मेगाफोन से स्क्रीन बंद करने की याद दिलाता है




### एक गांव से शुरुआत, अब बना मिशन

इस पहल की शुरुआत बेलगावी जिले के हलगा गांव से हुई थी। वहां मिले अच्छे नतीजों के बाद इसे हावेरी, गदग और बागलकोट के कई इलाकों में लागू किया गया। अभियान का साफ मकसद है, स्कूल के बाद बच्चों को रोज कम से कम दो घंटे की बिना किसी रोक-टोक या परेशानी के पढ़ाई मिले। इसे सफल बनाने के लिए जिला पंचायत से लेकर ग्राम पंचायत और PDO तक सभी मिलकर काम कर रहे हैं।

SSLC परीक्षा में उनका जिला 10वें स्थान पर रहा था, लेकिन अब लक्ष्य टॉप फाइव में पहुंचने का है और इसके लिए हर स्तर पर कोशिश हो रही है। –मोहन डंडिन, डिप्टी डायरेक्टर ऑफ पब्लिक इंस्ट्रक्शन, हावेरी

गदग और शिरहट्टी के गांवों में यह व्यवस्था आसानी से लागू हो गई है और लोग बच्चों के भविष्य के लिए इसमें पूरा सहयोग दे रहे हैं। –आरएस बुरडी, डीडीपीआई, गदग

## मिट्टी, मान और महामुकाबला

# कीचड़ की फुहारें, धड़कनों की रफ्तार और रवायत के जुनून वाली खास रेस


PTI

मंगलुरु में कर्नाटक की पारंपरिक भैंसा दौड़ 'कंबला' का रोमांच देखने को मिला। यह दौड़ भगवान को अच्छी फसल के लिए धन्यवाद देने और अगली फसल के लिए आशीर्वाद मांगने के लिए होती है। कीचड़ भरे ट्रैक पर दौड़ते भैंसे और उन्हें संभालता हुआ यह युवक, इंसान और पशु के गहरे जुड़ाव को दर्शाता है। यह रेस किसानों के साहस और उनकी संस्कृति की पहचान है।

## सालों से चली आ रही चुप्पी, संकोच और रूढ़ियों को तोड़ने के लिए कदमताल

# अब पता चलने दो... सोच बदल रही यह 'पैड यात्रा'

Poonam.Gaur@timesofindia.com

■ नई दिल्ली : 'अब पता चलने दो'...पीरियड्स को लेकर इसी टैग लाइन के साथ एनडीएमसी एरिया में स्टूडेंट्स ने 'पैड यात्रा' निकाली। इस पैड यात्रा में एनडीएमसी और प्राइवेट स्कूलों के लगभग 500 स्टूडेंट्स सहित विभिन्न समुदाय की महिलाओं ने हिस्सा लिया। स्कूलों में छात्राओं को फ्री सैनिटरी पैड्स बांटने के सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद यह टॉपिक एक बार फिर चर्चा का विषय बन गया है।

सालों से चली आ रही चुप्पी, संकोच और सामाजिक वर्जनाओं को तोड़ने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। पैड यात्रा कनॉट प्लेस से एनडीएमसी कन्वेंशन सेंटर तक निकाली गई। इसका मुख्य उद्देश्य पीरियड्स पर बनी चुप्पी को तोड़ना था। यात्रा एनजीओ 'सच्ची सहेली' ने फेडरल बैंक के सहयोग से आयोजित की थी। सच्ची सहेली संस्था पिछले 10 साल से माहवारी पर काम कर रही है।




इस पैड यात्रा के बाद एक विशेष पीरियड फेस्ट का भी आयोजन हुआ। इसका मकसद मासिक धर्म को केवल महिलाओं का विषय मानने की धारणा से बाहर लाकर उसे स्वास्थ्य, समानता और सामाजिक जिम्मेदारी से जोड़ना रहा। पैड यात्रा में सहभागिता इस बात का संकेत भी है कि पीरियड से जुड़ा सवाल अब सिर्फ महिलाओं तक सीमित न रहकर, समाज के सभी वर्गों विशेषकर युवाओं की सामूहिक जिम्मेदारी बन रहा है।

पीरियड फेस्ट में मासिक धर्म से जुड़े सामाजिक, स्वास्थ्य और शैक्षणिक पहलुओं पर केंद्रित विभिन्न गतिविधियां आयोजित हुईं। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, इन्फॉर्मेटिव स्टॉल्स, मासिक धर्म पर आधारित खेल, नाटक और अन्य गतिविधियां आकर्षण का केंद्र रहीं। पीरियड फेस्ट में एनडीएमसी के अध्यक्ष केशव चंद्रा ने कहा कि पीरियड्स जैसे विषयों पर



स्कूली छात्राओं को फ्री सैनिटरी पैड्स बांटने के SC के आदेश के बाद NDMC एरिया में निकाली गई यात्रा

### 'पीरियड पर खुली बात है पॉजिटिव बदलाव'

एमसीडी की स्वाई समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा ने कहा कि मासिक धर्म पर सार्वजनिक संवाद बढ़ना एक सकारात्मक सामाजिक बदलाव है। सच्ची सहेली की अध्यक्ष डॉ. सुरभि सिंह ने बताया कि माहवारी स्वास्थ्य का सीधा असर लड़कियों की पढ़ाई के साथ उनके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ता है। पिछले 10 साल में लाखों लड़कियों और महिलाओं के साथ काम के अनुभव से साफ है कि उन्हें पीरियड से जुड़ी शर्म और झिझक छोड़नी चाहिए और स्वाभिमान के साथ कहने चाहिए कि अब पता चलने दो।


माहवारी स्वास्थ्य का सीधा असर लड़कियों की पढ़ाई और उनके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ता है। माहवारी से जुड़ी शर्म और झिझक से खुद को बोझिल महसूस न करें। - डॉ. सुरभि सिंह, अध्यक्ष, NGO सच्ची सहेली

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 09-02-2026 Zone: Gurgaon Edition: 1 Page: NBTGRP8 User: cci Time: 02-08-2026 21:56 Color:




## AI के ताज़ा अपडेट्स

### बना सकेंगे इंटरएक्टिव दुनिया



गूगल DeepMind ने Project Genie को लॉन्च किया है। इससे यूज़र खुद की इंटरएक्टिव डिजिटल दुनिया बना और एक्सप्लोर कर सकते हैं। इसमें यूज़र टेक्स्ट या इमेज से पहाड़, शहर, जंगल या कल्पनाओं की दुनिया बना सकते हैं और उसमें चल सकते हैं। (NBT)

### मंगल पर AI की मदद से मिशन



पहली बार AI की मदद से नासा ने मंगल ग्रह पर मौजूद रोवर परसेवेरेंस की यात्रा 8 और 10 दिसंबर 2025 को पूरी कराई। अब तक रोवर को कहां जाना है, इसका फैसला पृथ्वी पर बैठे वैज्ञानिक करते थे। लेकिन इस बार AI ने रास्ता चुना। (NBT)

### हिंदी AI सिंगर और मॉडल माया का गाना रिलीज




■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: हिंदी AI सिंगर और मॉडल माया (Maaia) ने अपना डेब्यू सॉन्ग 'कौन है ये' रिलीज किया है। माया को डिवेलप करने वाली STAS Canvas का दावा है कि यह भारत की पहली हिंदी AI सिंगर और मॉडल है। माया की आवाज, लुक, एक्सप्रेशन और म्यूजिक विडियो, सब कुछ आधुनिक AI टूल्स की मदद से बनाया गया है। STAS Canvas के को-फाउंडर संदीप सिंह ने बताया कि माया सिर्फ एक टेक्नॉलजी प्रोजेक्ट नहीं है, बल्कि यह ग्लोबल कंटेंट क्रिएशन के भविष्य की झलक है। कंपनी का कहना है कि माया तो सिर्फ शुरुआत है। आने वाले समय में AI के जरिए एनिमेटेड फिल्में, शॉर्ट फिल्म्स और नए तरह के डिजिटल कंटेंट पर भी काम किया जाएगा।

## एंथ्रोपिक के 11 टूल्स से हलचल, कौन सी जॉब पर खतरा, कैसे बचेगी जॉब

Pradeep.Tiwari@timesofindia.com

■ नई दिल्लीः आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) अब सिर्फ सवालों के जवाब देने वाली तकनीक नहीं रही। यह अब ऑफिस, फैक्ट्री, कोर्ट रूम, लैब और मार्केट तक पहुंच चुकी है। इसी कड़ी में अमेरिकी AI स्टार्टअप एंथ्रोपिक (Anthropic) ने अपने AI प्लैटफॉर्म Claude Cowork के लिए 11 नए टूल्स (प्लगइन्स) लॉन्च किए हैं। इन टूल्स का मकसद काम को तेज, सस्ता और ज्यादा ऑटोमेटेड बनाना है। इन टूल्स की चर्चा सिर्फ टेक इंडस्ट्री तक सीमित नहीं रही है। निवेशकों को अंदाजा हो गया कि AI अब कई सेक्टरों में इंसानों की भूमिका बदल सकता है। यही वजह है कि ग्लोबल शेयर मार्केट में भी गिरावट आई। समझते हैं कि एंथ्रोपिक के खास 9 AI टूल्स से कौन सी नौकरियों पर असर होगा और कैसे जॉब बची रह सकती है।




### Productivity Tool


यह मीटिंग समरी बनाना, ईमेल लिखना, टास्क मैनेजमेंट और रिपोर्ट तैयार करने जैसे काम करता है।

**किसकी जॉब पर असर**
- एग्जिक्यूटिव असिस्टेंट
- डेटा एंट्री ऑपरेटर
- बैक ऑफिस सपोर्ट

**क्या करें**
- प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेशन सीखें।
- क्लाइंट कम्युनिकेशन और डिसीजन-मेकिंग स्किल बढ़ाएं।
- AI टूल्स को मैनेज और सुपरवाइज करने की भूमिका अपनाएं।
- मैनेजमेंट लेवल रोल बढ़ेंगे, ऐसे में खुद को उस तरफ शिफ्ट करें।

### Marketing

यह कंटेंट, ऐड कॉपी, सोशल मीडिया पोस्ट और कैंपेन प्लानिंग करता है। यह कंपनी की टोन और स्टाइल को याद रखता है, जिससे हर पोस्ट और मैसेज एक जैसा लगे।



**किसकी जॉब पर असर**
- कंटेंट राइटर
- सोशल मीडिया एग्जिक्यूटिव
- डिजिटल मार्केटिंग फ्रेशर्स

**क्या करें**
- ब्रैंड स्ट्रैटजी और क्रिएटिव डायरेक्शन सीखें।
- AI जेनरेटेड कंटेंट को एडिट और गाइड करें।
- कस्टमर बिहेवियर की गहरी समझ बनाएं।
- डेटा-ड्रिवन मार्केटिंग और परफॉर्मेंस एनालिसिस सीखें।

### Enterprise Search

यह कंपनी के अंदर मौजूद हजारों डॉक्यूमेंट्स, ईमेल और डेटाबेस से सेकंडों में जवाब निकाल देता है।

**किसकी जॉब पर असर**
- रिसर्च असिस्टेंट
- इंटरनल सपोर्ट टीम
- नॉलेज मैनेजमेंट प्रोफेशनल

**क्या करें**
- बिजनेस इनसाइट निकालने की स्किल सीखें।
- AI से दिए गए डेटा को समझना सीखें, व्याख्या करना सीखें।
- डोमेन एक्सपर्ट बनें, सिर्फ सर्च करने वाले नहीं।
- सही सवाल पूछना और फैसला लेने में AI को गाइड करना सीखें।

### Plugin Create

यह बेसिक ऐप, ऑटोमेशन और टूल्स खुद बना सकता है। AI के लिए नए प्लगइन्स कस्टमाइज करता है, कई बार बिना ज्यादा कोडिंग के।



**किसकी जॉब पर असर**
- जूनियर सॉफ्टवेयर इंजीनियर
- वेब डिवेलपर
- लो-लेवल ऐप डिवेलपमेंट प्रोफाइल

**क्या करें**
- सिस्टम आर्किटेक्चर और AI इंटीग्रेशन सीखें।
- सिक्योरिटी, स्केलेबिलिटी और परफॉर्मेंस पर फोकस करें।
- AI असिस्टेड डिवेलपर बनें, सिर्फ कोडर से काम नहीं चलेगा।
- GitHub की रिपोर्ट के मुताबिक, AI कोडिंग से डिवेलपर की भूमिका बदलेगी।

### Sales

यह टूल लीड जनरेशन, ईमेल पिच, फॉलो-अप और कस्टमर प्रोफाइलिंग करता है। सेल्स से जुड़े कई काम कुछ ही सेकंड में कर सकता है।

**किसकी जॉब पर असर**
- टेलीसेल्स एग्जिक्यूटिव
- इनसाइड सेल्स टीम
- जूनियर बिजनेस डिवेलपमेंट प्रोफाइल

**क्या करें**
- हाई-वैल्यू क्लाइंट डीलिंग सीखें।
- नेगोशिएशन और रिलेशनशिप बिल्डिंग पर फोकस करें।
- AI की ओर से दिए गए लीड्स को क्लोज करना सीखें।
- मार्केट में अपने लिंक बनाकर रखें।

### Finance


यह टूल अकाउंट एनालिसिस, बजटिंग, फाइनेंशल रिपोर्ट और रिस्क एनालिसिस करता है। दावा है कि एरर की आशंका इसमें बेहद कम है।

**किसकी जॉब पर असर**
- अकाउंट एग्जिक्यूटिव
- जूनियर फाइनेंशल एनालिस्ट
- बुक-कीपिंग प्रोफाइल

**क्या करें**
- स्ट्रैटजिक फाइनेंस और बिजनेस फोरकास्टिंग सीखें।
- AI आउटपुट की ऑडिट और वैलिडेशन करना सीखें।
- रेगुलेटरी और कम्प्लायंस से जुड़ी नॉलेज बढ़ाएं।
- फाइनेंस को टेक्नॉलजी से जोड़ने की स्किल डिवेलप करें।

### Customer Support

यह पुराने मामलों से सीखता है और उसी आधार पर नए जवाब सुझाता है। कस्टमर सपोर्ट तेज होगा और ग्राहकों को जल्दी समाधान मिलेगा।



**किसकी जॉब पर असर**
- कस्टमर सपोर्ट एग्जिक्यूटिव
- कॉल सेंटर स्टाफ
- बीपीओ और एलपीओ स्टाफ

**क्या करें**
- एस्केलेशन और क्राइसिस हैंडलिंग सीखें।
- कस्टमर एक्सपीरियंस मैनेजमेंट में जाएं।
- AI सुपरवाइजर रोल में खुद को शिफ्ट करें।
- इमोशनल और ह्यूमन टच को ताकत बनाएं।

### Data

एंथ्रोपिक का यह टूल डेटा क्लीनिंग, एनालिसिस और विजुअलाइजेशन करता है। सवाल पूछने, ग्राफ बनाने और नतीजों को समझने में माहिर है।

**किसकी जॉब पर असर**
- डेटा एनालिस्ट (एंट्री-लेवल)
- MIS एग्जिक्यूटिव
- रिपोर्टिंग प्रोफाइल

**क्या करें**
- एडवांस एनालिटिक्स और बिजनेस स्टेटिस्टिक्स सीखें।
- AI मॉडल्स को ट्रेन और मॉनिटर करने की ट्रिक सीखें।
- डोमेन स्पेसिफिक डेटा के एक्सपर्ट बनें।
- डेटा के आधार पर बिजनेस से जुड़े फैसले सुलझाना सीखें।

### Legal

यह टूल कॉन्ट्रैक्ट रिव्यू, केस रिसर्च और लीगल ड्राफ्टिंग करता है। एंथ्रोपिक का यह AI टूल छोटे-छोटे क्लॉज और शर्तों पर भी ध्यान देता है, जिन्हें आमतौर पर लोग नजरअंदाज कर देते हैं।



**किसकी जॉब पर असर**
- लीगल असिस्टेंट
- जूनियर लॉयर
- पैरालीगल स्टाफ

**क्या करें**
- कोर्ट अपीयरेंस और स्ट्रैटजिक अडवाइस पर फोकस करें।
- AI आधारित लीगल रिसर्च का सही इस्तेमाल सीखें।
- रेगुलेटरी इंटरप्रिटेशन में महारत हासिल करें।

## कुछ ही मिनट में ऐसे बना सकते हैं विडियो




Pradeep.Tiwari@timesofindia.com

■ नई दिल्लीः सोशल मीडिया पर आपने भी शायद ऐसे विडियो देखे होंगे, जिनमें कोई चीज खुद बोलती हुई दिखाई देती है। कभी गेहूं की रोटी कहती है कि मुझे ज्यादा खाओगे तो वजन बढ़ेगा, तो कभी प्लास्टिक की बोतल बोलती है कि मैं सिर्फ प्यास बुझाने आई थी, फिर मुझे फेंक दिया गया। ऐसे विडियो को आसानी से बना सकते हैं।

**ChatGPT खोलें:** सबसे पहले अपने मोबाइल या कंप्यूटर में ChatGPT ऐप खोलें। ऐप में ऊपर बाईं तरफ थ्री लाइनों पर टच करें। वहां पर Apps खोलें, फिर दाईं तरफ GPTs दिखेगा। उस पर टच करने पर सर्च का ऑप्शन दिखेगा। सर्च बॉक्स में Object Talk Hindi सर्च करें।

अब यहां बस उस चीज का नाम लिखना है, जिस पर विडियो बनाना चाहते हैं। जैसे, लिख सकते हैं- सेब, इसके बाद ChatGPT सेब के हिसाब से पूरी विडियो स्क्रिप्ट और इमेज बनाने के लिए प्रॉम्प्ट देगा। अगर सेब से जुड़ा कोई खास विडियो बनाना चाहते हैं तो उसे भी लिख सकते हैं कि 'सेब के फायदे बताने वाले विडियो के लिए प्रॉम्प्ट दें'।

### दूसरे स्टेप में Gemini खोलें

दूसरे स्टेप में गूगल Gemini पर जाना है। वहां ChatGPT से मिला हुआ प्रॉम्प्ट कॉपी करके पेस्ट कर दें। कुछ ही सेकंड में आपके ऑब्जेक्ट की इमेज बनकर तैयार हो जाएगी। जब इमेज बन जाए, तो उसे विडियो में बदलने के लिए Google Flow वेबसाइट पर जाएं। वहां New Project बनाएं और Frames to Video ऑप्शन को चुनें। अब Gemini से बनी हुई सारी इमेज अपलोड करें। इसके बाद ChatGPT ने जो विडियो स्क्रिप्ट दी थी, उसे Google Flow में पेस्ट कर दें। जैसे ही आप एंटर करेंगे, गूगल Flow अपने आप उस इमेज और स्क्रिप्ट के आधार पर पूरा विडियो बना देगा। इस तरह बिना कैमरा, बिना शूट और बिना एडिटिंग के आपका विडियो तैयार हो जाता है।

अगर आप भी AI से जुड़ी किसी जानकारी या सवाल का जवाब चाहते हैं, तो हमें nbtreader@timesofindia.com पर ईमेल करें। हमारे एक्सपर्ट आपके सवालों के जवाब देंगे। ईमेल के सब्जेक्ट में AI जरूर लिखें।

## NBT कम्युनिटी कनेक्ट

# गुर्जरों में नई पीढ़ी को जड़ों से जोड़ती ग्वाले जिमाने की परंपरा



दिल्ली-एनसीआर में गुर्जर समाज अपने पुरखों की आस्था को जीवित रखे हुए है



भजन-कीर्तन के बाद ग्वालों को खीर का प्रसाद खिलाया जाता है। बताशे या बूंदी का प्रसाद बांटा जाता है

NBT 2 मिनट में पढ़ें

Mohit.Chandela@timesofindia.com

- खीर का भोग लगाकर ग्वालों को जिमाने की परंपरा बाबा मोहन राम की कृपा से जुड़ी मानी जाती है।
- मवेशी चराने वालों और बच्चों को खीर खिलाकर इस परंपरा को जीवित रखा जा रहा है
- पूरा वातावरण श्रद्धा, सामूहिकता और पारंपरिक भावनाओं से भर उठता है

■ नई दिल्लीः तेजी से शहरी होते समाज और बदलती जीवन शैली के बीच भी कुछ परंपराएं ऐसी हैं, जो समय के साथ कमजोर नहीं पड़ीं, बल्कि आस्था के सहारे और मजबूत हुई हैं। गुर्जर समाज में प्रचलित ग्वाले जिमाने की परंपरा ऐसी ही है, जो आज भी पूरी श्रद्धा और विधि-विधान के साथ निभाई जा रही है।

समाज से जुड़े हितेंद्र देढ़ा ने बताया कि दिल्ली-एनसीआर जैसे महानगरीय क्षेत्र में, जहां चारागाह सिमट चुके हैं और पशुपालन पहले जैसा नहीं रहा, वहां भी गुर्जर समाज पुरखों से मिली इस आस्था को जीवित रखे हुए है। यह परंपरा बाबा मोहन राम मिलकपुर धाम के प्रति गहरी श्रद्धा से जुड़ी मानी जाती है। बड़े-बुजुर्ग बताते हैं कि बाबा मोहनराम ऐसे देव हैं, जो सच्चे मन से की गई भक्ति का फल अवश्य देते हैं। मान्यता के अनुसार, अमावस्या या दौज के दिन संध्या के समय खीर बनाकर बाबा मोहन राम को भोग लगाया जाता है। इसके बाद ग्वाले जिमाने की रस्म निभाई जाती है, जिसका अर्थ है- उन ग्वालों या बच्चों को खीर का प्रसाद खिलाना, जिन्होंने मवेशियों को चराने का काम किया हो। माना जाता है कि इससे श्रद्धालु की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।

पहले ग्रामीण इलाकों में ग्वालों की संख्या अधिक होती थी और पशु चराने की परंपरा सामान्य जीवन का हिस्सा थी। लेकिन अब चारागाह कम हो गए हैं और पशुपालन सीमित हो गया है। इसके बावजूद यह परम्परा समाप्त नहीं हुई। गुर्जर परिवार इस परंपरा को निभाने के लिए गली-मोहल्लों या परिचित परिवारों के ऐसे बच्चों और लोगों को आमंत्रित करते हैं, जिन्होंने मवेशियों को चराया हो। अनुष्ठान की शुरुआत खीर बनाने से होती है। पहले बाबा मोहन राम को भोग लगाया जाता है, फिर उनके भजनों का गायन होता है।

भजन-कीर्तन के बाद ग्वालों को खीर का प्रसाद खिलाया जाता है। अंत में बताशे या बूंदी का प्रसाद बांटा जाता है और बाबा मोहन राम सहित सभी देवताओं के जयकारे लगाए जाते हैं। पूरा वातावरण श्रद्धा, सामूहिकता और पारंपरिक भावनाओं से भर उठता है।

समाज के लोगों का मानना है कि ग्वाले जिमाना सामाजिक एकता और सांस्कृतिक निरंतरता का प्रतीक है। बदलते समय के बावजूद, गुर्जर समाज की यह आस्था दर्शाती है कि परम्पराएं केवल इतिहास नहीं होतीं, वे जीवित विश्वास होती हैं।

## मंडी की शिवरात्रि

### देव-मिलन का महाकुंभ: जब मेले में उतरेंगे स्वर्ग के देवता!

'छोटी काशी' के नाम से विख्यात मंडी शहर अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि मेले के स्वागत के लिए पूरी तरह तैयार है। यह हिमाचल की समृद्ध संस्कृति और अनूठी देव परंपरा का प्रतीक खास है। सैकड़ों देवी-देवताओं का मिलन इस उत्सव को भव्य बनाता है। इस साल 16 से 22 फरवरी तक शिवरात्रि महोत्सव आयोजित किया जा रहा है।





**देवी-देवताओं का शाही आगमन:** उत्सव में जनपद के 200 से अधिक देवी-देवता अपने रथों पर सवार होकर मंडी के मेले में पहुंचेंगे।

मेले में कलाकार और प्रसिद्ध गायक हिमाचल की लोक संस्कृति की शानदार प्रस्तुति देंगे

**परंपरा का साथ:** मेले में स्थानीय हस्तशिल्प और संगीत होगा, जो पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र भी बनेगा।



## सखी बहिनपा से शुरू किया 'गाम बजा रहल अछि' जनसंपर्क अभियान

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली



लोगों से अपील की जा रही है कि जनगणना में मातृभाषा मैथिली जरूर लिखाएं

मैथिल महिलाओं को अपने कर्तव्य के प्रति जागरूक करना है उद्देश्य

**सखी बहिनपा** मैथिलानी समूह ने 'गाम बजा रहल अछि' जनसंपर्क अभियान 31 जनवरी से शुरू किया है। इसके तहत मिथिला के ग्रामीण अंचल की महिलाओं को अपनी भाषा, संस्कृति और परंपरा के प्रति सचेत करने के साथ ही अपने अधिकार एवं अपनी माटी की अस्मिता की रक्षा के लिए अपने कर्तव्य के प्रति जागरूक किया जा रहा है। समूह के द्वारा लोगों से अपील की जा रही है कि जनगणना में अपनी मातृभाषा मैथिली अवश्य लिखाएं।

साथ ही, सरकार से मांग की है कि मिथिला क्षेत्र के लिए मैथिली को कामकाज की भाषा घोषित की जाए, प्राथमिक शिक्षा में मैथिली तुरंत लागू किया जाए, मैथिली दूरदर्शन चैनल जल्द शुरू किया जाए और मैथिल महिलाओं की आर्थिक आत्मनिर्भरता के लिए सरकार द्वारा विशेष ऋण एवं सहायता योजना उपलब्ध कराया जाए।

संस्था की संस्थापिका आरती झा ने बताया कि अभियान को कई चरणों में मिथिला के अलग-अलग गांवों में चलाए जाने की योजना है। प्रथम चरण में 2 फरवरी तक कोइलख, लोहना, मंगरौनी, शीशो और शुभंकरपुर में जनजागरण अभियान चलाया गया। 'मिथि-रंग लोकनाटिका' टीम के फूलदेवी समूह द्वारा नुक्कड़ नाटक का भी मंचन किया गया। आरती ने कहा कि आयोजन में समाज के अति दलित वर्ग की विशाल उपस्थिति से सखी बहिनपा के टैगलाइन 'जाति-पाति पूछथि नहि कोइ, मैथिली बाजथि से मैथिल होइ' से धरातल पर एकजुटता महसूस की गई। उन्होंने कहा कि दरभंगा, मधुबनी के संग-संग विभिन्न जिलों से बहुत बड़ी संख्या में सखियां पहुंचकर योगदान दे रही हैं।

## दिल्ली में गूंजी कुमाऊंनी, 400 नए लेखकों को मंच देने का लक्ष्य

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**कुमाऊंनी भाषा**, साहित्य और संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन के लिए कुमाऊंनी भाषा साहित्य और सांस्कृतिक समिति की ओर से पिछले रविवार 1 फरवरी 2026 को दिल्ली के गढ़वाल भवन में कुमाऊंनी भाषा संगोष्ठी और कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कुमाऊंनी भाषा से जुड़े सामाजिक, साहित्यिक एवं सांस्कृतिक विषयों पर सार्थक विमर्श हुआ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. सुरेंद्र रावत ने की, जबकि समिति के महासचिव राजू पाण्डेय ने संचालन किया। समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह हाल्सी ने कहा कि नए लेखकों और साहित्यकारों को मंच देकर प्रोत्साहित किया जाएगा और अगले चार वर्षों में 400 नए लेखकों और साहित्यकारों को समिति से जोड़ना प्रमुख लक्ष्य है। भाषा संगोष्ठियों एवं सेमिनारों के माध्यम से कुमाऊंनी के प्रचार-प्रसार का कार्य लगातार किया



गढ़वाल भवन में हुई कुमाऊंनी भाषा संगोष्ठी और कवि सम्मेलन

जाएगा। मुख्य अतिथि के रूप में चंद्र शेखर रावत (मुख्य स्थायी अधिवक्ता, उत्तराखंड सरकार) उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि ने आमंत्रित कवियों एवं वार्ताकारों को सम्मान पत्र प्रदान किए। अतिथियों एवं समिति के पदाधिकारियों की ओर से कुमाऊंनी सीखने के लिए तैयार की गई कुमाऊंनी प्रवेशिका "तुतुरी" का लोकार्पण भी किया गया। समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह हाल्सी ने बताया कि समिति पिछले दो वर्षों से कुमाऊंनी पत्रिका "दुदबोली" का नियमित प्रकाशन कर रही है, जिसका संपादन वरिष्ठ पत्रकार चारू तिवारी कर रहे हैं। कार्यक्रम के शुरू में स्वर्गीय गोपाल बाबू गोस्वामी और स्वर्गीय जीत सिंह नेगी को याद कर श्रद्धांजलि दी गई।

इस अवसर पर पूर्ण चंद्र कांडपाल, रमेश हितैषी, फिल्मकार संजय जोशी, मनोज चंदोला, वरिष्ठ पत्रकार चारू तिवारी, योग गुरु रमेश कांडपाल, संगीतकार राजेंद्र चौहान, डॉ. सुरेंद्र रावत, सुरेंद्र सिंह हाल्सी, राजू पाण्डेय, कुंदन बैंजोला, राहुल सती, के.एन. पाण्डेय, हेम पंत, महेंद्र लटवाल, संजय जोशी, शिव दत्त पंत, हेम हरबोला, हरीश भंडारी, पूर्व राज्य मंत्री धीरेंद्र प्रताप, श्यामदत्त पिथौरागढ़ी, बीना नयाल, विमला रावत, खोल सिंह नेगी, अकादमी के सचिव रमेश तिवारी उपस्थित रहे।

20 20 WORLD CUP अल्टीमेट रोमांच



टूर्नामेंट में शुरुआत करने के लिए यह एक अच्छा परिणाम है (USA पर जीत)। सूर्यकुमार की पारी मास्टरक्लास थी। यह दबाव में खेली गई टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की सबसे अच्छी पारियों में से एक थी। - गौतम गंभीर, हेड कोच, भारत

**39** रन पर युगांडा आउट हुई थी विंडीज के खिलाफ 2024 टी20 वर्ल्ड कप में और नीदरलैंड्स श्रीलंका के खिलाफ 2014 में जो टूर्नामेंट का लोएस्ट टोटल है

## वर्ल्ड कप स्पेशल QUIZ

इस पेज पर छपी खबरों में हैं इन सवालों का जवाब

1. इटली ने कितने फीफा वर्ल्ड कप जीते हैं? A) 7 B) 2 C) 4 D) 5
2. न्यूजीलैंड-अफगानिस्तान के टी20 मैच में प्लेयर ऑफ द मैच कौन रहा? A) राशिद खान B) टिम सीफर्ट C) मिचेल सैंटनर D) ग्लेन फिलिप्स

**कल के जवाब** 1. B) कोलंबो 2. D) वेस्टइंडीज

**लकी WINNERS**



1 मनोज सक्सेना, गाजियाबाद, यूपी



2 सुशांत मदान, महेंद्र पार्क, दिल्ली



3 अफजल, अंधेरी, मुंबई

आप अपने जवाब हमें **9319282367** पर अपने नाम, तस्वीर और शहर/गांव के नाम के साथ वॉट्सऐप करें। एक 'लकी विनर' का नाम और तस्वीर हम कल के अंक में छापेंगे। दो अन्य विजेताओं के नाम भी प्रकाशित होंगे।


### छुट्टियों का प्लान रद्द कर नैशनल ड्यूटी पर लौटे पेसर ने आते ही छोड़ी छाप

# DSP मो. सिराज रिपोर्टिंग सर...

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** मोहम्मद सिराज ने अभी-अभी रणजी ट्रॉफी के लीग चरण में हैदराबाद के लिए दो मैच खेले थे। टीम नॉकआउट में नहीं पहुंची तो अगले हफ्ते रियाल मैड्रिड फुटबॉल क्लब के मैच देखने के लिए स्पेन जाने का प्लान बनाया, लेकिन इससे पहले कि वह छुट्टियां मनाने विदेश निकलते उन्हें 'नैशनल ड्यूटी' का बुलावा आ गया।

हैदराबाद पुलिस में डीएसपी के पद पर तैनात सिराज ने बताया वह रियाल मैड्रिड और रियाल सोसिएदाद के बीच फुटबॉल मैच देखने के लिए मैड्रिड जाने और फिर IPL से पहले रमजान के दौरान परिवार के साथ समय बिताने की योजना बना रहे थे। तभी एक कॉल आया। फोन की दूसरी तरफ से आवाज आई, 'मियां बैग पैक करके आना'। यह संदेश उन्हें भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव से मिला। पहले तो सिराज ने कहा कि मजाक मत करो। जब सूर्यकुमार ने दोबारा कहा तब जाकर उन्हें यकीन हुआ और उन्होंने तुरंत बैग पैक किया। वे रात 3 बजे मुंबई पहुंचकर टीम से जुड़े, टूर्नामेंट के पहले दिन तड़के। उन्होंने विपक्षी टीम पर थोड़ी सी ही और फिर सो गए। दूसरे दिन संदेश मिला कि वह USA के खिलाफ प्लेइंग इलेवन में खेलेंगे।

**करीब दो साल बाद खेला टी20I:** सिराज ने जुलाई 2024 के बाद से कोई टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेला था, जो भारत की पिछली टी20 वर्ल्ड कप जीत के तुरंत बाद का समय था।



AI IMAGE

लेकिन शनिवार को जब उन्हें नई गेंद से गेंदबाजी का मौका मिला, तो उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया, मानो खेल से उनका रिश्ता कभी टूटा ही न हो। पहले स्पेल में दो तेज विकेट लेकर उन्होंने और अर्शदीप सिंह ने USA का स्कोर 13/3 कर दिया, जिससे भारत को 161 रन के स्कोर का बचाव करने की मजबूत शुरुआत मिली।

**किस्मत से एकादश में भी शामिल:** भारत की 29 रन की जीत के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में भावुक सिराज ने कहा, '24 घंटे में ऊपरवाले ने मेरी किस्मत बदल दी। मैं परिवार के साथ समय बिता रहा था, तभी एड्रियन ले रॉक्स (भारत के स्ट्रेंथ एंड कंडीशनिंग कोच) का मैसेज आया कि क्या कर रहे हो। मैंने कहा, अभी मैसेज मत करो, मैंने दो चार-दिवसीय मैच खेले हैं, मुझे आराम चाहिए।' सिराज को यह मौका अचानक मिला, क्योंकि वे हर्षित राणा के चोटिल होने पर देर से टीम में शामिल किए गए। साथ ही किस्मत ने भी साथ दिया। जब सिराज टीम से जुड़े, तब जसप्रीत बुमरा बीमार थे और मैच से पहले अभ्यास नहीं कर पाए थे। अगर भारत को दो तेज गेंदबाज खिलाने थे, तो अर्शदीप के साथ सिराज ही एकमात्र विकल्प थे।

**नहीं बची थी कोई उम्मीद:** सिराज ने कहा, "जब मैं विमान में था तो ऐसा लग रहा था जैसे मैं सपना देख रहा हूं क्योंकि मैंने विश्व कप में खेलने के बारे में सोचा ही नहीं था।' उन्होंने कहा, 'पिछले एक साल से योजना बनाई जा रही थी। जो लोग इसमें खेलने वाले थे उन्हें मौके मिल रहे थे और क्योंकि मैंने टी20 अंतरराष्ट्रीय नहीं खेले थे इसलिए मुझे समझ आ गया था कि मैं इसका हिस्सा नहीं बनूंगा।'

**टी20I में सिराज और हर्षित के आंकड़े**

| सिराज | | हर्षित |
|---|---|---|
| 17 | इनिंग्स | 8 |
| 481 | रन दिए | 297 |
| 17 | विकेट | 9 |
| 4/17 | बेस्ट | 3/33 |
| 28.29 | ऐवरेज | 33.00 |
| 7.75 | इकॉनमी | 10.60 |
| 21.80 | स्ट्राइक रेट | 18.60 |

**4** बार टी20I इंटरनैशनल में ही साथ में बोलिंग की है जसप्रीत बुमरा और मोहम्मद सिराज ने। भारत इन चार में से तीन में जीता है, जबकि एक में हारा है। आखिरी बार दोनों टी20 वर्ल्ड कप 2024 में अमेरिका के खिलाफ साथ में उतरे थे


**NBT Lens** खबरों के अंदर की बात

### राणा से बेहतर विकल्प हैं सिराज

टीम से बाहर होने से पहले सिराज ने अपने पिछले दस टी20 इंटरनैशनल मैच में शानदार इकॉनमी के साथ बोलिंग की थी। पिछले दस मैच में सिर्फ दो बार ही उनकी बोलिंग इकॉनमी तीन बार ही 7 या 7 प्लस रही। इस दौरान चार बार उनकी इकॉनमी पांच के नीचे और एक बार चार के नीचे रही। हां इस दौरान वह कुल सिर्फ नौ विकेट निकाल सके। कुछ मैचों में उनकी झोली खाली ही रही। दूसरी ओर हर्षित राणा ने अभी तक सिर्फ नौ टी20 इंटरनैशनल मैच खेले हैं, लेकिन उनकी इकॉनमी बेहद ही खराब रही है। आठ मैचों में उन्होंने गेंदबाजी की और तीन बार उनकी इकॉनमी 13+, एक बार 11+ और चार मैचों में 8+ रही। हालांकि इस दौरान सिर्फ दो मैच में ही वह विकेट निकालने में नाकाम रहे। फिर भी बेहतर इकॉनमी रखने वाले सिराज पर हर्षित को तरजीह समझ से परे है।

# भारत-पाक मैच के लिए ICC की कोशिशें तेज

ICC उपाध्यक्ष पाकिस्तान में



Social Media

ICC के उपाध्यक्ष इमरान ख्वाजा

■ **एजेंसियां, कराची:** इंटरनैशनल क्रिकेट काउंसिल (ICC) के उपाध्यक्ष इमरान ख्वाजा भारत के खिलाफ टी20 वर्ल्ड कप मुकाबले के पाकिस्तान के प्रस्तावित बहिष्कार पर जारी गतिरोध को सुलझाने की कोशिशों के बीच पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (PCB) के अधिकारियों से मिलने लाहौर पहुंच गए। आईसीसी में सिंगापुर का प्रतिनिधित्व करने वाले ख्वाजा इस ग्लोबल संस्था में एक प्रभावशाली व्यक्ति हैं और असोसिएट मेंबर डायरेक्टर के तौर पर बोर्ड में उनके पास वोटिंग का अधिकार है।

**ख्वाजा को बनाया है मध्यस्थ:** पीसीबी के करीबी सूत्र ने पुष्टि की कि ख्वाजा को आईसीसी बोर्ड ने इस विवादास्पद विषय पर मध्यस्थ के रूप में नामित किया है। सूत्र ने कहा, 'ख्वाजा पिछले कुछ दिनों से मोहसिन नकवी से बातचीत कर रहे थे और वह रविवार को लाहौर पहुंच रहे हैं जिससे कि वर्चुअल बैठक से पहले पीसीबी प्रमुख और बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (BCB) के अध्यक्ष अमीनुल इस्लाम से बात कर सकें।' अमीनुल पहले से ही लाहौर में हैं और उनका भी नकवी से मिलने की उम्मीद है। उम्मीद है कि अमीनुल इन चर्चाओं का हिस्सा होंगे जिनका मकसद पाकिस्तान को 15 फरवरी को कोलंबो में भारत के खिलाफ नहीं खेलने के अपने फैसले पर फिर से विचार करने के लिए मनाना है।

पीसीबी के एक सूत्र ने बताया कि ख्वाजा और अमीनुल दोनों नकवी से बात करके बाद में आईसीसी संचालन बोर्ड के कुछ सदस्यों से वर्चुअल बात करेंगे। आईसीसी अपनी ओर से पूरी कोशिश कर रही है कि पीसीबी अपनी टीम को 15 फरवरी को भारत के खिलाफ मैच खेलने की अनुमति सरकार से दिलाए। नकवी ने भारत के साथ मैच के बहिष्कार के सरकार के निर्देशों पर ज्यादा टिप्पणी नहीं की है, लेकिन एक विश्वसनीय सूत्र ने बताया कि श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) द्वारा पीसीबी को एक ईमेल भेजने के बाद स्थिति बदल गई है। इस ईमेल में उनसे बहिष्कार खत्म करने का आग्रह किया गया है।

आईसीसी के सीईओ संजोग गुप्ता भी एसएलसी अध्यक्ष शम्मी सिल्वा से मिलने कोलंबो गए हैं जिन्होंने नकवी को भारत के खिलाफ मैच खेलने के लिए ईमेल भेजा था। अब उम्मीद की जा रही है कि नकवी जल्द ही कोई फैसला ले सकते हैं क्योंकि पीसीबी ने आईसीसी से बातचीत के लिए संपर्क किया है।

मैं पाकिस्तान के वर्ल्ड कप से पीछे हटने से सच में हैरान हूं। आप वर्ल्ड कप जीतने के लिए आते हैं और हर अंक अहम होता है। आप वर्ल्ड कप में अंक नहीं गंवा सकते इसलिए मैं थोड़ा हैरान हूं। लेकिन यह उनका फैसला है। – सौरव गांगुली, पूर्व कप्तान, भारत

# सीफर्ट की पारी से न्यूजीलैंड की जीत

■ **एजेंसियां, चेन्नै:** टिम सीफर्ट के तेज-तर्रार अर्धशतक से न्यूजीलैंड ने आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप के ग्रुप-डी मैच में रविवार को यहां अफगानिस्तान को पांच विकेट से हराकर अपने अभियान की शुरुआत जीत के साथ की। अफगानिस्तान के 183 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए न्यूजीलैंड ने ओपनर और विकेटकीपर सीफर्ट की 42 गेंद में तीन सिक्स और सात फोर के साथ 65 रन की पारी की बदौलत 17.5 ओवर में पांच विकेट पर 183 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की।

**शुरुआती झटकों के बाद संभले:** सीफर्ट ने ग्लेन फिलिप्स (42 रन, 25 बॉल, 7 फोर, 1 सिक्स) के साथ तीसरे विकेट के लिए 47 गेंद में 74 रन की साझेदारी भी की जिससे न्यूजीलैंड की टीम दूसरे ओवर में 14 रन पर दो विकेट गंवाने के बाद वापसी करने में सफल रही। अफगानिस्तान ने अनुभवी गुलबदीन नईब (63 रन, 35 बॉल, 3 फोर, 4 सिक्स) के शानदार अर्धशतक और सदीकुल्लाह अटल (29 रन, 24 गेंद) के बीच उनकी तीसरे विकेट की 51 गेंद में 79 रन की साझेदारी से छह विकेट पर 182 रन बनाए। न्यूजीलैंड की ओर से लॉकी फर्ग्युसन सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 40 रन देकर दो विकेट चटकाए।

**मुजीब का डबल स्ट्राइक:** लक्ष्य का पीछा करने उतरे न्यूजीलैंड को स्पिनर मुजीब उर रहमान (2/31) ने दूसरे ओवर में ओपनर फिन एलेन (1) और रचिन रविंद्र (0) को लगातार गेंदों पर बोल्ड करके दोहरा झटका दिया। सीफर्ट ने इसके बाद फिलिप्स के साथ मिलकर पारी को संभाला। उन्होंने ऑफ स्पिनर मोहम्मद नबी की गेंद पर सिक्स के साथ 39 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। फिलिप्स ने अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान को निशाना बनाते हुए उनकी लगातार गेंदों पर फोर और सिक्स मारा। राशिद ने फिलिप्स को बोल्ड करके इस साझेदारी को तोड़ा जबकि नबी ने सीफर्ट को कैच आउट कराके अफगानिस्तान को वापसी दिलाने की कोशिश की। मार्क चैपमैन (28), डेरिल मिचेल (25* रन) और कप्तान मिचेल सैंटनर (17* रन) ने हालांकि न्यूजीलैंड की जीत सुनिश्चित की।

अफगानिस्तान Vs न्यूजीलैंड
टी20 वर्ल्ड कप-2026



AFP

टिम सीफर्ट

**ब्रीफ स्कोर**
**अफगानिस्तान:** 20 ओवर्स में 6 विकेट पर 182 रन (गुलबदीन नईब 63, सदीकुल्लाह अटल 29, रहमानुल्लाह गुरबाज 27, लॉकी फर्ग्युसन 2/40, रचिन रविंद्र 1/14)
**न्यूजीलैंड:** 17.5 ओवर्स में 5 विकेट पर 183 रन (टिम सीफर्ट 65, ग्लेन फिलिप्स 42, मार्क चैपमैन 28, मुजीब उर रहमान 2/31, मोहम्मद नबी 1/18)

# कुसल ने लगाई फिफ्टी, कामिंदु ने खेली तेज पारी

■ **एजेंसियां, कोलंबो:** कुसल मेंडिस के नाबाद अर्धशतक और कामिंदु मेंडिस के 19 गेंद में 44 रन के दम पर श्रीलंका ने खराब शुरुआत के बावजूद आयरलैंड के खिलाफ रविवार को टी20 वर्ल्ड कप के मैच में छह विकेट पर 163 रन बनाए।

**लड़खड़ाई थी पारी:** विकेटकीपर कुसल ने 43 गेंद में पांच फोर की मदद से 56* रन बनाए। उन्होंने पांचवें विकेट के लिए कामिंदु के साथ 67 रन की साझेदारी की। कामिंदु ने अपनी पारी में चार फोर और दो सिक्स लगाए। एक समय पर श्रीलंका का स्कोर 14वें ओवर में चार विकेट पर 86 रन था। श्रीलंका को आयरलैंड की खराब फील्डिंग का भी फायदा मिला, जिसने कुछ कैच टपकाए। श्रीलंका शुरुआती चार ओवर्स में 28 रन ही बना सका था, लेकिन पांचवें और छठे ओवर में ताबड़तोड़ बैटिंग की बदौलत टीम ने पावरप्ले 50 रन पर खत्म किया।



कुसल ने खेली 56 रन की पारी

इसके बाद आयरलैंड के कप्तान पॉल स्टर्लिंग ने स्पिनर जॉर्ज डॉकरेल को गेंद सौंपी, जिन्होंने पहले ओवर में चार ही रन दिए। डॉकरेल ने धीमी गेंद पर पाथुम निसांका (24 रन, 23 बॉल) की स्लो पारी का अंत किया।

# इतिहास से 4 रन दूर रह गया नेपाल

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** दुनिया की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट का घर नेपाल टी20 वर्ल्ड कप के इतिहास में एक नई ऊंचाई हासिल करने से चूक गया। रविवार को मुंबई के वानखेड़े मैदान में इंग्लैंड के खिलाफ अपने पहले ग्रुप मैच में नेपाल इतिहास रचने से सिर्फ चार रन दूर रह गया। मैदान में मौजूद भारी समर्थकों के सामने नेपाल ने खिताब के दावेदारों में शामिल इंग्लैंड के खिलाफ जोरदार खेल दिखाया। अंतिम ओवर में उसे जीत के लिए दस रन चाहिए थे। यह मुश्किल काम नहीं था, लेकिन अनुभव की कमी और सैम कुरन की शानदार गेंदबाजी ने इंग्लैंड को बड़े उलटफेर से बचा लिया।

**लोकेश, ऐरी ने लड़ी लड़ाई:** इससे पूर्व, इंग्लैंड ने पहले बैटिंग करते हुए सात विकेट पर 184 रन बनाए थे। टीम की ओर से जैकब बेथेल (55 रन) और कप्तान हैरी ब्रूक (53 रन) ने दमदार फिफ्टी लगाई। डेथ ओवर्स में 'प्लेयर ऑफ द मैच' विल जैक्स ने 18 बॉल पर 39 रन (1/17) की पारी खेली। जवाब में कुशल भुर्तेल (29 रन) और कप्तान रोहित (39 रन) ने नेपाल को उम्दा शुरुआत दिलाई। 17वें ओवर्स की शुरुआत से पहले नेपाल को जीत के लिए 24 बॉल में 56 रन की दरकार थी, जिसके बाद टीम ने लोकेश (39 रन, 20 बॉल, 4 फोर, 2 सिक्स) और दीपेंद्र सिंह ऐरी (44 रन, 29 बॉल, 6 फोर, 1 सिक्स) की बदौलत अगले तीन ओवर्स में 46 रन ठोक दिए। नेपाल ने 17वें ओवर में 10 रन, 18वें में 22 रन और 19वें में 14 रन बटोरे। लेकिन अंतिम ओवर में जीत के लिए जरूरी 10 रन की जगह पांच रन ही जुटा पाई।

**अब कोई हल्के में नहीं लेगा:** मैच के बाद मैदान पर मौजूद बैटर लोकेश बाम निराश दिखे, लेकिन स्टेडियम में मौजूद उनके फैंस ने नेपाल के प्लेयर्स का उत्साह कम नहीं होने दिया।



हार के बाद निराश लोकेश

**4** रन से हारी नेपाल। यह टी20 वर्ल्ड कप में रन के लिहाज से दूसरी सबसे छोटी हार है। नेपाल पिछले वर्ल्ड कप में साउथ अफ्रीका से 1 रन से हारी थी

**ब्रीफ स्कोर**
**इंग्लैंड:** 20 ओवर्स में 184/7 (जैकब बेथेल 55, हैरी ब्रूक 53, दीपेंद्र सिंह ऐरी 2/23)
**नेपाल:** 20 ओवर्स में 180/6 (दीपेंद्र सिंह ऐरी 44 रन, लोकेश बाम 39* रन, विल जैक्स 1/17)

# टी20I में पहली बार भिड़ेंगे साउथ अफ्रीका-कनाडा

■ **एजेंसियां, अहमदाबाद:** टी20 वर्ल्ड कप में खिताब की दावेदारी मजबूत करनी है तो साउथ अफ्रीका को सोमवार को कनाडा के खिलाफ अपने शुरुआती मैच में हालिया फॉर्म से कहीं बेहतर प्रदर्शन करना होगा। जून 2024 में भारत से फाइनल हारने के बाद साउथ अफ्रीका का सफर उतार-चढ़ाव भरा रहा है और टीम ने 32 मैचों में सिर्फ 12 जीत दर्ज की है। हालांकि वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप जीतने से उसका आत्मविश्वास बढ़ा है और यही भरोसा अब सीमित ओवरों में भी दिखाना होगा। कनाडा और साउथ अफ्रीका टी20 इंटरनैशनल में पहली बार एक-दूसरे के खिलाफ उतरेंगे।

SOCIAL MEDIA



साउथ अफ्रीकी पेसर कगिसो रबाडा

चोटिल डोनावन फेरेरा और टोनी डि जोर्जी की जगह रयान रिकेल्टन और ट्रिस्टान स्टब्स को मौका मिला है। बल्लेबाजी में क्विंटन डीकॉक और डेवाल्ड ब्रेविस से आक्रामक शुरुआत की उम्मीद रहेगी। गेंदबाजी में कागिसो रबाडा हमेशा की तरह अहम रहेंगे जबकि स्पिन विभाग की जिम्मेदारी केशव महाराज संभालेंगे। दूसरी ओर, कनाडा के पास हालिया मैच अभ्यास की कमी है, लेकिन क्वॉलिफिकेशन में अजेय रहते हुए टीम ने आत्मविश्वास हासिल किया है। युवा कप्तान दिलप्रीत बाजवा की अगुआई में कनाडा उलटफेर करने की कोशिश करेगा।

**टेलिकास्ट:** इटली-स्कॉटलैंड भिड़ंत सुबह 11 बजे से, ओमान-जिंबाब्वे भिड़ंत दोपहर 3 बजे से, कनाडा-साउथ अफ्रीका मैच शाम 7 बजे से
* सभी मुकाबले जियोहॉटस्टार और स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क पर

### इटली का वर्ल्ड कप डेब्यू

**कोलकाता:** फुटबॉल की महाशक्ति इटली की टीम आज टी20 वर्ल्ड कप के ऐतिहासिक डेब्यू मैच में स्कॉटलैंड का सामना करेगी। इसके साथ यह यूरोपियन टीम इंग्लैंड के बाद क्रिकेट वर्ल्ड कप में हिस्सा लेने वाली दूसरी फीफा चैंपियन बन जाएगी। इटली की टीम पिछले जुलाई में यूरोपीय क्षेत्रीय क्वॉलिफायर के जरिए टी20 टीम के टूर्नामेंट में जगह बनाकर क्रिकेट में एक अनोखा अध्याय लिख रही है। इटली का क्रिकेट इतिहास 1793 का है। ऐसे में उसके लिए यह क्वॉलिफिकेशन भूली हुई जड़ों की ओर एक दिलचस्प वापसी है।

### जिंबाब्वे की जंग ओमान से

**नई दिल्ली:** कोलंबो में जिंबाब्वे के खिलाफ ओमान आत्मविश्वास के साथ उतरेगा। ओमान और जिंबाब्वे एक-दूसरे के खिलाफ टूर्नामेंट के वॉर्म अप मैच में भी भिड़े थे, जहां ओमान ने बाजी मारी थी। इस मैच में टीम के कप्तान भारतीय मूल के जतिंदर सिंह ने 33 गेंद पर 55 रन की अहम पारी खेली थी। ओमान लगातार चौथे वर्ल्ड कप में भी हिस्सा ले रहा है, इस तथ्य के साथ भी उनका आत्मविश्वास बढ़ा हुआ होगा। दूसरी ओर, जिंबाब्वे कप्तान सिकंदर रजा की अगुआई में उतरेगी। क्वॉलिफायर में अजेय रहने के बाद जिंबाब्वे का टी20 फॉर्म उतार-चढ़ाव भरा रहा है।

## फटाफट खबरें

### सेना बनी चैंपियन

■ **धकुआखाना:** सेना ने 79वीं नैशनल फुटबॉल चैंपियनशिप संतोष ट्रॉफी के फाइनल में केरल को 1-0 से हराकर आठवीं बार खिताब अपने नाम किया। अतिरिक्त समय के 109वें मिनट में स्ट्राइकर अभिषेक पवार ने मुकाबले का निर्णायक गोल दागा। सेना इस सीजन डिफेंडिंग चैंपियन के रूप में उतरी थी।

### निरुपमा को गोल्ड

■ **मोदीनगर:** रेलवे की निरुपमा देवी ने नैशनल वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में सीनियर विमिंस 63 किलो वर्ग में दो नैशनल रेकॉर्ड के साथ गोल्ड मेडल जीता। निरुपमा ने कुल 221 किलो (स्नैच 94, क्लीन एंड जर्क 127) वजन उठाकर क्लीनजर्क और समग्र रेकॉर्ड तोड़े। असम की डिम्पिमोनी सोनोवाल को सिल्वर मिला। जूनियर वर्ग में ओडिशा की बिदुस्मिता भोई ने 3 नैशनल रेकॉर्ड बनाए।

### देविका बनी चैंपियन

■ **नई दिल्ली:** भारत की उभरती शटलर देविका सिहाग ने अजरबैजान इंटरनैशनल बैडमिंटन टूर्नामेंट में विमिंस सिंगल्स खिताब जीतकर इंटरनैशनल सर्किट पर लगातार दूसरा खिताब जीता। देविका ने फाइनल में नव्या कांडेरी को 21-10, 21-13 से हराया। मिक्स्ड डबल्स में सात्विक रेड्डी और राधिका शर्मा की जोड़ी ने खिताब जीता।

एशियन इंडोर ऐथलेटिक्स चैंपियनशिप

# तेजस्विन ने रेकॉर्ड के साथ जीता गोल्ड

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** एशियन गेम्स मेडलिस्ट तेजस्विन शंकर ने अपने करियर के सबसे बेहतरीन प्रदर्शन में से एक करते हुए चीन के तियानजिन में आयोजित 12वें एशियन इंडोर ऐथलेटिक्स चैंपियनशिप के हेप्टाथलन इवेंट में गोल्ड मेडल हासिल किया। उन्होंने इस दौरान 5993 पॉइंट्स के साथ नैशनल रेकॉर्ड को भी बेहतर किया। पिछला नैशनल रेकॉर्ड भी तेजस्विन (5650 अंक) के नाम ही था। हालांकि, तेजस्विन ने गोल्ड जीतने की खुशी के साथ 6000 पॉइंट्स का आंकड़ा सात अंक से चूकने का अफसोस भी जताया। तेजस्विन के अलावा पूजा ने हाई जंप में भारत का मान बढ़ाया। उन्होंने 1.87 मीटर की छलांग के साथ इस इवेंट में सिल्वर जीता।



तेजस्विन शंकर

# भांबरी-दक्षिणेश्वर की जीत, नागल फिर हारे

■ **एजेंसियां, बेंगलुरु:** युकी भांबरी और दक्षिणेश्वर सुरेश की डबल्स में जीत के बाद सिंगल्स में सुमित नागल की हार के बाद नीदरलैंड्स ने भारत के खिलाफ डेविस कप क्वॉलिफायर के पहले दौर में 2-2 की बराबरी कर ली है। दिन के पहले मैच में युकी दक्षिणेश्वर की भारतीय जोड़ी ने डबल्स मुकाबले में डेविड पेल और सैंडर एरेंड्स को 7-6, 3-6, 7-6 से हराकर भारत को 2-1 की बढ़त दिला दी थी। भारत के नंबर-1 मैंस सिंगल्स प्लेयर नागल से उम्मीद थी कि पहले दिन अपना मुकाबला गंवाने के बाद वह वापसी करेंगे और टीम को अजेय बढ़त दिला देंगे। रिवर्स सिंगल्स में नागल ने 7-5 से पहला सेट जीतकर ऐसा होने की उम्मीद भी दिलाई, लेकिन इसके बाद वह पिछड़ गए। पहले दिन दक्षिणेश्वर से मिली हार के बाद नीदरलैंड्स के नंबर-1 प्लेयर जेस्पर डी जोंग ने नागल के खिलाफ दूसरे सेट से लय हासिल की और मुकाबला 5-7, 6-1, 6-4 से जीत लिया।

डेविस कप क्वॉलिफायर




युकी (बाएं) और दक्षिणेश्वर

# कर्नाटक-मुंबई मैच रोमांचक मोड़ पर

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** मुंबई और कर्नाटक के बीच मुंबई के बीकेसी ग्राउंड में खेला जा रहा रणजी ट्रॉफी क्वॉर्टर फाइनल मुकाबला रोमांचक मोड़ पर पहुंच चुका है। सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए कर्नाटक को 212 रन की जरूरत है, जबकि मुंबई को आठ विकेट की दरकार है। स्टंप्स तक कर्नाटक ने 2 विकेट पर 113 रन बना लिए थे। केएल राहुल (60* रन) और कप्तान देवदत्त पडिक्कल (39 रन) ने 84 रन की साझेदारी कर टीम को संभाला। कर्नाटक की उम्मीदें राहुल और करुण नायर (9*) की जोड़ी पर टिकी होंगी।

इससे पूर्व, मुंबई ने तीसरे दिन की शुरुआत 189/2 के स्कोर से आगे खेलते हुए की। टीम ने आकाश आनंद (70 रन), तनुष कोटियान (48* रन) और तुषार देशपांडे (47 रन) की पारियों की बदौलत 377 रन बनाए।

रणजी का रण



FILE

केएल राहुल

# इलावेनिल-अर्जुन का गोल्ड पर लगा निशाना

■ **एजेंसियां, नई दिल्ली:** ओलिंपियन इलावेनिल वलारिवन और अर्जुन बबूता ने रविवार को एशियन चैंपियनशिप (राइफल और पिस्टल) में 10 मीटर एयर राइफल मिक्स्ड टीम इवेंट का गोल्ड मेडल अपने नाम किया। भारत की जीत की लय जारी रखते हुए हिमांशु ढिल्लों और शांभवी क्षीरसागर ने इसी स्पर्धा के जूनियर वर्ग में स्वर्ण जीता।

विमिंस की एयर राइफल स्पर्धा में शनिवार को गोल्ड जीत चुकी इलावेनिल ने चार टीम के फाइनल में 24 शॉट में 253.4 का स्कोर किया जबकि बबूता ने मेडल दौर में खराब शुरुआत के बाद शानदार वापसी करते हुए 251.6 अंक जुटाए जिससे जोड़ी ने गोल्ड मेडल जीता। इलावेनिल और बबूता ने मिलकर 505.0 अंक बनाए जिससे वे साउथ कोरिया की यूनजी क्वोन और किम वूरिम (501.0) से चार अंक आगे रहे जिन्हें सिल्वर मेडल मिला। जूनियर कैटिगरी में हिमांशु और शांभवी ने फाइनल में 502.4 का स्कोर बनाया जो एशियाई जूनियर रेकॉर्ड है। भारतीय जोड़ी ने कजाखस्तान की अलीना सतपायेवा और तामिरलान काबुलोव (488.6) से 13.8 अंक की बढ़त के साथ गोल्ड जीता।

एशियन शूटिंग चैंपियनशिप



Social Media

वलारिवन-अर्जुन की जोड़ी

# लवलीना को सोना, भारत को 9 गोल्ड

■ **एजेंसियां, ला नूसिया (स्पेन):** ओलिंपिक मेडलिस्ट लवलीना बोरगोहेन और पूर्व युवा वर्ल्ड चैंपियन अरुंधति चौधरी की अगुआई में भारत ने बॉक्सम एलीट इंटरनैशनल टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए नौ गोल्ड मेडल जीते। शनिवार को 7 एलीट महिला फाइनल में भारतीयों ने हिस्सा लिया। वहीं 54 किग्रा वर्ग का फाइनल दो भारतीयों के बीच हुआ। भारतीय महिलाओं ने प्रत्येक में गोल्ड जीता। लवलीना और अरुंधति के अलावा मंजू रानी (48 किग्रा), नीतू (51 किग्रा), पूनम (54 किग्रा) और प्रिया (60 किग्रा) ने अपने-अपने भारवर्ग में गोल्ड जीता। प्रीति को सिल्वर से संतोष करना पड़ा। पुरुषों के फाइनल में सचिन (60 किग्रा) और आकाश (75 किग्रा) ने स्वर्ण पदक जीते। 20 देशों के बीच भारत नौ गोल्ड, तीन सिल्वर और सात ब्रॉन्ज के साथ सबसे सफल रहा।



FILE

लवलीना

# टूर्नामेंट की बेस्ट टीम में सूर्यवंशी समेत 3 भारतीय



वर्ल्ड कप जीतने वाली टीम रविवार को भारत लौटी। मुंबई एयरपोर्ट पर चैंपियंस को देखने फैंस उमड़े

■ **एजेंसियां, मुंबई:** वैभव सूर्यवंशी को ICC की अंडर-19 वर्ल्ड कप की सर्वश्रेष्ठ टीम में शामिल किया गया है, जिसमें तीन भारतीय खिलाड़ियों को जगह मिली। इंग्लैंड के खिलाफ फाइनल में 80 गेंदों में 175 रन की विस्फोटक पारी खेलने वाले 14 वर्षीय सूर्यवंशी टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी भी चुने गए। उनके साथ कनिष्क चौहान और हेनिल पटेल को भी 12 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया। कनिष्क ने बल्ले और गेंद दोनों से निरंतर योगदान दिया, जबकि हेनिल के नाम 11 विकेट रहे। उपविजेता इंग्लैंड के भी तीन खिलाड़ी टीम में जगह बनाने में सफल रहे। टीम में अफगानिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, पाकिस्तान और वेस्टइंडीज के खिलाड़ियों को भी शामिल किया गया है।

**NOTE : -**

**[ : राजस्थान पत्रिका , दैनिक जागरण delhi, नवभारत टाइम्स delhi, अमर उजाला delhi, हिन्दुस्तान delhi, Pioneer hindi delhi, जनसत्ता delhi, ]**

**English NEWSPAPERS**
**[ Times Of India delhi, Indian Express delhi, The Hindu delhi, Financial Express delhi, economic times delhi , the Pioneer english delhi , the tribune delhi ] ETC.**

We are providing all news paper pdf hindi and English want to read daily newspapers by pdf please msg me on telegram

2. आकाशवाणी (AUDIO)

**whatsapp Group ka link pane ke liye Newspaper_pdf_bot par jaye.**

**Click here to contact:-https://t.me/Newspaper_pdf_bot**
**Or type in Search box of Telegram**
@Newspaper_pdf_bot And you will find a channel
**BACKUP GROUP LINK**
**https://t.me/joinchat/5P9EL1JaqoYzNTI1**

# Hindi-English News Paper Website:- onlineftp.in